* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 266

पीवीआर आइनॉक्स ने खाने-पीने के सामान की कीमत 40 प्रतिशत घटायी







## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने पदभार ग्रहण किया

# हमारा लक्ष्य बूथ जीतो, झारखंड जीतो और दिल्ली जीतो : मरांडी

- बाबूलाल मरांडी ने पूजा और हवन कर विधिवत पद संभाला
- स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पार्टी-संगठन के कार्यों को सबों के सहयोग से पूरा करेंगे। अब हमारा पहला लक्ष्य है कि बूथ कमेटी के बचे हुए कार्यों को पूर्ण करें। हमारा लक्ष्य बूथ जीतो, झारखंड जीतो और दिल्ली जीतो का है। बूथ जीतेंगे तो लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे। बाबूलाल शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष का विधिवत पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित स्नेह मिलन समारोह में बोल रहे थे।

**पूजा और हवन कर पद ग्रहण किया :** बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में पूजा और हवन कर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। हरमू स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। साथ ही उनको पगड़ी और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद कार्निवाल बैंकवेट हॉल में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत पार्टी के कई सांसद, विधायक, संगठन के पदाधिकारियों के अलावा जिलों के भी पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**फिलहाल निर्वतमान कमेटी ही काम करेगी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन पर जो भरोसा दिखाया है, उस पर वह सबों के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मरांडी ने निवर्तमान अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की सराहना करते कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने 16 जुलाई को 'टिफिन के साथ मीटिंग' कार्यक्रम में सभी विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिल कर काम करने को कहा। फिलहाल निवर्तमान कमेटी ही कार्य करती रहेगी।

**अत्याचार के खिलाफ हो संघर्ष :** बाबूलाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि अत्याचार के खिलाफ वे हर प्रयास करें। इसकी पूरी छूट प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वह उन्हें दे रहे हैं। किसी घटना पर कार्यकर्ता खुद सड़क पर उतरें, प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का इंतजार नहीं करें। उन्होंने हेमंत सरकार पर हमला बोलते कहा कि झारखंड की जनता को भाजपा पर भरोसा है। वर्तमान सरकार से जो उम्मीद जनता को थी, वह टूट गयी है। सब मिल कर अपने अपने क्षेत्रों में महाजनसंपर्क अभियान के साथ-साथ जनता के बीच जायें। इस सरकार के भ्रष्टाचार और पूर्व की झारखंड सरकार तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बतायें। झारखंड का गठन भाजपा ने किया, देश में पहली बार द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहली महिला राष्ट्रपति आदिवासी हैं। केंद्र सरकार में आठ से अधिक आदिवासी मंत्री हैं। यह सब भाजपा की देन है। भाजपा का विजन गरीब, किसान, युवा, दलित, महिला, बुजुर्गों को आगे लाने का है।



### झारखंड को लूट रही हेमंत सरकार

बाबूलाल ने कहा कि वर्तमान सरकार बालू, खनिज, जमीन को लूट रही है। अंचल, थाना, जिला में भ्रष्टाचार व्याप्त है। हमारा लक्ष्य सेवा ही समर्पण, सेवा ही संगठन का है। जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचे, कैसे उन्हें इसके लिए मदद दी जाये, भाजपा कार्यकर्ता इसकी भी जिम्मेदारी लेने को सामने आयें, तो इसका बड़ा असर होगा। वर्तमान के झारखंड की सरकार में लूट, भ्रष्टाचार व्याप्त है। देश में गैर भाजपा वाले प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। उन्होंने बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं का जिक्र किया।बिहार में पटना में भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज की घटना का भी जिक्र किया। मरांडी ने स्वामी विवेकानंद के मंत्र को दोहराते कहा कि कार्यकर्ता अपने उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, को बतायें।

## हेमंत सोरेन की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

# तीन आरोपियों पर पीआइ दर्ज करने की दी अनुमति

- कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में हुई थी गड़बड़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी और अनियमितता के मामले में आरोपियों के खिलाफ पीइ दर्ज करने की स्वीकृति दे दी है। इनमें कोडरमा के तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक पुरेंद्र विक्रम शाही और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार तथा सहायक धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। हजारीबाग के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दिनांक 27 जून 2019 को मामला दर्ज किया गया था।

गौरतलब है कि कोडरमा जिला अंतर्गत शिक्षक नियुक्ति मामले में पुरेन्द्र विक्रम शाही ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मरकच्चो एवं प्रधान सहायक अजीत कुमार और लिपिक श्री धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय (प्रतिनियुक्ति अपर समाहर्ता कार्यालय) की मिलीभगत से महिलाओं के लिए निर्धारित क्षैतिज आरक्षण का लाभ शिक्षण कार्य के लिए निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर देने, मेधा सूची में अंको की हेराफेरी कर चार अभ्यर्थियों का चयन करने, विज्ञापन की अनदेखी करते हुए नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक/मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक/ मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने और विभागीय अनुमति के बिना परीक्षण में सम्मिलित होकर उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कुछ पारा शिक्षकों की भी नियुक्ति करने का आरोप है। इस मामले में एसीबी ने वर्ष 2019 में दर्ज आइआर का सत्यापन करने के पश्चात विस्तृत जांच के लिए पीइ दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को इस पर अपनी स्वीकृति दे दी।

## न्यूज रील्स

### मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा पर रोक के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी। सूरत की सेशन कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल को सजा सुनायी थी, जिस पर गुजरात हाइकोर्ट ने 7 जुलाई को रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

### अडाणी समूह धारावी का करेगा कायाकल्प

मुंबई। एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी है धारावी। यहां करीब 10 लाख से अधिक लोग रहते हैं। उसकी तस्वीर अब बदलने वाली है। मुंबई के बीच में बसी इस झुग्गी बस्ती का कायाकल्प होने वाला है। उद्योगपति गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी समूह इसका पुनर्विकास करेगा।

### हेटस्पीच केस में आजम खान को दो साल की सजा

रामपुर। 2019 के हेटस्पीच मामले में सपा नेता आजम खान को दो साल की सजा सुनायी गयी है। शनिवार को रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आजम ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी सभा में सीएम और डीएम पर आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की थीं।

### अभिषेक बच्चन की सियासत में होगी एंट्री!

लखनऊ। इस बार लोकसभा चुनाव में बॉलिवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की राजनीति में कदम रखने की चर्चा तेज है। अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन इलाहाबाद से सांसद रह चुके हैं। वहीं उनकी मां जया बच्चन भी सपा से राज्यसभा सांसद हैं। अभिषेक बच्चन इलाहाबाद सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

### नड्डा ने चिराग और मांझी को भेजा न्योता

पटना। भाजपा ने लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी को औपचारिक रूप से एनडीए में शामिल होने का न्योता भेजा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें 18 जुलाई को दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## प्रधानमंत्री पहुंचे यूएइ, राष्ट्रपति ने बांधा फ्रेंडशिप बैंड

# भारत-यूएइ के संबंध पहले से काफी बेहतर हुए हैं : मोदी

- दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई

एजेंसी

**अबू धाबी।** फ्रांस के दो दिन के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के लिए यूएइ पहुंचे। यहां उन्हें सेरेमोनियल वेलकम दिया गया। यूएइ के राष्ट्रपति भवन 'कसर अल वतन' में उनका स्वागत राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की कलाई पर फ्रेंडशिप बैंड भी बांधा। इससे पहले अबु धाबी के एयरपोर्ट पर उन्हें यूएइ के क्राउन प्रिंस शेख खालिद ने रिसीव किया। प्रधानमंत्री के स्वागत में बुर्ज खलीफा पर तिरंगे और उनकी तस्वीर के साथ वेलकम ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी लिखा गया।



**आबु धाबी में खुलेगा आइआइटी दिल्ली का कैंपस :** दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई। इसके बाद साझा बयान में नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध पहले से काफी बेहतर हुए हैं। मोदी के दौरे पर भारत और यूएइ के बीच एक दूसरे की करेंसी में व्यापार करने पर समझौता भी हुआ है। साथ ही आबु धाबी में आइआइटी दिल्ली का कैंपस भी खोला जायेगा।

**साझेदारी को मजबूत करने के लिए नयी पहल हुई :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा बाइलैट्रल ट्रेड 20 फीसदी तक बढ़ा है। दोनों देशों के बीच का ट्रेड 85 अरब डॉलर यानी करीब 6 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुका है। ये जल्द ही 100 अरब डॉलर यानी 8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचेगा। हम अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नयी पहल कर रहे हैं।

# बीआइटी की समस्याओं के समाधान के लिए बनेगा सिंगल विंडो : हेमंत

- बीआइटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब भी मैं बीआइटी मेसरा के परिसर में आता हूं, अलग ही अहसास होता है। मैं आज यहां बतौर मुख्यमंत्री आपके समक्ष उपस्थित हूं। मैं यहां का छात्र भी रहा हूं। आज बीआइटी मेसरा के वाइस चांसलर मुझे चीफ मिनिस्टर साहब कह कर संबोधित कर रहे हैं। यह एक ऐसा अनुभव है, जिसको मैं स्वयं ही समझ सकता हूं। हमने ऐसा वक्त इस परिसर में बिताया है, जब हमारा देश एक बड़े रिफॉर्म्स की और बढ़ रहा था। सभी राज्य वासियों के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1952 में देश का यह तीसरा तकनीकी संस्थान झारखंड प्रदेश में स्थापित हुआ। मुख्यमंत्री शनिवार को बीआइटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर बीआइटी के वाइस चांसलर डॉ इंद्रनील मन्ना सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआइटी मेसरा देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान है। यह सौभाग्य की बात है कि आज एक छात्र होने के नाते भी मैं यहां पर हूं और यह कह सकता हूं कि आज एक गार्जियन के रूप में भी आप सभी के बीच में मौजूद हूं। दोनों जिम्मेवारी मुझे निभाने का मौका मिला है। मैं आज इस मंच से कहता हूं कि बीआइटी मेसरा से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान अवश्य होगा। इसके लिए राज्य सरकार सिंगल विंडो बनायेगी। उन्होंने सरकार द्वारा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की दिशा में उठाये जा रहे कदम से लोगों को अवगत कराया।



## डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2023)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें**

- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

**क्या नहीं करें**

- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
- शरीर को पूरी तरह न ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

104 डायल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 302426 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

# फिर सियासी रायता फैलाने की तैयारी में झारखंड कांग्रेस

## ■ विधायकों को निलंबित ही क्यों किया, फिर सदस्यता रद्द करने की मांग क्यों की!

## ■ इस तरह की कार्रवाई से कार्यकर्ता होते हैं निराश, घटती है पार्टी की साख

आजाद सिपाही विशेष

**देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने बड़ी मात्रा में नगदी के साथ पकड़े गये झारखंड के तीन विधायकों डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप के निलंबन को वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी ने यह फैसला इन तीनों विधायकों द्वारा दिये गये जवाब से संतुष्ट होकर किया है, हालांकि अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि इन्होंने जवाब में क्या कहा है। कांग्रेस का यह फैसला वास्तव में झारखंड के सियासी माहौल में रायता फैलाने जैसा ही है, क्योंकि कांग्रेस विधायक दल के नेता की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष से इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने की अपील की जा चुकी है और मामले की सुनवाई भी चल रही है। निलंबन वापसी के फैसले के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि इस मामले का क्या होगा। विधायक कैश कांड के नाम से चर्चित इस मामले का विधायी-न्यायिक पहलू चाहे कुछ भी, इसके सियासी मायने काफी महत्व रखते हैं। दरअसल झारखंड कांग्रेस के लिए यह मामला शुरू से ही 'सांप-छुछूंदर' जैसा था। पार्टी का एक खेमा इन विधायकों के खिलाफ एक्शन को लेकर जितना सक्रिय था, वहीं दूसरा खेमा इसके पीछे किसी बड़ी साजिश का संकेत कर रहा था। अब पार्टी नेतृत्व को महसूस होने लगा है कि इन तीन विधायकों के पार्टी से बाहर रहने के कारण उसकी राजनीतिक जमीन कमजोर होने लगी है, तब इनकी वापसी का फैसला लिया गया। कांग्रेस का यह फैसला उसके लगातार दरकते जनाधार को देख कर लिया गया महसूस होने लगा है, क्योंकि जिस हड़बड़ी में निलंबन का फैसला लिया गया, उसी तेजी से इसे वापस लेने का भी फैसला हुआ और यही बात कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होनेवाली है। कांग्रेस के इस फैसले का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

करीब एक साल पहले 30 जुलाई, 2022 को 49 लाख रुपये नगद के साथ पश्चिम बंगाल के हावड़ा में पकड़े गये झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप का निलंबन वापस लेने का फैसला कांग्रेस पार्टी ने किया है। पार्टी विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि इन तीनों विधायकों द्वारा रखे गये पक्ष को देखते हुए पार्टी ने उनका निलंबन वापस लेने का फैसला लिया है। लेकिन आलम ने यह नहीं बताया कि इन तीनों विधायकों ने अपनी सफाई में क्या कहा है। आलमगीर आलम की घोषणा के बाद यह सवाल भी उठने लगा है कि आखिर इन विधायकों का निलंबन ही क्यों किया गया था। सबसे मजेदार बात यह है कि इनके खिलाफ एफआइआर भी कांग्रेसियों ने ही किया था। निलंबन भी कांग्रेस ने किया और अब उठाने का फैसला भी कांग्रेस कर रही है।

पिछले साल जब ये विधायक नगदी के साथ पकड़े गये थे, तब कांग्रेस ने उन्हें निलंबित तो किया ही था, साथ ही उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास अपील भी की थी। यह अपील अब भी स्पीकर के पास लंबित है। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस उस अपील पर क्या स्टैंड लेगी या स्पीकर उस पर कब फैसला सुनायेंगे। न्यायिक-विधायी पहलुओं को छोड़ भी दें, तो इन विधायकों की निलंबन वापसी का फैसला झारखंड कांग्रेस के ढुलमुल रवैये को ही दर्शाता है। इससे कांग्रेस की जगहंसाई भी हो रही है।

### क्या है पूरा मामला

पहले जानते हैं कि यह पूरा मामला क्या है। झारखंड के तीन विधायक, जामताड़ा के डॉ इरफान अंसारी, कोलेबिरा के नमन विक्सल कोंगाड़ी और खिजरी के राजेश कच्छप को 30 जुलाई को हावड़ा के पास 49 लाख रुपये नगद के साथ पकड़ा गया। ये तीनों एक गाड़ी से झारखंड लौट रहे थे। उस वक्त इन्होंने कहा था कि वे विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर बांटने के लिए साड़ी खरीदने कोलकाता गये थे और रकम उन्होंने चंदा से एकत्र की थी। बाद में इन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इन्हें कोलकाता हाइकोर्ट से जमानत मिली और ये झारखंड लौटे। लेकिन इस बीच कांग्रेस की तरफ से दावा किया गया कि इन तीनों विधायकों को झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को गिराने की साजिश में शामिल किया गया और इन्हें गुवाहाटी में एक 'सियासी ताकत' ने यह रकम दी है। कहा गया कि असम के मुख्यमंत्री ने इन विधायकों को तोड़ने के लिए यह सारा कुछ किया। इसी दावे के आधार पर इन तीनों को पार्टी से निलंबित कर दिया गया। बाद में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने स्पीकर को पत्र भेज कर इनकी सदस्यता रद्द करने की अपील कर दी।



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, शिल्पी नेहा तिर्की और दूसरे नेताओं ने इस पूरे मामले को 'ऑपरेशन लोटस' का हिस्सा बताते हुए इन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई को सही बताया। इतना ही नहीं, कांग्रेस के ही एक अन्य विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनुप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी कि उन्हें राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए प्रलोभन दिया जा रहा है। बाद में इस जीरो एफआइआर को कोलकाता पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया।

### क्यों लिया गया निलंबन वापसी का फैसला

कांग्रेस आलाकमान ने तीनों विधायकों के निलंबन को वापस लेने का फैसला उनके द्वारा रखे गये पक्ष की समीक्षा करने के बाद लिया है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू के साथ दिल्ली में पार्टी के वरीय नेताओं से बातचीत की थी। वहीं उन्होंने प्रदेश स्तर पर भी अपना पक्ष रखा था। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान को सारी परिस्थितियों से अवगत कराया। तब निलंबन को वापस लेने का फैसला लिया गया।

### कांग्रेस नेतृत्व के सामने सवाल

निलंबन वापसी के इस फैसले के बाद अब कांग्रेस नेतृत्व के सामने यह सवाल उठने लगा है कि यदि वापस ही लेना था, तो इतनी हड़बड़ी में बिना जांच किये उन्हें निलंबित ही क्यों किया। विधानसभाध्यक्ष के पास उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग क्यों की गयी? इतना ही नहीं, अब विधानसभा अध्यक्ष के सामने लंबित उस अपील पर कांग्रेस का स्टैंड क्या होगा, जिसमें इन तीनों विधायकों की सदस्यता खत्म करने का अनुरोध किया गया था। इतना ही नहीं, शुरू से ही इन तीन विधायकों का समर्थन करनेवाले कांग्रेसियों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व को पहले ही पूरी असलियत का पता था। अब जब चुनाव सामने है और पार्टी के सामने सीट बचाने की चुनौती आ गयी है, तब आनन-फानन में इस तरह का फैसला किया जा रहा है।

### फैसले के पीछे राजनीतिक कारण

दरअसल, पिछले कुछ दिन से हेमंत सोरेन कैबिनेट में फेरबदल के साथ-साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी में भी बदलाव की चर्चा हो रही है। झारखंड कांग्रेस के कई पदाधिकारियों और विधायकों ने दिल्ली जाकर कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात की है। पार्टी आलाकमान भी कैबिनेट में शामिल अपने मंत्रियों को बदले जाने को अंतिम रूप देने पर चर्चा कर रहा है। हेमंत कैबिनेट में झारखंड कोटे से चार मंत्री हैं। इनमें आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरांव, बादल और बन्ना गुप्ता शामिल हैं। इनमें से कम से कम तीन को बदलने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी बदले जाने की चर्चा चल रही है। उनके स्थान पर काली चरण मुंडा, बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय या किसी अन्य को कमान सौंपी जा सकती है। कहा जा रहा है कि हटाये जानेवाले मंत्रियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इन तीन विधायकों के साथ उनके समर्थन में खड़े दूसरे विधायकों-नेताओं को अपने पाले में करने के लिए ही उनकी वापसी का माहौल बनाया है।

### झारखंड कांग्रेस की अंदरूनी हालत

इस पूरे प्रकरण के बाद झारखंड कांग्रेस की अंदरूनी हालत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इसलिए एक सवाल यह भी अब चर्चा में आ गया है कि आखिर कांग्रेस इस तरह का सियासी रायता क्यों फैलाती है। यह सवाल झारखंड के संदर्भ में जितना मौजूं है, उतना ही देश की सियासत के संदर्भ में महत्वपूर्ण भी। 2014 के आम चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद से कांग्रेस का प्रदर्शन कुछेक अपवादों को छोड़ कर लगातार नीचे ही जा रहा है। इन अपवादों में झारखंड भी है, जहां 2019 के विधानसभा चुनाव में उसने 16 सीटें जीती थी और गठबंधन की सरकार में लगभग बराबर की साझीदार बनी थी। लेकिन ढाई साल बाद ही कांग्रेस विधायकों में बिखराव शुरू हो गया। उपचुनाव में वह रामगढ़ सीट भी हार गयी और अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि झारखंड में इस सियासी उठापटक की जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है। साढ़े छह दशक तक भारत के सियासी फलक पर किसी सूर्य की तरह चमकनेवाली पार्टी आज इस दयनीय स्थिति में क्यों पहुंच गयी है कि हर कोई उसे कोसने लगता है। जहां कहीं विधायकों के टूटने की बात होती है, सबसे पहले कांग्रेस के विधायक ही टूटने के लिए तैयार दिखते हैं।

झारखंड को एक पल के लिए छोड़ भी दें, तो यह महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस ने 2018 के बाद से हिमाचल और कर्नाटक के अलावा चुनावी महत्व की लगभग कोई जीत नहीं हासिल की है। केरल में इसने वाम दलों को अभूतपूर्व ढंग से लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस आने दिया। पश्चिम बंगाल में इसकी हालत और पतली हुई। हरियाणा और मणिपुर में वह फिर से सत्ता हासिल करने में विफल रही। पंजाब के अपने मजबूत किले में इसका सफाया ही हो गया।

कांग्रेस का यह नकारात्मक प्रदर्शन वास्तव में कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। एक तो यह पार्टी की भयंकर अक्षमता को उजागर करता है, जो इस यकीन से पैदा होती है कि आपको विरासत में इतनी ताकत मिली है कि आपकी नाकामियों के लिए कोई भी आपको जवाबदेह नहीं ठहरा सकता। दूसरी बात यह कि आपके लिए पार्टी हित से ज्यादा महत्वपूर्ण है आपकी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद। और तीसरी बात यह कि भयंकर भूल करने के बाद भी आपको सुधार करने या खोयी हुई जमीन को वापस हासिल करने की कोशिश करना जरूरी नहीं लगता। यह ऐसा ही है, जैसे आप यह मान बैठे हों कि हमने अपना घर ढहाने का इतना शानदार काम कर दिया है कि उधर मुड़ कर देखने की जहमत क्यों की जाये। इसका नतीजा यह है कि कांग्रेस में नेतृत्व पर कोई सवाल नहीं उठाया जाता। जो सवाल उठाते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है और बाहर जाते हुए उन्हें वफादारों के हमलों का सामना करना पड़ता है। जो टिके रहते हैं, वे चारे के रूप में राज्यसभा सीट हासिल करने की कोशिश करते हैं, जो अब भी उपलब्ध हो सकती है।

कांग्रेस के लिए अब भी वक्त है संभलने का। उसे अपने संगठन पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। इसके लिए स्थानीय नेतृत्व को सामने लाना होगा, जो कम से कम पार्टी के लिए स्टैंड ले सके। जब तक ऐसा नहीं होता, कांग्रेस अपने क्षरण की इस राह पर लगातार आगे बढ़ती रहेगी।

---

## पुलिसकर्मियों से परीक्षा पास कराने के नाम पर 50 लाख की वसूली का आरोप

# डीजीपी ने कहा-होगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक पुलिसकर्मी ने परीक्षा पास कराने के नाम पर पुलिसकर्मियों से 50 लाख की वसूली करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पुलिसकर्मी कुंदन कुमार ने डीजीपी समेत झारखंड पुलिस के कई वरीय अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की है। डीजीपी को दी गयी लिखित शिकायत में कहा गया है कि 26 जून को विस्थापित भवन धुर्वा में सिपाही से एएसआइ की प्रोन्नति के लिए हुई परीक्षा में ए कंपनी के चेस्ट नं. 77 और बी कंपनी के चेस्ट नं. 96 ने करीब 50 लाख रुपये (प्रति व्यक्ति 15 हजार की दर) की वसूली की है।

### राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दिया गया पैसा

शिकायत पत्र में कहा गया है कि हाल ही में राजभवन के गेट नंबर 1 पर सुशांतो घोष नामक व्यक्ति को परीक्षा में पास कराने के नाम पर पैसा दिया गया। वह व्यक्ति गवर्नर हाउस का बड़ा पदाधिकारी है, जिसने डीजीपी को कह कर सबको पास कराने की बात कही। शिकायत में सुशांतो घोष का मोबाइल नंबी भी लिखा है। आगे लिखा है कि राजभवन स्थित गेट नं. 1 के सीसीटीवी में सभी की तस्वीर भी कैद हुई है, लेकिन जैसे ही सुशांतो घोष को पता चला कि सीसीटीवी लगा हुआ है, तो वहां से भाग गया और फोन भी नहीं उठाया। सुशांतो घोष बंगला में पी दास से बात कर रहा था और ऐसा लग रहा था कि दोनों पहले से परिचित हैं। बी कंपनी का पी दास बोल रहा था कि सुशांतो घोष गवर्नर हाउस का आदमी है। उसके बाद झोले में रखे पैसे को सुशांतो घोष को दे दिये।



### शिकायत कर जांच की मांग की

कुंदन कुमार ने शिकायत में बी कंपनी चेस्ट नं. 91 आरक्षी 101 जामताड़ा जिला बल के पी दास के मोबाइल नंबर, सुशांतो घोष के और शिव गोप के मोबाइल नंबर से 26 जुलाई का कॉल डिटेल निकालकर जांच करने की मांग की। कहा कि 26 जून को शाम में तीन बजे के बाद सुशांतो घोष का मोबाइल लोकेशन निकालने पर राजभवन गेट नं. 1 के हॉल और मछली घर के पास पाया जायेगा। क्योंकि पैसे का लेनदेन यहीं हुआ है।

### मामले की होगी जांच : डीजीपी

इस मामले में डीजीपी अजय कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहां कि मामले की जांच होगी।

---

## सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

# अभ्यर्थियों से मोटी रकम ऐंठता था, पुलिस ने एक को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में सेना में नौकरी दिलाने का लालच देकर पैसा वसूलने वाले आरोपी का खुलासा हुआ है। आर्मी इंटेलिजेंस और नामकुम पुलिस ने सेना में भर्ती के नाम पर वसूली करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस को भारी मात्रा में मार्कशीट, मेडिकल कार्ड, गोपनीय दस्तावेज समेत कई अन्य प्रमाण पत्र मिले हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। साथ ही पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाशी में लग गयी है।

### सदर अस्पताल परिसर में दो पकड़ाये

मामले की जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आइपीएस रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गये आरोपी प्रत्येक अभ्यर्थी से बहाली के नाम पर 50 हजार लिया करता था। उन्होंने बताया कि आर्मी इंटेलिजेंस की टीम ने सदर अस्पताल परिसर में दो युवक को पकड़ा है, जिनका नाम नकुल कुमार चौधरी और राजदेव महथा है। पुलिस के पूछने पर उन्होंने बताया कि दोनों अपने रिश्तेदार की सेना में भर्ती कराने के लिए मेडिकल जांच के लिए पहुंचे हैं। पुलिस को उन पर शक हुआ तो उनकी तलाशी ली। दोनों के पास से सेना में भर्ती के दस्तावेज भी मिले हैं।

### गिरोह में शामिल हो सकते हैं आर्मी के लोग

पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वे अपने रिश्तेदार की सेना भर्ती कराने के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने उनके रातू स्थित घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस की टीम ने दर्जनों अभ्यर्थियों के मार्कशीट समेत कई चीजें बरामद की। प्रशिक्षु आइपीएस ने बताया कि आर्मी इनपुट में संभावना जतायी जा रही थी कि मामले में सेना के लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

---

# पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नियों से पूछताछ करेगी इडी

**निवेश को लेकर हो सकता है खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी से इडी पूछताछ करेगी। इडी के अधिकारी दोनों से जेल में पूछताछ करेंगे। रांची पीएमएलए कोर्ट ने दो दिनों की पूछताछ की अनुमति दी है। बता दें कि एनआइए की विशेष टीम ने दिनेश गोप की दोनों पत्नियों को कोलकाता से लाखों रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद से दोनों न्यायिक हिरासत में हैं।



**दिनेश गोप ने लेवी के पैसों के निवेश की नहीं दी सही जानकारी**

दरअसल पिछले दिनों इडी ने दिनेश गोप से पूछताछ की थी, लेकिन अब तक की पूछताछ में उसने लेवी के पैसों के निवेश की सही जानकारी एजेंसी को नहीं दी है। इसलिए इडी अब उसकी पत्नियों से पूछताछ करेगी। नबतर इें कि दिनेश गोप को इडी ने मई माह में भूटान और भारत की सीमा से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है।

---

# नकली पेड़ा निर्माण को लेकर छह दुकानदारों पर एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** बासुकीनाथ श्रावणी मेला में नकली पेड़ा निर्माण को लेकर कुल छह दुकानदारों पर जरमुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इस संदर्भ में जरमुंडी सीओ राजकुमार प्रसाद ने जरमुंडी थाना में मामला दर्ज कराया। जिसमें आरोपी दुकानदारों पर स्टार्च, स्किम्ड मिल्क पाउडर, पाम आयल के मिश्रण से नकली पेड़ा का निर्माण किये जाने व इसे बाजार में श्रद्धालुओं के बीच बेचे जाने का आरोप है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इस नकली पेड़ा का सेवन मानव जीवन के लिए खतरा बताया गया था। इस संदर्भ में जरमुंडी अंचलाधिकारी के बयान पर श्रावणी मेला क्षेत्र के सुभाष यादव के दुकान से 250 किलोग्राम पेड़ा, नकुल मंडल के दुकान से 200 किलोग्राम पेड़ा, सुनील साह के दुकान से 120 किलोग्राम पेड़ा, शिबू साह के दुकान से 300 किलोग्राम पेड़ा, अरुण मंडल के दुकान से 1600 किलोग्राम पेड़ा एवं सुभाष गुप्ता के दुकान से 2500 किलोग्राम पेड़ा जब्त कर नष्ट किया गया। इन दुकानदारों के द्वारा बड़े पैमाने पर मिलावटी व नकली पेड़ा बेचने का साक्ष्य प्राप्त हुआ।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.0 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |



## बाबूलाल के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के अवसर पर पार्टी ने आयोजित किया भव्य स्नेह मिलन समारोह

# सभी कार्यकर्ता बाबूलाल के नेतृत्व में संघर्ष करेंगे : लक्ष्मी कांत वाजपेयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पदभार ग्रहण पर पार्टी ने भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे। इसमें कोर कमेटी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी सहित विभिन्न जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल से संबंधित सांगठनिक गतिविधियों की पुस्तिका का विमोचन हुआ। वहीं संथाल समाज के धर्म गुरुओं, पाहन ने श्री मरांडी को मंच पर आशीर्वाद दिया। मुंडा, उरांव, बेदिया, घासी, सरना समाज के लोगों ने स्नेह मिलन समारोह में बाबूलाल मरांडी का अभिनंदन किया। समारोह में झारखंड प्रभारी लक्ष्मी कांत वाजपेयी ने कहा कि सभी को एक न एक दिन पूर्व होना है। कार्यकर्ता कभी पूर्व नहीं होता है। वर्तमान में कार्य कर रहे लोगों के मन में कार्यकर्ता भाव जिंदा रहे और साथ के कार्यकर्ताओं के प्रति परिवार जैसा अपनत्व बना रहे तो संगठन भी जिंदा रहेगा और पूर्व होने पर कष्ट भी नहीं होगा। परिवर्तन स्वाभाविक प्रक्रिया है जो आज बाबूलाल मरांडी के रूप में है। बाबूलाल के नाम की घोषणा होने के बाद से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उनके नेतृत्व में हम सभी को काम करना है। श्री मरांडी का साफ संदेश है कि प्रदेश में होने वाले किसी भी जनविरोधी कार्य के लिए प्रदेश नेतृत्व के आदेश का इंतजार किये बिना आंदोलन पर उतर जाना है। 2024 लोकसभा और विधानसभा का चुनाव है और भारतीय जनता पार्टी के लिए झारखंड बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि अकेले चलने की बजाय सामूहिकता की आदत डालिए। साथ ही अन्याय को बर्दाश्त नहीं करते हुए तुरंत संघर्ष से जवाब देने की बात कही। लोकसभा फतह और फिर विधानसभा चुनाव जीतना है। इस अनाचारी, भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम नेता नहीं कार्यकर्ता करेंगे। नेता का मार्गदर्शन होगा। बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मंत्र को आत्मसात कीजिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में तन-मन-धन और लाठी-डंडा से संघर्ष करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने किया।

### दायित्व परिवर्तनशील, बाबूलाल विधिवत हुए प्रदेश अध्यक्ष : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हर संगठन का एक क्रम है। दायित्व परिवर्तनशील है। हर कार्यकाल की अपनी एक सीमा होती है। 3 वर्षों तक संगठन और पार्टी की शक्ति को बढ़ाने का काम दीपक प्रकाश के साथ हम सबों ने किया है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनावी मोड में रहती है। श्री सिंह ने कहा कि आज से विधिवत रूप से बाबूलाल मरांडी अध्यक्ष हैं। हम सबों को स्नेह मिलन के नाम को सार्थक करना है और झारखंड में कमल खिलाना है। 16 जुलाई को सभी जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद, सभी जिला अध्यक्ष, प्रत्याशी को पुराने कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक करना है। शक्ति केंद्रों के संयोजक, मंडलों के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री जिला के पदाधिकारी अपना भोजन लेकर आयेंगे और बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद फोटो भी अपलोड करना है। बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मंत्र के लिए बूथ सशक्तिकरण का काम पार्टी द्वारा किया गया है। 22000 बूथों पर का काम पूरा हो चुका है। 29464 बूथ हैं। जिसमें 31 की कार्यकारिणी है। 25 जुलाई तक सभी अधूरे बूथों का काम पूरा कर लेना है। महाजनसंपर्क अभियान अभी जारी रहेगा।

### एक कार्यकर्ता के रूप में सदैव रहूंगा खड़ा : दीपक प्रकाश

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अब हम सबों के अगुआ हैं, नेतृत्वकर्ता हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में सदैव खड़ा रहूंगा। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि बाबूलाल मरांडी जैसा अध्यक्ष हम सभी को मिला है। जिनके पास संगठन चलाने, नेतृत्व करने सहित राज्य सरकार के कुशासन से मुकाबला करने की असीमित क्षमता है। भावी चुनावों को अवसर में बदलने का काम उनके नेतृत्व में एक-एक कार्यकर्ता करके लोकसभा की सभी 14 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने का काम करेंगे। वहीं विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन सरकार को उखाड़ कर यहां कमल खिलाने में एक-एक कार्यकर्ता जी जान लगा देंगे। श्री प्रकाश ने कहा कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष जैसा पद देकर पुनः बता दिया कि भाजपा ही एक ऐसा एकमात्र दल है जो किसी साधारण कार्यकर्ता को भी ऐसा सम्मान दे सकती है। उन्होंने कहा कि वे कल भी कार्यकर्ता थे, आज भी कार्यकर्ता हैं और सदैव एक कार्यकर्ता रहेंगे। श्री प्रकाश ने अपने कार्यकाल के दौरान किसी कार्यकर्ता को अपनी बातों से जाने अनजाने लगे ठेस के लिए हाथ जोड़कर माफी भी मांगी। इस दौरान वे भावुक भी हुए।

### सभी को साथ लेकर आप आगे बढ़ें और पार्टी को लक्ष्य तक पहुंचायें: कड़िया मुंडा

वरिष्ठ भाजपा नेता कड़िया मुंडा ने कहा कि आज भाषण का दिन नहीं है। आज बाबूलाल को आशीर्वाद और स्नेह देने का दिन है। बाबूलाल को संगठन से लेकर सरकार चलाने तक का सभी अनुभव है। इनमें अनुभव की कोई कमी नहीं है। तपे हुए हैं, उतार चढ़ाव भी देखा है, कहीं कोई कमी नहीं है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने आग्रह किया कि सभी बाबूलाल को सहयोग करें। साथ ही उन्होंने बाबूलाल को भी सुझाव देते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर आप आगे बढ़ें और पार्टी के लक्ष्य तक पहुंचने का काम करें। चुनाव का समय आ रहा है। आज से ही उस दृष्टिकोण से कैसे किस कार्यकर्ता को जोड़ना है इसकी चिंता शुरू हो।

### बाबूलाल को लंबा अनुभव और कुशल संगठनकर्ता भी हैं : समीर उरांव

एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी पार्टी के लिए नये नहीं हैं। जब झारखंड गठन के पूर्व भाजपा अपना विस्तार कर रही थी तब से इन्होंने पार्टी को सींचा है, आगे बढ़ाया है। इनको लंबा अनुभव रहा है। कुशल संगठनकर्ता हैं। राज्य के एक-एक प्रखंड तक पहुंचे हुए नेता हैं। कहीं भी कोई समस्या हो, घटना होती है, सबसे पहले बाबूलाल मरांडी पहुंचने का काम करते हैं। भाजपा के संघर्ष का लंबा इतिहास है। आज संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। इनके नेतृत्व में और सभी कार्यकर्ताओं के स्नेह से झारखंड में भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प हम सब दुहराते हैं।

### बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा परचम लहरायेगी : अन्नपूर्णा

केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाबूलाल से हम सभी वाकिफ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा ने श्री मरांडी पर जो विश्वास जताया है। 2024 में निश्चित रूप से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी परचम लहरायेगी। डबल इंजन की सरकार बनेगी। आपके संघर्ष, आपकी क्षमता, कार्यकर्ताओं के प्रति आपका स्नेह हम सभी जानते हैं। आप एक कुशल संगठनकर्ता हैं। जब कभी भी बोलेंगे पार्टी हित में कोडरमा लोकसभा की ओर से पूरा सहयोग हम सबों का रहेगा। आपके नेतृत्व में पार्टी और झारखंड निरंतर आगे बढ़े यही शुभकामना है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा, लोगों से संबंध अच्छे होंगे।
- **वृष** — आमदनी में वृद्धि, धर्म-कर्म में रूचि, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — विपरीत स्थितियों में सुधार, हर क्षेत्र में सफलता, पारिवारिक सुख।
- **कर्क** — आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है, नयी कार्य की योजना बनेगी।
- **सिंह** — विरोधियों पर विजय, आर्थिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** — रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी, धन लाभ होगा।
- **तुला** — सुख-दु:ख की समानता, पारिवारिक उलझन, स्वास्थ्य बाधा, आर्थिक परेशानी।
- **वृश्चिक** — आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा, मनोकामना पूरी होगी।
- **धनु** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, अधिकारियों का सहयोग, यशस्वी कार्य करने का अवसर।
- **मकर** — घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।
- **कुंभ** — कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, नौकरी में बदलाव होगा।
- **मीन** — नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

## बाबूलाल के पदभार ग्रहण समारोह में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह








**डिबडीह स्थित कार्निवाल हॉल में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में हजारों कार्यकर्ता पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद श्री मरांडी, पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए डिबडीह स्थित कार्निवाल हॉल में स्नेह मिलन समारोह में शामिल होने के लिए चले गये। यहां पर हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता अपने नेता के स्वागत के लिए खड़े थे। ढोल-नगाड़ों की आवाज से पूरा इलाका गूंज रहा था। कार्यकर्ताओं के द्वारा कभी होली तो कभी दीपावली सा त्यौहार मनाया जा रहा था। कार्यकर्ताओं की इतनी भीड़ थी कि कार्निवाल हॉल का दरवाजा भी कार्यकर्ताओं के लिए बंद करना पड़ा ।

### बाबूलाल मरांडी सर्वमान्य नेता : राजीव रंजन मिश्रा

भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झारखंड के सर्वमान्य नेता हैं। लोग उन्हें प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में काम करते हुए देख चुके हैं। 2024 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव झारखंड में होने हैं। पार्टी उनके नेतृत्व में बेहतर काम करेगी।

### झारखंड में भाजपा बनायेगी सरकार : रमेश सिंह

भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।

आज उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर पदभार ग्रहण किया है, बस इतने भर से ही झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का अनुभव हर कोई कर सकते हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह: केके गुप्ता

भाजपा के रांची जिला अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि जिस दिन से पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुना है पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखायी देने लगा है। आज इस कार्निवाल हॉल में जो उत्साह हम सभी देख रहे हैं, यही हाल पूरे राज्य का है।

### बाबूलाल के नेतृत्व में पार्टी विरोधियों को देगी जवाब: अमर बाउरी

चंदनक्यारी विधायक सह पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी का उत्साह देख कर आप समझ सकते हैं कि आने वाले समय में पार्टी उनके नेतृत्व में विरोधियों को जवाब देगी।

### पार्टी 2024 में अपना आगाज करेगी : समरी लाल

कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के आने से पार्टी पहले के मुकाबले और धारदार बनेगी । पार्टी के कार्यकर्ताओं सें एक नया जोश अभी से देखने को मिल रहा है। नये जोश के साथ पार्टी 2024 का अगाज करेगी।

## राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजवन में मुलाकात की। राजभवन ने बताया कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात थी। बता दें कि पिछले दिनों झारखंड मंत्रालय की बैठक में विधानसभा का मॉनसून सत्र 28 जुलाई से आहूत किया गया है। सदन आहूत होने के बाद इसकी जानकारी राज्यपाल को दी जाती है।



### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर झामुमो का तंज, कहा-

## क्या भाजपा के पास एक भी व्यक्ति नहीं जो प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सके: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा पर तंज कसते हुए श्री भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे नेता के हाथों में पार्टी की कमान सौंपी है, जो 2019 के बाद विधायक दल का नेता तक नहीं बन पाया। उन्होंने पूछा कि क्या विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली भाजपा के पास संगठन का एक भी व्यक्ति नहीं, जिसे प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सके। श्री भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा के स्नेह मिलन पर कहा कि कितना स्नेह है लोगों के अंदर, ये गौर करने वाली बात है। भाजपा



के लोग आदिवासी सम्मान की बात करते हैं लेकिन मध्य प्रदेश के सीधी की बात करना भूल गये। भट्टाचार्य ने कहा कि पटना में विधानसभा का घेराव करने वाले भाजपा नेता पुलिस पर मिर्ची का पाउडर फेंकते हैं और लाठीचार्ज होता है। भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी एनसीपी को नेशनल करप्ट पार्टी कहते हैं। बिना नाम लिये मुख्य अभियुक्त को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बनाया जाता है। सिंचाई घोटाला, कृषि घोटाला और तमाम घोटाले वाले विभाग का जिम्मा टूटे हुए एनसीपी के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के पहले दिन ही बाबूलाल को अंदर से डर लग रहा है। बकोरिया गोलीकांड, तपकरा गोलीकांड और मुरहू गोली कांड पर अब बाबूलाल नहीं बोलेंगे। डोमिसाइल आंदोलन में बाबूलाल मरांडी ने माचिस लगाने का काम किया था। तीन आदिवासी युवकों की मौत हुई थी। इसका खुलासा भी 24 जुलाई को हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का हाल 2009 और 2004 की तरह होने वाली है। केवल एक सीट कोडरमा भाजपा के पास थी। 13 सीट हमारी थी। 2024 में एक भी सीट भाजपा नहीं जितेगी। बाबूलाल सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



# पासवा ने 2000 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित कर इतिहास रचा

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग ।** प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आज दिनांक 15 जुलाई 2023 शनिवार को हजारीबाग स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में एक साथ 2 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित कर इतिहास रचने का काम किया। सीबीएसइ, आइसीएसइ और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10 वीं तथा 12वीं की परीक्षाओं के टॉपर और 80% से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को राज्य के वित्त मंत्री व पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी सुश्री फलक फातिमा, पासवा उपाध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार,संजय प्रसाद,प्रवीण प्रकाश और अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। झारखंड में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में किसी एक जिले में एक साथ 2 हजार से अधिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं तथा 12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले 10वीं और 12वीं दोनों के टॉपरों को नगद राशि और मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि 80% तथा उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले भर से 100 से अधिक प्रिंसिपल और डायरेक्टर भी मौजूद थे जिन्हें मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सुबह से ही छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक खेल गांव स्टेडियम में पहुंचे थे। उनकी सहायता के लिए पासवा ने 10 हेल्पलाइन डेस्क बनाए गये थे जहां छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे थे। इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पासवा की ओर से इस तरह का आयोजन कर जिले के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष रुप से वैसे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित करना है जो टॉप तो नहीं कर सके किन्तु उनमें भी प्रतिभा छिपी हुई है और उनकी सफलता को किसी मायने में कम नहीं आंका जाना चाहिए और वह बच्चे भविष्य में आगे चलकर नए कीर्तिमान गढ़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में टॉपर तो सम्मानित होते हैं लेकिन विभिन्न कारणों से जो विद्यार्थी कुछ अंक लाने से टॉपर बनने से चूक जाते हैं उनको हौसला भी बढ़ाना आवश्यक है ताकि भविष्य में वह बच्चे भी टॉपर बन सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कुद और शारीरिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि झारखंड के बच्चे खेलकूद में भी राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं और बच्चों को भी इस दिशा में भी प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा पढ़ाई सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं वरन उसके साथ साथ बच्चे सामान्य ज्ञान पर भी ध्यान दें और प्रतियोगी परीक्षा में सफल हों। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था कि कुछ गिने-चुने राज्य ही सिविल सर्विसेज में सफलता का परचम लहरा रहे थे किंतु आज झारखंड भी किसी से पीछे नहीं है। यहां की बच्चों से इस विषय में भी सफलता की उम्मीद की जा सकती है।विद्यालयों के प्राचार्य से उन्होंने खेलकूद के साथ-साथ मॉर्निंग असेंबली में न्यूज के वाचन पर भी बल दिया। संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर चर्चा करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को अपने बच्चों को महीने दो महीने में संविधान की प्रस्तावना की शिक्षा देनी चाहिए एवं संविधान के मूल्यों को स्थापित करवाना चाहिए। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने कहा पासवा ने जिस तरह संगठन में छात्रों ,अभिभावकों, शिक्षकों और निजी विद्यालय के संचालकों की परेशानी को दूर करने की आवाज उठाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का कार्य किया है काबिले तारीफ है। संगठन पिछले 23 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य कर रहा है लेकिन पहली बार इतनी बड़े पैमाने पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है, संभवतः विद्यार्थियों को सम्मानित करने का यह जिले का सबसे बड़ा आयोजन है। उन्होंने कहा पासवा के समान समारोह का बच्चों और अभिभावकों दोनों का इंतजार रहता है, बच्चे और अभिभावक 9 वें कक्षा से ही अपनी तैयारी करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि सम्मान से बच्चों के हौसलों को नये पंख मिलते हैं। छात्र जीवन में सम्मान देने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है । पासवा ने इतने बड़े सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रों के जीवन में नया पंख लगाने का कार्य किया है। निश्चित रूप से इस तरह के सम्मान से बच्चों में आगे बढ़ने की इच्छा बढ़ेगी और इस तरह के प्रोत्साहन से बच्चे सफलता के नये आयाम स्थापित करेंगे।

पासवा महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने कहा आज लड़कियां किसी से भी कम नहीं हैं,जिस तरह सामाजिक कार्यों के लिए मुझे राष्ट्रपति के हाथों सम्मान हासिल हुआ है आपको भी ऐसे अवसर जीवन में हासिल होंगे। उन्होंने कहा पासवा शिक्षा को लेकर देश और प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने कहा कि यह सम्मान बच्चों का हौसला बढ़ायेगा, निश्चित रूप से इस तरह के प्रोत्साहन से बच्चे राष्ट्र के विकास में नये किर्तिमान स्थापित करेंगे। नीरज कुमार ने आर टी ई के कठिन शर्तों के कारण निजी विद्यालयों को होने वाली कठिनाइयों और उसके निदान की संभावना पर मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बिपीन कुमार सिंहा ने पासवा के इस शानदार आयोजन के लिए हजारीबाग पासवा के संपूर्ण टीम के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के सम्मान से बच्चों में आगे बढ़ने की चाह बढ़ेगी और वे राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनेंगे उनमें सफल होने की चाह बढ़ेगी। पासवा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल ने हुए कहा कि निश्चित रूप से सिर्फ टॉपरों को ही नहीं उन बच्चों को भी सम्मानित करने की आवश्यकता है जो किसी कारण से एक दो अंक से टॉपर बनने से चूक गए हैं उन्हें सम्मानित किया जाना बेहद जरूरी है ताकि उनका भी मनोबल बढ़े और वह भी सफलता के शीर्ष पर पहुंचे। कार्यक्रम के शुरूआत में ही अतिथियों का और सम्मानित होने आए बच्चों तथा उनके अभिभावक का स्वागत स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया। स्कूली बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित विशिष्ट अतिथि और दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह में विभिन्न निजी विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार,प्रियम सिन्हा , मेघाली सेन गुप्ता,मींकू प्रसाद, संजीत यादव, अभिषेक साहू, रोहित महतो,ममता चौबे तथा प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण और विद्यालयों के शिक्षक एवम संचालकगण उपस्थित थे।

## जमीन को लेकर विवाद, दो गुटों में झड़प



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत महुगांय के ग्राम लालगढ़ में सरकारी जमीन को लेकर गुरुवार को दो गुटों में भिड़ंत हो गयी। जानकारी हो कि ग्राम लालगढ़ में खाता नंबर 161 प्लॉट संख्या 354 रकबा 9 एकड़ 75 डिसमिल भूमि गैरमजरूआ खास है। उक्त भूमि में चुरामणि देवी महेश तुरी, मेघलाल तुरी शांति देवी विनोद तुरी कुल 6 लोगों के साथ जमीन 1988 में एक-एक एकड़ बंदोबस्त दी गयी थी। कुछ भाग में स्कूल खेल मैदान बना हुआ था और कुछ जमीन खाली थी। इसी दौरान गुरुवार को स्कूल के बच्चे बंदोबस्त धारी के घर की तरफ चले गये बंदोबस्त धारी ने बच्चों को डांट फटकार किया गया। इसी को लेकर बच्चे के माता-पिता एवं उसके साथ पूरे ग्रामीण बंदोबस्त धारियों के साथ झगड़ा झंझट मारपीट हो गयी जिसे लेकर मामला मरकच्चो थाना पहुंचा। जिसे देखते हुए अंचलाधिकारी मरकचो राम सुमन प्रसाद ने जमीन की मापी का आदेश दिया और विवाद नहीं बढ़े इसे लेकर अंचलाधिकारी मरकच्चो, अंचल निरीक्षक दिनेश राम, राजस्व कर्मचारी अजीत साव, अमीन संजय कुमार और थाना प्रभारी मरकचो लव कुमार, एएसआइ मदन मोहन शर्मा, महिला कास्टेबल और पुलिस बल के साथ लालगढ़ पहुंचकर जमीन की मापी किया गया। वही दोनों पक्षों के द्वारा मरकच्चो थाना में आवेदन दिया गया है उस पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## सोमवार से उप्रावि ब्रजादास खुलेगा : बीइइओ

**चौपारण (आजाद सिपाही)।**प्रखंड के दादपुर पंचायत के ग्राम अमरौल के उप्रावि ब्रजादास लखवार में चार दिन शुक्रवार तक ताला लटका रहने के बाद सोमवार से पठन-पाठन शुरू हो जायेगा। उक्त बातें बीइओ राकेश कुमार सिंह ने मृतक छात्र के परिजन, अभिभावक, प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक को एक साथ बैठक कर निर्णय लेते हुए बताये। मालूम हो कि दस जुलाई दिन सोमवार को विद्यालय में पढ़ने वाला छात्र रीशु भुइयां 8 पिता भुवनेश्वर भुइयां ग्राम ब्रजादास टोला धवाइया की सांप काटने से मौत हो गई थी। विद्यालय बंद रहने बाद निर्धारित समय पर प्रधानाध्यापिका राखी सिंह और सहायक सहायक अध्यापक मो शालिश, रसोइया पहुंच रहे थे। बीइओ सिंह ने शिक्षक और शिक्षिका को कई गाइडलाइन दिये। कहा स्कूल आने के बाद और जाने से पूर्व तक बच्चों के प्रति हर पल जागरूक रहना आपसबों का कर्तब्य है। उन्होंने कहा कि बच्चे सीखने आते हैं, उन्हें क्या अच्छा क्या गलत बताये। तभी वे कुछ सिख पायेंगे।

## पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी थाना कांड संख्या 111/2023 दिनांक 05.05.2023 के भादवि को धारा 376/498/506 के तहत प्राथमिक अभियुक्त छोटन प्रजापति पिता- रामवृक्ष प्रजापति सा० थाना- बड़कागाँव तथा केरेडारी थाना कांड संख्या- 67/2010 धारा- 366/376/34 भा०द०वि० के स्थायी वारंटी नागेश्वर भुईयां पिता स्व० झुबर भुईयां सा० बड़की हेवाई,थाना-केरेडारी, दोनों जिला- हजारीबाग के रहने वाले हैं इन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिराशत में भेज दिया है। पुलिस को काफी लंबे समय से इनकी तलाश थी।

## रामेश्वर उरांव से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** परिसदन भवन में झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराव से कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मिला। इस दौरान डीलर को कमिशन नहीं मिलने कि बात कि। मंत्री उरांव ने आस्वस्थ किया की कुछ तकनिकी कारणों से भुगतान नहीं हो पर रहा था, जिसमें सुधार कर लिया गया है अगले सप्ताह भुगतान हो जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में वीरेंद्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, गोबिंद राम, कैलाश पति देव आदि शामिल थे।

### झुमरीतिलैया शहर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## पटाखा दुकान पर हुई कार्रवाई, सभी पटाखे जब्त

संजीव/ अनिल



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर में ट्रैफिक समस्या को लेकर नगर प्रशासन की टीम ने शनिवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान में अंचल अधिकारी मां देवी प्रिया और नगर प्रशासक विनीत कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। दंडाधिकारी के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम, पुलिस बल के साथ जेसीबी, ट्रैक्टर और टिपर वाहन के साथ राजगढ़िया मोड़ के समीप पहुंची। वहां दर्जनोंदुकानों को हटाया गया। इस दौरान कोडरमा स्टेशन के मुख्य द्वार के समीप पटाखा विक्रेता के द्वारा सड़क का अतिक्रमण करने एवं बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने और घनी आबादी वाले क्षेत्र में पटाखा बेचने के मामले में दुकानदार के सभी पटाखों को जब्त कर दो वाहनों के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय पहुंचाया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि कुछ महीने पहले पटाखा दुकान के संचालक पर नियमों के विपरीत दुकान का संचालन करने को लेकर अधिकतम 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया था। जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस अति व्यस्त सड़क पर पटाखा दुकान के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद नगर परिषद की टीम वीर कुंवर सिंह चौक के समीप ओवर ब्रिज के नीचे लगने वाले अस्थाई दुकानों को हटाने पहुंची। जहां नगर परिषद की टीम ने कई प्रकार के अस्थाई फूड स्टॉल के ठेले और गुमटी को हटाया। मौके पर नगर प्रशासक ने बताया कि शहर में अस्थाई फुटपाथ दुकानदारों की सुविधा के लिए तीन स्थानों पर वेंडिंग जोन चिन्हित किये गये हैं। जिसमें फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकानों का संचालन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक मैदान, पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित खाली भूमि और गांधी स्कूल के सामने स्थित खाली जमीन को वेंडिंग जोन के रूप में चिन्हित की गयी है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान 17 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान में सिटी मैनेजर सतीश कुमार, प्रशांत भारतीय, सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, नगर परिषद के कनीय अभियंता, तिलैया थाना के एएसआइ जयनारायण सिंह समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## गिरफ्तारी की मांग को धरना प्रर्दशन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना कांड संख्या 108/23 के अभियुक्त लक्ष्मण साव गुड़िया देवी और सूरज साव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। यह धरना तब तक चलेगा जब तक तीनों व्यक्तियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है तीनों अभियुक्तों ने दिनांक 22 मई 2023 को लगभग 10 बजे रात को पीड़िता के घर पर आकर भयंकर मारपीट किया जिसमें पूजा देवी रंजीत रजक और चंपा देवी को गंभीर चोट लगी। जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई। धरना पर पीड़िता की पत्नी पूजा देवी, मां चंपा देवी, पिता किशुन रजक, चाचा विनोद रजक, चाची ललिता देवी बैठी हैं जबकि गांव के राजकुमार पासवान, बैजनाथ यादव, भुनेश्वर यादव, वीरेंद्र पासवान, रामबालक पासवान, रंजीत रजक, देवानंद रजक, सुरेंद्र रजक, कपिल देव, विनोद रजक, मनोज रजक, चांदनी देवी, सरवा देवी, सुमन देवी, बुधनी देवी, सुदामा, राज देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, उमा देवी, सुगिया देवी, मंजू देवी, किरण देवी भी सहयोग कर रही हैं।

# डीसी ने लंबित योजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मासिक प्रेसवार्ता में उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी विभागो के द्वारा जारी इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रेस को दी। उन्होंने सरकार के महत्त्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए अब तक के प्रगति प्रतिवेतन को मीडिया से साझा की। उपायुक्त ने एजेंडावार ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, डीएमएफटी, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, राजस्व, नगर निगम, विद्युत, जिला खनन,जिला परिवहन, खेल विभाग, सहायक आयुक्त उत्पाद, कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग, निर्वाचन शाखा, जिला पंचायत राज, उप श्रम आयुक्त, ई गवर्नेंस और वर्तमान में चल रहे विभिन्न जन जागरुकता अभियान मसलन जन्म मृत्यु निबंधन, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान और जन जागरूकता अभियान आदि विषयों पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबतक मनेरगा अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में 20.89 लाख मानवदिवस का सृजन किया गया जो कि लक्ष्य का 74.65 प्रतिशत है। बिरसा सिंचाइ कूप संवर्धन योजना के तहत पूरे जिले में 5953 लक्ष्य के विरूद्ध 2622 योजनाएं स्वीकृत कर कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मनरेगा अन्तर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में 203 खेल मैदान निर्माण जीर्णोद्धार के विरूद्ध 166 खेल मैदान एमआइएस में पूर्ण हो चुके है तथा 39 पर कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2020-21 से 22-23 तक मनरेगा अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 201 गाय शेड निर्माण लक्ष्य के विरूद्ध 175 स्वीकृत कर 102 शेड का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है। वहीं पॉल्ट्री शेड निर्माण लक्ष्य 250 के विरूद्ध 239 स्वीकृत कर 154 शेड निर्माण पूर्ण किये गये हैं। शेष पर कार्य प्रगति पर है। साथ ही सूकर शेड निर्माण में लक्ष्य 140 के विरूद्ध 133 स्वीकृत कर 85 शेड निर्माण पूर्ण किये गये शेष पर कार्य जारी है। मनरेगा अन्तर्गत फलदार एवं औषधीय वृक्षारोपण के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पूरे जिले में 700 एकड़ भूमि क्षेत्र चिन्हित कर 78226 फलदार पेड़ और 53514 टिंबर / वृक्ष के लिए गड्ढे तैयार कर लिये गये हैं। मनरेगा अन्तर्गत अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण जीर्णोद्वार के लिए पूरे जिले में 245 चिन्हित क्षेत्र पर 114 पर कार्य प्रारम्भ करते हुए 108 स्थानों पर तालाब निर्माण जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष प्रक्रियाधीन है। प्रधानमंत्री आवास योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 में कुल स्वीकृत लक्ष्य 55033 के विरूद्ध 52217आवास का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है जो कि 94.9 प्रतिशत है। शेष पर कार्य जारी है।

प्रधानमंत्री अम्बेडकर आवास योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल स्वीकृत लक्ष्य 2335 के विरुद्ध 2092 आवास निर्माण पूर्ण किया गया है जो कि 89.6 प्रतिशत है। जिले में चयनित 7 सांसद आदर्श गांव में से चुरचू के जरबा में 63 में से 59 योजनाएं, ईचाक के परासी में 53 में से 39, कॅरेडारी के पेटो में 31 में से 21 जनहित की योजनाएं पूर्ण कर लगी गयी।

## बटेश्वर मेहता ने बाबूलाल से मिल कर दी बधाई



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने रांची में मुलाकात कर बधाई दी है। इस दौरान बटेश्वर मेहता ने कहा इसके लिए मैं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी बधाई देता हूं। अब निश्चित रूप झारखंड में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। बाबूलाल एक सुलझे हुए परिपक्व नेता हैं जिसका फायदा यहां के जनता को मिलेगा।

## मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं, मेरी छवि को धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास: प्रदीप प्रसाद



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के झांझरिया पूल स्थित अपने कार्यालय में समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने प्रेसवार्ता कर अपने और अपने परिवार पर लगाए गए आरोप को गलत बताया हैं। प्रदीप प्रसाद ने कहा की मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं, मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदीप प्रसाद ने कहा की गत 12 जुलाई को मेरा भाई चाबी नही रहने पर ताला तोड़कर दुकान की साज-सज्जा करवाना चाह रहा था, इसी क्रम में राजीव रंजन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, पूर्णिमा श्रीवास्तव पति राजीव रंजन श्रीवास्तव, हेमा श्रीवास्तव पति संजय श्रीवास्तव आए और मेरे भाई व अन्यउपस्थित लोगों से हाथापाई करने लगे तथा बीच-बचाव करने आए लोगों पर भी हमला कर दिया। स्व अरुण कुमार श्रीवास्तव और मेरे मीच एक एकरारनामा हुआ था। उसके हिसाब से मैं ग्यारह लाख अस्सी हजार रुपये खर्च कर खाता न. 18 प्लोट न0 341 के लगभग 2600 वर्गफीट भूमि पर एक दुकान का निर्माण करवाया है, जो अब तक कायम है। एकरारनामे के शर्तों के अनुसार मेरा लीज अभी कायम है। उन लोगों की यह मंशा जाहिर होती है कि यह प्रकरण सिर्फ और सिर्फ मेरे छवि को धूमिल कर दुकान खाली करवाने की साजिश है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले जीप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला। इस अवसर उनसे मिलने वाले का तांता लगा रहा। हजारीबाग के जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, डिप्टी चेयरमैन किशुन यादव और भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर बधाई दिया। इस दौरान अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की निश्चित रूप से आगामी लोक सभा चुनाव और विधान सभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा जीत का झंडा गाड़ेगा। विरोधी पार्टी पस्त होंगे और झारखंड श्री मरांडी के नेतृत्व में फिर विकास के रास्ते पर बढ़ेगा।

## एक सप्ताह में मिला संजना का शव



चरही (आजाद सिपाही)। चरही थाना क्षेत्र के 42 आदान से एक सप्ताह में मिला मासूम बच्ची संजना का शव 8 जुलाई दिन शनिवार को संजना कुमारी पिता रंजीत नौनयां पिंडरा निवासी अपनै मां के संग 42 खदान में नहाने के लिए गई थी नहाने के दौरान गहरे पानी में डुबने से लापता हो गई थी ग्रामीण एवं एनडीआरएफ के टीमों ने लगातार तिन दिन रेस्क्यू किया परंतु सफलता नहीं मिली ग्रामीणों एंव मृतक परिजन ने हर दिन खोजने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन भगवान का माया 15 जुलाई शनिवार को लगभग 12 बजे ग्रामीणों द्वारा शव को देखा गया पर्याप्त नव के द्वारा शव को निकाल लिया गया आस पास के सैकड़ों ग्रामीण के मौजूदगी में मुआवजे की मांग करने लगे आपदा प्रबंधन के द्वारा पीड़ित परिवार को ? चार लाख का आश्वासन दिया गया है वहीं स्थानीय मुखिया देवलाल कुमार ने भी सहयोग के तौर पर अपने हाथों से ? दश हजार एवं कुछ चावल और दाल क्रिया कर्म के लिए दीया है। चरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया है इधर परिजनों को रो-रोकर बूरा हाल है साथ ही गांव में सदमे की महौल है।

## नाबालिग के अपहरण का आरोप, थाना में दिया आवेदन

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत पंचायत पपलो के ग्राम महुवाटांड निवासी मोहम्मद जावेद की 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर मरकच्चो थाना में नाबालिग के पिता ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए आवेदन में कहा कि मेरी बेटी महुआटांड़ स्थित बंजारा एकेडमी विद्यालय में पढ़ने गई थी। जो स्कूल छुट्टी होने के बाद घर वापस नही आई तो हम सब इधर उधर एवम विद्यालय में खोजबीन करने लगे तो पता चला कि मेरी बेटी विद्यालय से शौच के लिए बाहर निकली थी वही घात लगा कर बैठ अरशद अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता गफूर अंसारी ग्राम गोरहंद थाना धनवार जिला गिरिडीह जो अपने जीजा मुस्तकीम अंसारी ग्राम कोशडिहरा थाना मरकच्चो जिला कोडरमा के सहयोग से जबरजस्ती पकड़ कर उठा ले गये। पूर्व में भी मेरी बेटी मुझे कई बार बताई की अरशद अंसारी स्कूल जाने के समय तंग तबाह करता था। अभी मुझे अरशद अंसारी फोन पर धमकी दे रहा है कि अगर तुम मेरे विरुद्ध कोई मुकदमा किया तो अपनी बेटी से हाथ धो देना और तुमको और तुम्हारे परिवार को भी जान से मार देंगे। वही थाना प्रभारी लव कुमार ने आवेदन के आलोक में मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया है।

## महिला को गले में रस्सी बांध कर मारने का प्रयास, पति और ससुर को जेल



चौपारण (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दैहर पंचायत के ग्राम गुरीकला में 26 वर्षीय विवाहिता के गले मे रस्सी बांध कर हत्या करने का प्रयास किया गया। इसी आरोप में पार्वती देवी पति प्रदीप ठाकुर और ससुर सरजू ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त जानकारी बरही के मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया। उन्होंने बताया कि समय रहते पार्वती के माता-पिता को पता चल गया। जिससे मैं उन्हें साथ लेकर पार्वती के ससुराल गुरीकला पहुंचे। जहां देखे की पार्वती के गला में कस कर रस्सी बंधा हुआ है और वह छटपटा रही है। आनन-फानन में गले की रस्सी को ढीला किया गया। गले मे काफी निशान पड़ गया था और सांस लेने व बोलने में परेशानी हो रही थी। जिन्हें सामुदायिक अस्पताल चौपारण लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां पार्वती खतरे से बाहर है। पार्वती ने पति प्रदीप व ससुर सरजू पर दहेज को लेकर हमेशा मार पीट व मानसिक पडताड़ना कर रहे थे। इसके बाद भी जी नही भरा तो उनलोगों ने रस्सी से गले मे बांध कर मार देने की धमकी देते हुए मारने का प्रयास किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
05

## स्कूल के चारदीवारी निर्माण और गेट का किया शिलान्यास



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में मरार स्कूल का चारदिवारी निर्माण और गेट का शिलान्यास किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी और विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा थे। अतिथियों ने विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि शिक्षा से ही देश व समाज का विकास होता है। बिना शिक्षा के कोई भी समाज व देश आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए चाहे कितनी भी कठिन से कठिन परिस्थितियां क्यों ना आ जायें। अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। इस चहारदीवारी का निर्माण पूरा हो जाने से स्कूल परिसर बिल्कुल सुरक्षित हो जायेगा। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का लाभ छात्र-छात्राओं को प्राप्त हो इसके लिए हमलोग सजग और सक्रिय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा सिंह, अनुज तिवारी, महतो, नरेश महतो, देवेंद्र प्रसाद, वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा, जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह, उमेश प्रसाद, पवन साव, लोचन प्रसाद, प्रवीण पांडे, गणेश प्रसाद, राजेश मुंडा, बालेश्वर करमाली, रामाशीष करमाली, महावीर करमाली, महावीर रजवार, कुलदीप रजवार, संजय रजवार, राजेश करमाली, दिनेश करमाली, विजेंद्र करमाली, बिरु करमाली, रमेश करमाली सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## नाई समाज के जिलाध्यक्ष का चुनाव स्थगित

**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय उमा पैलेस में जिला नाई समाज के जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में जमकर हंगामा हुआ। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय नाई समाज के राष्ट्रीय सचिव इंद्रदेव ठाकुर ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ केसी ठाकुर मौजूद थे। बैठक में नाई समाज के जिला अध्यक्ष के पद पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन एक नाम पर आम सहमति नहीं बन पायी। जिसके बाद चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव में 9 लोगों ने अपना दावा पेश किया। जिसके पश्चात 3 लोग अपना नाम वापस ले लिया। जिसके बाद मैदान में 6 प्रत्याशी बच गये। जिसमें नंदकिशोर ठाकुर, संजय ठाकुर दिबहा, बिनोद ठाकुर प्रतापपुर, संजय ठाकुर नगवां, राजेश ठाकुर हंटरगंज तथा सुरेंद्र कुमार जोरी मैदान में डटे थे। गहमागहमी माहौल मे हो रहे चुनाव के दौरान कुछ लोगों द्वारा हंगामा करने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से नाई समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपविकास आयुक्त ने सुनी समस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिलने आये लोगों की समस्याओं को सुना। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधी, राशन कार्ड संबंधित और आवास समेत अन्य मामले सामने आये। ज्ञात हो कि प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को सुबह समाहरणालय स्थित उपायुक्त द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में साढ़े 11 बजे से एक बजे तक जनता दरबार के माध्यम से जनसमस्याओं को सुना जाता है तथा त्वरित कारवाई करते हुये निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के पास भेज दिया जाता है और कुछ अनिवार्य विषयों का आवेदन को तत्काल निपटारा कर दिया जाता है।

## संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न




**कुजू (आजाद सिपाही)।** संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केंद्रीय समिति की बैठक हेसागढ़ा पंचायत भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष अलख कुमार मांझी व संचालन केंद्रीय कोषाध्यक्ष एतवा मांझी ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव सोनाराम मांझी, केंद्रीय उपाध्यक्ष आरडी हांसदा शामिल रहे। बैठक में आगामी 30-31 मई को होने वाले दो दिवसीय संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने के संबंध में चर्चा हुई। वही, बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सामुदायिक भवन गिद्दी ए में धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। जिसमें क्षेत्र के कई लोग शामिल होंगे। बैठक में सन्नी सोरेन, मोहन सोरेन, गहन बेसरा, कंदो मरांडी, पन्ना लाल मुर्मू, मुर्सिंगलाल हॉसदा, सनु मदन सोरेन, अजय बेसरा, कैलाश मांझी, दुर्गा सोरेन, प्रदीप सोरेन, सुरेश हॉसदा, दासो हेंब्रोम, सीताराम मांझी, सुरज मांझी, बिरेंद्र हेंब्रोम, गुरूदयाल हांसदा, अगस्टीन हेंब्रोम, निर्मल मुर्मू, बेनीराम मुर्मू, संजय मांझी, अमित कुमार हांसदा, चुनू राम बेसरा, सुरजमुनि कुमारी सोरेन, मीना देवी, रमना मांझी, पुसन मांझी, बब्लू हेंब्रोम, बुधन किस्कू, चेतवा मरांडी, दुर्गा हांसदा, राजेश कुमार हांसदा, सहदेव किस्कू शिवलाल किस्कू समेत समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## जुबिली कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साइड स्थित जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवको ने कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित किया। स्वयंसेवको ने कॉलेज परिसर में जमे कूड़ा-करकट और झाड़ियों की साफ-सफाई की। इस दौरान कॉलेज परिवार ने महाविद्यालय को साफ-सूथरा रखने का सामुहिक संकल्प भी लिया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने स्वयंसेवको के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ-सूथरा रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सबों को स्वच्छता को अपने जीवन में धर्म की तरह धारण करना चाहिए। अभियान का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास ने किया। अभियान को सफल बनाने में जान्हवी, सिमरन, कुमकुम, रागिनी, सोनी, राजा खान, तारा शंकर, सुजल, सागर, सोनू, विरेंद्र, अमित आदि का विशेष योगदान रहा।

## दो युवकों ने सीसीएल के इलेक्ट्रीशियन हेल्पर को पीटा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल सौंदा के सात नंबर नीचे धौड़ा में दो स्थानीय युवकों ने सीसीएल के इलेक्ट्रिशियन हेल्पर परमेश्वर मुंडा की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना भुरकुंडा ओपी में भी दी गयी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सेंट्रल सौंदा में बिजली का काम चल रहा था। सीसीएल के चार विद्युतकर्मी सात नंबर नीचे धौड़ा में ट्रांसफार्मर की मरम्मती कर रहे थे। इसी क्रम में दो युवकों ने गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करते हुये सीसीएल के इलेक्ट्रिशियन हेल्पर परमेश्वर मुंडा (52वर्ष) सौंदा टिपला निवासी को बुरी तरह पीट दिया। घटना में परमेश्वर मुंडा के आंख के उपर और बांये हाथ की उंगली में काफी चोट लगी है। घायल परमेश्वर मुंडा का भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराया गया। घटना के वक्त सीसीएल बिजली विभाग के आजय, सिराज, इंद्रदेव, प्रेमानंद मौजूद थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा ने आगाज कार्यशाला का किया आयोजन

# आम नागरिकों की सहायता के लिए मारवाड़ी समाज चला रहा अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और रामगढ़ चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से 'आगाज' नामक कार्यशाला का आयोजन किया। 'आगाज' एक सुनहरे भविष्य का कार्यशाला का उद्घाटन करते हुये अतिथियों ने कहा कि संगठन के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में कई अभियान संचालित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय विशाल पड़िया, प्रांतीय मुख्यालय महामंत्री श्वेता जालान, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरयवाला शामिल थे। कार्यशाला में प्रांत स्तर पर रांची शाखा, रांची समर्पण शाखा, रांची साउथ शाखा, रांची साउथ जागृति शाखा, खूंटी शाखा, झुमरीतेलैया शाखा, झुमरीतेलैया प्रेरणा शाखा से अध्यक्ष, सचिव और कई सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीर्ष नेतृत्व में प्रत्यक्ष संवाद, प्रांत में चल रहे प्रोजेक्ट्स के विषय में जानकारी दी गयी। अपने बातों को खुले मन से रखने और अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के संविधान के तहत नियमों के बारे में जानकारी साझा करना था। स्वागत भाषण नीलिंद अग्रवाल और रीना मोदी ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन संयुक्त रूप से राहुल जैन और श्रृंजय मेवाड़ ने किया। प्रांत अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने इस कार्यक्रम में प्रांत में चल रहे आनंदम, रक्तदान, पर्यावरण जैसे कार्यों पर चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों को सम्मान के दृष्टि से पहली बार झारखंड प्रांत के 8 पूर्व अध्यक्ष, 8 दिवसीय 8 कार्यक्रम का आयोजन करने का मन बनाया और सभी शाखाओं से इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

**मंडल की सभी 9 शाखाओं का कार्य सरहानीय: विनीता सिंघानिया**

प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभा को संबोधित करते हुये बताया के मंडल की सभी 9 शाखाएं सक्रिय रूप से अपना कार्य कर रही है। रक्तदान, पर्यावरण और आनंदम के क्षेत्र में हमारा मंडल अव्वल स्थान पर है। उन्होंने मंडल के सभी शाखाओं से 500 नए सदस्यों को जोड़ने और प्रांत स्तर पर 3000 नये सदस्य जोड़ने का लक्ष्य लिया है। धन्यवाद ज्ञापन आशीष अग्रवाल और स्नेहा जैन ने संयुक्त रूप से दिया।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित**

कार्यक्रम में नीलिंद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, अमन बाउंडिया, श्रींजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, अमित अग्रवाल, आशीष मीमानी, नरेश अग्रवाल, रमेश बाउंडिया, किशोर जाजू, रामधन शर्मा, अरुण बागड़िया, राकेश अग्रवाल, आशीष जैन, राहुल जैन, निखिल अग्रवाल, आयुष बजाज, राहुल बाउंडिया, रिश्व अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, नीतीश बर्लिया, आशुतोष बेरलिया, प्रिंस अग्रवाल, रीना मोदी, स्नेहा जैन, प्रीति चौधरी, मिली अग्रवाल, निशा जैन, निधि बजाज, नेहा अग्रवाल, मीनू बागड़िया, लवली अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सुमन चौधरी, नेहा मुरारी, मनीषा अग्रवाल, सीधी जैन, सीधी चौधरी, शमा जैन, प्रियंका अग्रवाल, मनीषा निखिल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला परिषद के सभागार में डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में 16 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में सर्वप्रथम यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेबनेट निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के सभी मानकों की विस्तार से जानकारी दी गयी। तत्पश्चात श्री टोप्पो ने संबंधित सभी को प्रत्येक गांव में बिना कोताही किये स्वच्छत सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का कार्य तय समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया।

**आमजनों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के प्रति जागरूक करने का निर्देश**

कार्यशाला के दौरान श्री टोप्पो ने सॉलिड, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए प्रखंड और पंचायत स्तर पर सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित कर आमजनों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नाडेप और ग्रेवाटर मैनेजमेंट, घरेलू कचरा का प्रबंधन आदि का कार्य स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के मानकों के अनुरूप ही करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किये गए कार्य का प्रतिवेदन जिला स्तर पर भी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

**बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश**

बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से टोप्पो ने विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने यूनिसेफ प्रतिनिधि को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ असीम कुमार से समंवय स्थापित कर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

**कार्यशाला में ये थे उपस्थित**

कार्यशाला में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पटेलनगर में कोलफील्ड मजदूर यूनियन की बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में शनिवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन की बैठक हुई बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे और संचालन क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य राघवन रघुनंदन ने कोयला मजदूरों के 11 वां वेतन समझौता को अब तक का सबसे बेहतर समझौता बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक प्रतिष्ठान में इसके जैसा समझौता नहीं हुआ है और वेतन में भी कोई अन्य प्रतिष्ठान तुलना नहीं कर सकता है। एक और सेल में 4 साल देर से समझौता संपन्न हुआ। बीच के 4 सालों का एरियर भी नहीं मिला। वहीं कोयला मजदूरों का पांच सालों का समझौता संपन्न हुआ और एरियर भी मिलेगा। बैठक को संबोधित करते हुये यूनियन के केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह ने कहा कि बरका-सयाल प्रक्षेत्र में यूनियन को एक नंबर वन बनाना है। मौके पर हरि शंकर पांडेय, पप्पू सिंह, राजाराम बेदिया, जुगल नायक, सुधीर सिंह, संजय यादव, दीपक तुरी, संतोष यादव, विनोद साहु, ईश्वर रविदास, रामहरि राम, मनजीत रंजन, सुदामा पाणिग्रही, चितरंजन शर्मा, रविंद्र शाह, सुरेश मुन्ना यादव, दयानंद प्रसाद केसरी, मदन मोहन ओझा, सरफुद्दीन, मो. हकीम, मनोज कुमार सिंह, सुरेश मल्लाह, कल्लू, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, रामकिशन हरिजन, राजकुमार दास, महेश, बिंदेश्वरी मुंडा, पप्पू मुंडा सहित यूनियन के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### 2024 के लोकसभा चुनाव में चतरा से झामुमो का प्रत्याशी देने की मांग

# कांग्रेस और राजद की दावेदारी स्वतः समाप्त हो गयी हैः पंकज प्रजापति

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** अगामी 2024 का लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा का उम्मीदवार को मैदान में उतारने का आग्रह केंद्रीय नेतृत्व से किया जायेगा। ये बातें जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 1984 के बाद कांग्रेस और 2004 के बाद राजद चतरा से चुनाव नहीं जीता है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। विगत लोकसभा चुनाव में चतरा से कांग्रेस लगभग तीन लाख मतों से हारी है और राजद तीसरे स्थान पर रहा था। जिसके कारण इन दोनों पार्टियों की दावेदारी स्वतः समाप्त हो गया। जिसके कारण चतरा संसदीय सीट पर झामुमो का उम्मीदवार देने के लिए जिला कमिटि केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह करेगी। जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक बैठक जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मो एकरामुल हक ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुये इसमें तेजी लाने तथा पार्टी के नीति सिद्धांतों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि अगामी लोकसभा के चुनाव में झामुमों का प्रत्याशी चतरा संसदीय सीट से चुनाव लड़े और इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह किया जायेगा और मजबुती से चुनाव लड़कर जीत सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि हम नहीं भूले हैं कि बिहार में राजद गठबंधन का पालन नहीं किया है। उसके बावजूद दिशोम गुरू शिबु सोरेन तथा लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दरियादिली दिखाते हुये राजद का एकमात्र विधायक को मंत्री बनाने का काम किया। फिर भी घुरन राम जैसे राजद नेता मुख्यमंत्री को घुड़की देते रहते हैं। जिसे झामुमों जिला कमिटि कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने अगामी 20 जुलाई को बीस सूत्री की बैठक में शिरकत करने आने वाले जिला प्रभारी मंत्री मिथलेश ठाकुर के स्वागत में कमी नहीं रहने तथा शहर को झंडा-बैनर से पाट देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, मो एकरामुल हक, पुरन राम, चंदन कुमार, राहुल यादव, उपेंद्र राम, बबलु केशरी, मनोज वर्मा, जयदीप पासवान, बिट्टु कमार, रंजीत प्रजापति, मालेश्वर साहु, भूपेंद्र ठाकुर, आशिक अंसारी, सुनील कुमार, सुरेश साव, धीरेंद्र सिंह, बाबुलाल साव, मनोज सिंह, छठु भुइयां, वंदना देवी, पूजा देवी, सरोज देवी, निरमा देवी, भोला सोनकर समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आइसा जिला सम्मेलन की तैयारी पूरी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा का प्रथम जिला सम्मेलन और राष्ट्रीय सम्मेलन की अंतिम तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिला सम्मेलन रविवार को यादव धर्मशाला में आयोजित की जायेगी। छात्र नेताओं ने बताया कि आइसा छात्र संगठन का 10 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 9 से 11 अगस्त तक कोलकाता में होगा। सम्मेलन के माध्यम से बेहतर शिक्षा गुणवतापूर्ण शिक्षा तथा सम्मानजनक रोजगार की गारंटी के साथ रामगढ़ में इंटर कॉलेज की पढ़ाई और कॉलेज खोलने, ओल चिकी भाषा में यूजी से पीजी तक पढ़ाई की गारंटी करने, सभी कॉलेजों में छात्र संघ का चुनाव कराने, झारखंड के विश्वविद्यालय से सीयूईट् वापस लेने, पिछले 4 साल से बंद पड़े साइकिल योजना को पुनः चालू करने, नई शिक्षा नीति वापस लेने सहित अन्य मुद्दों पर विचार रखा जायेगा। इस दौरान छात्र नेताओं ने सड़कों पर उतर कर दुकानदारों से जन सहयोग की अपील की। इयमें मुख्य रूप से सावित्री मुंडा, लक्ष्मी सोरेन, सुनीता हसदा, क्रांति टूडू, अणु घोषाल, युवा नेता प्रकाश मरांडी, मजदूर नेता अमल घोष गोला के छात्र नेत्री अंजलि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कल्याण गुरुकुल में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को सौंपा जॉब ऑफर लेटर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रही युवतियों और महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य पतरातू प्रखंड में कल्याण गुरुकुल संचालित है। इसी क्रम में शनिवार को कल्याण गुरुकुल के बैच नंबर 16 की युवतियों और महिलाओं का सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी ने युवतियों और महिलाओं को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। ऑफर लेटर प्राप्त करने के उपरांत सभी युवतियां और महिलाएं तमिलनाडु राज्य में कपड़ा कारखाना उद्योग में रोजगार प्राप्त करेंगी। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य राम साह ने किया।

## सीओ शिव शंकर पांडे ने पतरातू बीडीओ का भी पद भार किया ग्रहण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय के द्वारा पतरातू बीडीओ का भी पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि पतरातू बीडीओ हरीनाथ महतो को वैद्यनाथ धाम में आयोजित श्रावणी मेले में बतौर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया है। बीडीओ के नहीं रहने पर प्रखंड के विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं आये इसलिए शिव शंकर पांडेय को बीडीओ के वित्तीय अधिकार भी दिये गए हैं। शनिवार को सभागार में प्रखंड के प्रधान सहायक चितरंजन कुमार के द्वारा पदभार ग्रहण करने संबंधी सभी कागजात तैयार कर सीओ को सौपे गए। इस मौके पर मनरेगा बीपीओ महेश महतो, जेई प्रवीण कुमार, पुलक माथुर, नरेश प्रसाद, केस्टो महतो, कैलाश महतो, भोला मुंडा, अमित कुमार, संजय दास, भोला प्रसाद, प्रदीप केरकट्टा आदि प्रखंड के सभी कर्मियों के द्वारा सीओ को बधाई देते हुये गुलदस्ता प्रदान किया गया।

## पीटीपीएस डैम के टापू पर जनप्रतिनिधियों की बैठक

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** पतरातू डैम के टापू पर शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के जनप्रतिनिधि की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी और संचालन सौंदा डी पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। बैठक में पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी और तमाम पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुये। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने विचार और बातों को रखा। मौके पर प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि सभी एकजुट होकर अपने-अपने पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए मुखिया के साथ मिलकर कार्य करें। साथ ही जन समस्याओं के समाधान के प्रति हर सार्थक कदम उठाने की बात कही। मौके पर ज्योति गुप्ता, विजयलक्ष्मी, अनीता जैन, रानी, मृदुला पंडित, सुनीता देवी, बेबी कुमारी, ममता देवी, कंचन कुमारी, रीता देवी, सीमा कुमारी, कुमकुम देवी, गुड़िया देवी, भरत महतो, कैलाश बेदिया, छोटेलाल बेदिया, राजु मुंडा, कार्तिक मुंडा, रोशन करमाली, जितेंद्र नायक, गीता देवी, अंजु देवी, दीपक भुंइया, रोहित कुमार, मो. फरीद अंसारी, पंचायत समिति के प्रतिनिधियों में सीताराम मुंडा बीच, डब्लू पांडेय, रॉबीन मुखर्जी, प्रभात साहू, विपिन कुमार, प्रेमचंद यादव, मुकेश, कृष्णा, परमानंद साव सहित कई लोग मौजूद थें।

## पेड़ से टकराने से कार में लगी आग

**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी थाना की पुलिस दल के जवानों ने एक कार चालक को जलकर मरने से बचा लिया। इटखोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडा जंगल में शुक्रवार की रात्रि डेढ़ बजे एक पेड़ से टकराकर कार में भीषण आग लग गयी। पुलिस दल के मौके पर पहुंच जाने के कारण कार में सवार अभय कुमार चैधरी की जान बच गयी। जानकारी के अुनसार कांहाचट्टी प्रखंड के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया राजपुर शाखा में कार्यरत कर्मी अभय कुमार चैधरी नशे की हालत में शुक्रवार की रात लगभग डेढ़ बजे अपनी मारूति सेलेरियो कार नंबर जेएच 02 एएम/5774 से हजारीबाग मासीपीढ़ी अपने घर जा रहा था। वह काफी नशे की हालत में कार चला रहा था। इसी बीच भुरकुंडा जंगल में उसकी कार एक पेड़ से जा टकरायी और कार में भीषण आग लग गयी। वह इतना नशे में था कि उसे कार में आग लगने का भी एहसास नहीं था। इसी बीच इटखोरी थाना की रात्रि गश्ति वाहन एएसआइ दुखी राम महतो अपने दल-बल के साथ पीतिज की ओर जा रहे थे। पुलिस दल ने एक कार में आग लगा देखा और कार में सवार चालक को नींद में सोया हुआ पाया। तत्काल पुलिस के जवानों ने उसे किसी तरह कार से सुरक्षित बाहर निकाला और इसकी सूचना इटखोरी थाना प्रभारी को दिया। थाना प्रभारी ने तत्काल इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। जिसके बाद अग्निशमन दल के जवानों ने आग पर काबू पाया। अभय कुमार चैधरी को इटखोरी थाना लाया गया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के राजपुर शाखा प्रबंधक नितीन कुमार को इस घटना की सूचना दी गयी। जिसके बाद शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में अभय कुमार चैधरी को पॉकेट से मिली 48 हजार रुपए समेत अन्य कागजात सौंपा गया।

# भारत की ऊंची उड़ान

इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आयीं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी, जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक ज्वाइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किये जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गयी है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनायी है, जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।

**सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक ज्वाइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**8 जुलाई को 73,000 से अधिक सीटों (ग्राम पंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति) पर हुए चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रचंड विजय प्राप्त की, तो मुख्य विपक्षी दल भाजपा बहुत पीछे, दूसरे स्थान पर रही, परंतु इन नतीजों से अधिक चर्चा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान हुई भीषण हिंसा की है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प, गोलीबारी, बमबाजी और आगजनी में आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 20 लोग मारे गये।**

# प. बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा क्यों हुई

बलबीर पुंज



पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा और परिणाम के बारे में जो अपेक्षा थी, ठीक वैसा ही हुआ। 8 जुलाई को 73,000 से अधिक सीटों (ग्राम पंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति) पर हुए चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रचंड विजय प्राप्त की, तो मुख्य विपक्षी दल भाजपा बहुत पीछे, दूसरे स्थान पर रही, परंतु इन नतीजों से अधिक चर्चा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान हुई भीषण हिंसा की है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प, गोलीबारी, बमबाजी और आगजनी में आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 20 लोग मारे गये।

मृतकों की संख्या इससे अधिक हो सकती है। अराजकता और मतपेटियों को खुलेआम लूटने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। यह विकराल स्थिति तब दिखी, जब चुनाव के लिए 25 राज्यों से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य सशस्त्र पुलिस के 59,000 जवान तैनात थे। यक्ष प्रश्न यही है कि भारी मात्रा में सुरक्षा बलों की उपस्थिति और पहले से हिंसा की आशंका होने के बाद भी खून-खराबे पर लगाम क्यों नहीं लग पायी?

उपरोक्त प्रश्न का एक उत्तर 9 जुलाई को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उपमहानिरीक्षक सुरजीत सिंह गुलेरिया के वक्तव्य में मिल जाता है। उनके अनुसार हमें संवेदनशील, अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची नहीं मिली, जो सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए सहायक हो। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएफ ने बार-बार सीईसी से उन बूथों की जानकारी मांगी थी, जो संवेदनशील हैं, परंतु राज्य चुनाव आयोग ने केवल संवेदनशील बूथों की संख्या बतायी। अब वे संवेदनशील बूथ कहां थे, इसका कोई उल्लेख नहीं किया।

**प्रदेश में हिंसा और रक्तपात का यह दुष्चक्र कब रुकेगा, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।**

**वर्ष 1997 में प. बंगाल के तत्कालीन वाम सरकार में गृहमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य ने विधानसभा में जानकारी दी थी कि राज्य में 1977-96 के बीच राजनीतिक हिंसा में कुल 28,000 लोग मारे गये थे। यह आंकड़ा, बकौल वामपंथी पत्रिका, 2009 में बढ़ कर 55,000 पर पहुंच गया था।**

स्वतंत्र भारत में चुनाव के समय थोड़ी-बहुत मात्रा में हिंसा की खबरें आती रही हैं, किंतु प. बंगाल के साथ केरल-चुनाव और सामान्य दिनों में राजनीतिक रक्तपात, दूसरे विचार के प्रति असहिष्णुता और विरोधियों को शत्रु मानने संबंधित चिंतन के मामले में सर्वाधिक दागदार है। यह स्थिति तब है, जब इन दोनों प्रदेशों का अपने प्रतिष्ठित इतिहास के साथ भारत का गौरव और संगीत, नृत्य, त्योहार, भोजन आदि के लिए प्रसिद्ध रहा है।

केरल, जहां भारत के महान वैदिक दार्शनिकों में एक, आदि शंकराचार्य की जन्मस्थली है, तो प. बंगाल को रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, अरविंद घोष और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। प. बंगाल भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पुनर्जागरण का नेतृत्व कर चुका है। देश को पहला नोबेल पुरस्कार बंगाल में जन्मे रविंद्रनाथ टैगोर को वर्ष 1913 में मिला था, जिन्होंने भारत के राष्ट्रगान की रचना भी की थी।

बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का प्रथम उद्घोष भी बंगाल की धरती पर 1896 में हुआ था। लगभग एक सदी पहले बंगाल के लिए तत्कालीन कांग्रेसी नेता गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था, बंगाल जो आज सोचता है, भारत वह कल सोचता है। इतना समृद्ध अतीत होने के बाद प. बंगाल की कुंडली में राहू का प्रवेश कब हुआ? यह क्षेत्र पहले प्लासी के युद्ध (1757) के बाद ब्रितानी दमन का शिकार हुआ। जब 1947 में देश का इस्लाम के नाम पर विभाजन हुआ, तब पंजाब के साथ बंगाल ने भी इसकी सर्वाधिक भयावह त्रासदी को झेला।

16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग द्वारा घोषित डायरेक्ट एक्शन, जिसमें उन्मादी इस्लामी भीड़ ने हजारों हिंदुओं को मजहब के नाम पर मौत के घाट उतार दिया था, उनकी महिलाओं से बलात्कार और असंख्य गैर-मुस्लिमों का जबरन मतांतरण किया था, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुछ दशक पहले बंगाल के सार्वजनिक जीवन में मुस्लिम लीग ने खूनी हिंसा की, जो उर्वर जमीन तैयार की थी, उस पर वामपंथियों ने कालांतर में फसल बोने का काम किया।

हिंसा मार्क्सवाद के केंद्र में है और इसी से प्रेरणा लेकर वामपंथियों ने मई 1967 में प. बंगाल स्थित नक्सलबाड़ी में भारत-विरोधी माओवाद / नक्सलवाद का बीजारोपण किया था, जिसमें नक्सली दानवों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में अकेले 1997-2017 के बीच 12 हजार निरपराधों की हत्या कर दी थी। वर्ष 1977-2011 अर्थात 34 वर्षों के वामपंथी शासन ने अपनी विचारधारा के अनुरूप, प. बंगाल में राजनीतिक संवाद की बजाय विरोधियों (वैचारिक-राजनीतिक) की हत्या को पसंदीदा उपक्रम बना दिया।

योजनाबद्ध तरीके से सत्तारूढ़ द्वारा स्थानीय गुंडों, जिहादियों और अराजक तत्वों को संरक्षण दिया गया और फिर उन्हीं के माध्यम से राजनीतिक-वैचारिक विरोधियों (आरएसएस-भाजपा सहित) को नियंत्रित या प्रताड़ित करना प्रारंभ हुआ। वर्ष 1997 में प. बंगाल के तत्कालीन वाम सरकार में गृहमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य ने विधानसभा में जानकारी दी थी कि राज्य में 1977-96 के बीच राजनीतिक हिंसा में कुल 28,000 लोग मारे गये थे।

यह आंकड़ा, बकौल वामपंथी पत्रिका, 2009 में बढ़ कर 55,000 पर पहुंच गया था। इस हिंसक दुष्चक्र को वर्ष 2007-08 में तब और रफ्तार मिली, जब नंदीग्राम में एक औद्योगिक परियोजना के लिए तत्कालीन वामपंथी सरकार ने भूमि अधिग्रहण हेतु व्यापक अभियान चलाया था। इस घटना से प्रादेशिक राजनीति में तृणमूल कांग्रेस मुखिया ममता बनर्जी का कद बढ़ गया और उन्होंने वर्ष 2011 में बंगाल से साढ़े तीन दशक पुराने वामपंथी शासन को उखाड़ फेंका।

आशा थी कि वामपंथियों से मुक्ति के बाद प. बंगाल में गुंडों की सल्तनत न होकर सुशासन और कानून-लोकतंत्र का शासन होगा, परंतु बीते 12 वर्षों में यह स्थिति पहले से अधिक रक्तरंजित, विशेष कर हिंदू विरोधी हो गयी है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वामपंथी शासन में जो आपराधिक मानसिकता से ग्रस्त समूह मार्क्सवादी केंचुली पहन कर घूमा करते थे, वे रातों-रात तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और स्थानीय नेता बन गये और उन्होंने वैचारिक कारणों से विरोधियों को मौत के घाट उतारना जारी रखा।

पंचायत चुनाव में हिंसा और मतपेटियों की लूटपाट उसका प्रमाण है। प्रदेश में हिंसा और रक्तपात का यह दुष्चक्र कब रुकेगा, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

**(लेखक : वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन ने यूसीसी बिल से सिखों को बाहर रखने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा केंद्र सरकार व आदिवासियों व सिखों के यूसीसी और आनंद विवाह अधिनियम के मुद्दे पर सलाह देने के लिए कैबिनेट मंत्रियों की समिति का गठन किया गया। समिति के गठन के फैसले से अनुमान लगाया जा रहा सरकार सिख समुदाय की चिंताओं से अनजान नहीं है। लेकिन केंद्र सरकार को यह समझना चाहिए न केवल सिखों का आनंद विवाह अधिनियम अलग है, बल्कि सिख हर मामले में अलग हैं। उनका एक अलग अस्तित्व है। सिख समुदाय की परंपराएं, समारोह, त्यौहार आदि सभी अलग-अलग हैं। इसलिए यूसीसी पर सिखों का विरोध एक अलग आनंद विवाह अधिनियम तक सीमित नहीं है। समग्र रूप से सिखों की अपनी एक विशिष्ट संस्कृति है। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा भारत सरकार इस प्रस्तावित बिल से आदिवासियों को बाहर रखने पर विचार कर रही है। इसी प्रकार सिख समुदाय को भी इस बिल से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि सिखों की हर दृष्टि से अपनी अलग पहचान है। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा दूसरा तथ्य है सिखों के संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पहले केंद्र सरकार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जो सिखों की संसद है।

और प्रतिनिधि राजनीतिक वर्ग शिरोमणि अकाली दल व श्री अकाल तख़्त को समर्पित अन्य प्रमुख नेताओं से परामर्श करना चाहिए। क्योंकि सिखों के परामर्श और अनुमोदन के बिना लिए गए कोई भी निर्णय न तो नैतिक रूप से सही होगा और न ही सिख समुदाय इसे स्वीकार करेगी।

### बिरसानगर में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

# विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप एक स्टेडियम निर्माण का दिया आश्वासन





आजाद सिपाही संवाददता

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन नंबर एक गुड़िया मैदान में बिरसा युथ वेलफेयर क्लब के द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। मौके पर विधायक श्री राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। मौके पर राय ने बताया मैदान में विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप एक स्टेडियम का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए वे संबंधित विभाग में प्रस्ताव रखेंगे। मौके पर विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस के कनीय अभियंता को बुलाकर मैदान की मापी करवाया ताकि यह पता किया जा सके यहां उपलब्ध भूखंड का क्षेत्रफल और विश्व स्तरीय स्टेडियम के लिए आवश्यक अन्य मानकों को पूरा करता है या नहीं।

विधायक राय ने कहा यहां एक उच्च स्तरीय स्टेडियम का निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। स्टेडियम निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर एक विश्व स्तरीय स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। राय ने कहा स्टेडियम बन जाने से बिरसानगर सहित अन्य क्षेत्र के युवा खेल का अभ्यास कर सकेंगे। साथ ही अपनी खेल प्रतिभा को निखारेंगे।

साथ ही युवा भविष्य में शहर, राज्य व देश का नाम रौशन करने में अपना योगदान देंगे।

### आरएसबी ट्रांसमिशन प्लांट 1 में रक्तदान शिविर का आयोजन, कामगारों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के आरएसबी ट्रांसमिशन प्लांट 1 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शिविर में कामगारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर आरएसबी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन आर के बेहरा व एसके बेहरा उपस्थित होकर कामगार रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सरायकेला अनुमंडलाधिकारी राम कृष्ण कुमार, सरायकेला बीडीओ मृत्युंजय कुमार सिंह मौजूद रहे। मौके पर आरएसबी ट्रांसमिशन के ग्रुप चेयरमैन बेहरा बंधुओं ने कहा कामगार एक परिवार जैसे हैं। वे सुख दुख में साथ निभाते हैं। उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। वही अनुमंडलाधिकारी राम कृष्ण कुमार ने कहा आरएसबी ट्रांसमिशन ग्रुप सदैव सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में अव्वल रहे हैं। कंपनी कारपोरेट रिस्पांसबिलिटी के तहत समाज के लिए काफी कुछ करते रहे हैं। कंपनी की एच आर जया सिंह ने कहा रक्तदान के लिए 319 कामगारों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सभी ने रक्तदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर को सफल बनाने में चिकित्सकीय टीम व स्वास्थ्य कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

### पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को जुगसलाई पुलिस ने नाबालिक के अपहरण का मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया नाबालिग के अपहरण के मामले में गरीब नवाज कॉलोनी के रहने वाले आरोपी मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### सीजीपीसी शिक्षा व स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में नये भवन का करेगी उपयोग

# निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व आयोजित होगी अरदास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) अब अपने कार्यालय की आधारभूत सरंचना का विकास करेगा और निर्मित नए तल्ले का उपयोग शिक्षा विकास और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के लिए किया जायेगा. भवन उसारी और नए तल्ले के निर्माण के मद्देनजर सीजीपीसी ने शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान सरदार भगवान सिंह ने की। बैठक के बाद भगवान सिंह ने बताया कि रविवार से सीजीपीसी कार्यालय में एक और तल्ले के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा और उसारी कार्य आरंभ करने से पूर्व गुरु महाराज की इजाजत लेने के लिए रविवार सुबह दस बजे अरदास की जायेगी। भगवान सिंह ने बताया कि नए तल्ले का उपयोग शिक्षा विकास और मेडिकल संबंधित जरुरत के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने सभी गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों को अरदास में शामिल होने की अपील की है। सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए पूरी तरह तत्पर है और क्रमबद्ध तरीके से कार्यों को सूचीबद्ध कर निष्पादित कर रहें है. बैठक में चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह तोते, वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह, कुलदीप सिंह बग्घा, अकाली दल के रविंदर सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, कुलविंदर सिंह पन्नू, हरजिंदर सिंह, सुखदेव सिंह बिट्टू, अमरजीत सिंह भामरा, ज्ञानी कुलदीप सिंह, अर्जुन सिंह वालिया समेत अन्य लोग शामिल थे।

### गम्हरिया बीडीओ के आदेश पर एक महीने के बाद भी नही हटा सरकारी आवास से कब्जा



आदित्यपुर। गम्हरिया प्रखंड कार्यालय कैम्पस में बने सरकारी मकान पर झामुमो नेता का कब्जा होने की मामला प्रकाश में आया है। गम्हरिया बीडीओ के आदेश के बावजूद वर्षों से कब्जा जमाए बैठने के मामले में 16 जून को पत्रांक संख्या 635 के आलोक में आदेश में साफ-साफ निर्दिष्ट किया गया है पांच दिनों के अंदर उक्त सरकारी मकान को खाली कर दें। अन्यथा अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन आजतक झामुमो नेता उक्त सरकारी मकान में कब्जा जमाए बैठे हैं। ऐसे में सवाल है बाबू दास को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है। जो बीडीओ के आदेश को धत्ता बताते हुए बड़े आराम से सरकारी आवास पर कब्जा जमाए बैठा है। वही बीडीओ एक महीने बाद भी अपने आदेश का तामिला करा पाने में विफल रही। सूत्र की माने तो बाबू दास बालू के खेल का बड़ा खिलाड़ी है। राजनीतिक सरपरस्ती की वजह से बाबू दास हाल के दिनों में सुर्खियों में आया है। हाल ही में खुद पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए आदित्यपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। मीडिया कर्मियों को बाबू दास ने अपने ऊपर गोली चलने की बात कही थी। जिसे पुलिस ने खारिज कर दिया था। लेकिन क्या सरकारी आदेश केवल गरीब, बेसहारा व लाचारों पर ही प्रभावी होते हैं।

## मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण महा अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की

# पर्यावरण के प्रति सचेत हों, नहीं तो भविष्य भयावह: मिथिलेश

- एक साथ हजार लोगों ने किया पौधरोपण, हजारों पौधों का किया गया वितरण
- मंत्री के साथ जनसमूह ने लिया पर्यावरण सुरक्षा का शपथ





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण के महा अभियान की शुरूआत की। शनिवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के तत्वावधान में गढ़वा के सुखबाना स्थित लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी अंजनी कुमार झा, डीडीसी राजेश राय, लायंस क्लब के पूर्व जिला पाल राजीवा सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस महा अभियान की शुरूआत मंत्री ठाकुर ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान लहसुनियां पहाड़ पर मंत्री ठाकुर के साथ एक साथ एक हजार लोगों ने पौधरोपण किया। साथ ही मंत्री ने स्कूली बच्चों आदि लोगों के बीच दो हजार पौधों का वितरण भी किया। साथ ही सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ भी लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पर्यावरण सुरक्षा की अति आवश्यकता है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए, पर्यावरण की रक्षा नहीं की गयी तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य भयावह होगा। जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लोगों को पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। आज पेयजल और प्रदूषण की जो समस्या उत्पन्न हो गई है, इससे सबक लेने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार और विभाग की ओर से कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। परंतु सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। आज से 20-25 वर्ष पूर्व गढ़वा में बहुत बारिश होती थी, पर आज सावन के महीने में भी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। पर्यावरण के दोहन से ही पेयजल की भी विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद का पात्र है। यह कार्यक्रम महोत्सव नहीं बल्कि महा महोत्सव है। अन्य सभी क्लबों को इस प्रकार का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड ही नहीं पूरे देश के लिए प्रेरणादायक होगा। सभी लोगों को पौधा लगाने और जल संरक्षण का कार्य अपना कर्तव्य समझकर करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकें। उन्होंने कहा कि आज के इस महा अभियान का दूरगामी परिणाम होगा। मंत्री ठाकुर ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा कदम उठाते हुए महा अभियान चलाने का आग्रह किया है। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश राय, एसपी अंजनी कुमार झा, राजीवा सिंह, कमांडेंट नृपेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट चेयरमैन ला. राकेश पाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष कंचन साहू आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शंभू त्रिपाठी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, डीएफओ शशि कुमार, डॉ यासीन अंसारी, डॉ एमपी गुप्ता, राजीव चौबे, अनिल सोनी, राजेश गुप्ता, सरोज सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, आराधना सिंह, चंदा देवी, मदन प्रसाद केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्कूलों में होगी पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता बच्चों को पुरस्कृत करेंगे मंत्री





गढ़वा। लायंस क्लब गढ़वा ऑसम के तत्वावधान में लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण महा अभियान पौधरोपण कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। बच्चों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों के उत्साह देखते हुये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को वे अपनी ओर से पांच-पांच हजार रुपए का पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। मौके पर जीएन कान्वेंट स्कूल, बीएनटी संत मैरी स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, बीपी डीएवी स्कूल, मदरसा गरीब नवाज झलुवा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से मदन प्रसाद केशरी, आशीष अग्रवाल, उमाकांत तिवारी, अमित तिवारी, एसएन पाठक, सुशील कुमार केशरी, प्रो. लखन कश्यप, अशोक विश्वकर्मा, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता सहित जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, जायंट्स ग्रुप ऑफ आस्था, रोटरी क्लब गढ़वा, लायंस क्लब गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी, लायंस क्लब गढ़वा ग्लोरियस आदि के पदाधिकारी व सदस्य कमलेश गुप्ता, विजय केशरी, अनु दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, अशोक केशरी, मनोज केशरी, रविंदर केशरी, दीपक तिवारी, मुजीब खान, मनोज केशरी, संतोष कश्यप, रविंद्र जयसवाल, पूनम का कांस्यकार, ज्योति प्रकाश केशरी, दीपाली अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, विनीता जयसवाल, अमित शर्मा, अनूप शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, शमसाद खान, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शांति निवास स्कूल को मिली सीबीएसइ से प्लस-2 तक की मान्यता



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के चीनिया रोड स्थित शांति निवास हाई स्कूल को सीबीएसइ नई दिल्ली से 12वीं की मान्यता प्रदान की गयी है। विद्यालय को मान्यता मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और शिक्षकों में काफी हर्ष है। शनिवार को स्कूल की प्राचार्य सिस्टर रोशना ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर या जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय अपने फैसिलिटी के आधार पर 12वीं की मान्यता प्राप्त कर लिया। अब विद्यालय में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा तक पढ़ाई होगी। 12वीं की पढ़ाई तीनों संकाय में होने वाला पहला विद्यालय होगा। सिर्फ बालिकाओ के लिए जिले में सीबीएसइ बोर्ड का यह एक मात्र संस्थान है। यहां छात्राओं को सीबीएसएसी पैटर्न पर अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि प्रयास रहेगा कि बच्चों और अभिभावकों के सहयोग से जिस तरह से स्कूल बेहतर कर रहा है वह आगे भी जारी रहेगा। इस स्कूल की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बने इसका प्रयास होगा। इस मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर लिंडा, सिस्टर जेमाप्रिया, सिस्टर प्रतिमा शामिल थी।

## नेजाम अंसारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत बैलिया गांव निवासी नेजाम अंसारी उम्र 26 वर्ष को धुरकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि अभियुक्त नेजाम अंसारी पिता फूल मोहमद अंसारी सी 18 2017 का अभूयक्त है वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना छेत्र में कोई भी अपराधी पुलिस से नहीं बच पायेगा । धुरकी पुलिस के द्वारा हर तरह के अपराधियों के धरपकड़ के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है, फरार चल रहे अपराधियों को हर हाल में गिरफ्तार कर जेल की सलाखों तक पंहुचाया जा रहा है पूरे थाना छेत्र में शांति कायम रहे इसके लिए पुलिस पूरीतरह से सक्रिय है।

## हत्यारे भाई को पुलिस ने भेजा जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने शनिवार को परित्यक्ता बहन के हत्यारे भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व थाना मुख्यालय के मधुरी टोला में तीन मासूम बच्चों के साथ मायके में रह रही परित्यक्ता रइसा बीबी को मामूली विवाद में उसका भाई जन्नत अंसारी ने मारपीट कर घायल कर दिया था, जिसकी मौत रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी थी। रइसा के मौत के बाद पिता समसुद्दीन अंसारी के आवेदन पर जन्नत अंसारी के विरुद्ध मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना के बाद से जन्नत अंसारी फरार हो गया था जिसे शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद हत्याकांड को लेकर एफआइआर दर्ज

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक कॉर्डिनेटर सिराज अहमद हत्याकांड को लेकर नगर उंटारी थाने में मृतक के भाई इसरार अंसारी ने एफआईआर दर्ज करवाई है। इसरार अंसारी ने थाने को दिये आवेदन में आरोप लगाया है कि मृतक की पत्नी सिम्मी बानो, उसकी पिता नजीबुल्लाह अंसारी, सास बेबी खातून भाई टीपू सुल्तान, सुलेमान अंसारी और इमरान अंसारी ने मिलकर षडयंत्र के तहत सिराज की हत्या की है। आवेदन में कहा है कि 2020 के बाद सिराज के पत्नी का व्यवहार गलत होने लगा। इस बीच सिराज के ससुराल वालों ने घर पर आकर सिराज के साथ मारपीट करते हुये उसकी पत्नी सिमी बानो को अपने घर ले गए। दहेज में दिये स्विफ्ट कार भी साथ ले गए। इसके बाद सिराज के ससुराल वालों ने इस बीच कई बार सिराज के साथ मारपीट किया। जिसका प्राथमिकी न्यायालय में दर्ज कराया गया। आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व भी सिराज ने घर पर अपने सभी लोगो से पत्नी और उसके ससुराल वालों पर हत्या कराने की आशंका जताया था। उसने कहा था कि भवनाथपुर जाने के दौरान कई बार ससुराल वाले हत्या करने के नियत से पीछा करते हैं। पुलिस से भाई ने न्याय की गुहार लगायी है। कोर्ट में तलाक का चल रहा था मामला सिराज अहमद की शादी मुस्लिम रीति रिवाज से गढ़वा थाना क्षेत्र के फरतिया गांव के नजीबुल्लाह अंसारी की पुत्री सिमी बानो के साथ 23 अक्टूबर 2019 को हुआ था। शादी के एक साल बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। मामला तलाक तक पहुंच गया। गढ़वा के फैमिली कोर्ट में तलाक का मामला भी चल रहा था।

## विक्रम यादव ने सीओ को दिया आवेदन

- अपने रैयती जमीन में एलएनटी कंपनी द्वारा जबरन कराये जा रहे कार्य पर रोक लगाने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान गांव निवासी विक्रम यादव पिता भदई महतो ने भवनाथपुर सीओ को लिखित आवेदन देकर अपने रैयती जमीन में एलएनटी कंपनी द्वारा जबरन कराये जा रहे कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में विक्रम यादव ने जिक्र किया है, कि कैलान गांव स्थित मेरा रैयती जमीन जिसका नया खाता 216 पुराना खाता 5, प्लॉट नया 2140 पुराना 981, रकबा 1 एकड़ 82 डिसमिल है, जबकि हाल सर्वे खतियान में भी मेरे पिता भदई महतो का नाम पर दर्ज है। कहा कि उक्त जमीन पर मेरा दखल कब्जा बरकरार है, और वर्षो से इस जमीन में मैं जोत कोड़ कर रहा हूं, साथ उक्त जमीन में 87 का मुकदमा भी न्यायालय में चल रहा है, लेकिन गांव के ही विमलेश यादव पिता चरितर यादव के द्वारा मेरे जमीन में पोकलेन मशीन लगवाकर जबरन जोत कोड़ का कार्य कराया जा रहा है। विक्रम यादव ने आवेदन के अलोक में मामले की जांचोपरांत उक्त जमीन में हो रहे कार्यों पर सीओ से अविलंब रोक लगाने की मांग की। पुलिस द्वारा भयादोहन कर दूसरे पक्ष को उक्त जमीन पर कब्जा दिलाने का किया जा रहा प्रयास मामले को लेकर आवेदक विक्रम यादव के पुत्र उदेश यादव ने भवनाथपुर पुलिस पर बिना कागज देखे ही एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 14 जुलाई को वह उसी जमीन में जोत कोड़ कर रहा था, तभी थाना के एसआइ कुंदन यादव पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा धमकाते हुए कहा कि तुम किससे पूछ कर इस जमीन को जोत रहे हो, अभी तुरंत जोत कोड़ बंद करो नही तो ठीक नही होगा। वही बाद में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने फोन कर कहा कि वह जमीन तो विमलेश यादव का है, तुमलोग उस जमीन में जोत कोड़ करने से मना कर दिए। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि जमीन से जुड़ा मामला देखना अंचल का कार्य है। 100 नंबर डायल के शिकायत के अलोक में पुलिस उस जमीन पर पहुंची थी। किसी को भी जोत कोड़ करने से मना नही किया गया है।

## बच्चों ने चंद्रयान-3 का मॉडल बनाया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आर.पी.बिमला निकेतन फरठिया में चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के उपलक्ष में विद्यालय के बच्चों द्वारा चंद्रयान-3 का मॉडल बनाया गया। साथ-साथ बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मनीष कुमार प्रथम, द्वितीय ऋषभ पासवान, रागिनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किये। साथ-साथ शुभम कुमार, वारिस रजा, अजीत कुमार, रौशन कुमार, रुखसार प्रवीण, शाहिद रजा का प्रयास काफी सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनिरुद्ध केसरी ने बच्चों को उनके इस प्रोजेक्ट के लिए काफी बधायी दी। शिक्षिका पूजा केसरी ने प्रोजेक्टर के द्वारा चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण को बच्चों को दिखाया और उसके बारे में बताया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।


### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
प्रथम शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– **DWSD/KH-16(MVS)/2022-23 (5th Call), Dt.- 06.07.2023 P.R.No.–301692 (Drinking Water & Sanitation)22-23*D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Name of Work- Sindari, Purnanagar, Norhi and adjoining Village Rural Pipe Water Supply Scheme Under D.W. & S. Division Khunti on turnkey basis**)के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Bid Submission End Date | 15.07.2023/05.00 PM | 22.07.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 17.07.2023/02.00 PM | 24.07.2023/02.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 18.07.2023/11.00 AM | 25.07.2023/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 302449 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


## बाबूलाल को पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्रीबंशीधर नगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बाबूलाल मरांडी को पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने रांची में मिलकर उन्हें बधाई दिया। रामचंद्र केसरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार राज्य में अगली बार बनेगी। केसरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के सबसे चहेता नेता है। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूरे पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर आया है। जिसके फलस्वरूप आगामी लोकसभा और विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी झारखंड में परचम लहरायेगी।


### कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।
अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 12 दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना तथा अन्य योजना अंतर्गत जिला के विभिन्न जलाशय में अधिष्ठापित पुराने केजों में मोनोसेक्स तिलापिया, पंगेशियस एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज का संचयन कराया जाना है। तद्नुसार प्राप्त राज्यादेश के अधीन पंगेशियस बीज उत्पादकों से पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता से मोहर बन्द लिफाफा में इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन दिनांक 25/07/2023 समय मध्याह्न 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
आवश्यक शर्तें:–
1 आपूर्तिकर्ता को अपने नीजी खर्च पर स्वस्थ एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवत्ता वाले पंगेशियस अथवा मोनोसेक्स तिलापिया बीज को केज स्थल तक पहूँचाकर आपूर्ति करना होगा एवं कम से कम 15 दिनों की उत्तरजीविता जॉच कर संतुष्ट होने के उपरांत ही भुगतान की जाएगी।
2 आपूर्ति की जाने वाली पंगेशियस बीज प्रति कि0 ग्रा0 500–600 पीस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज प्रति कि0 ग्रा0 2000 से 2500 पीस से अधिक संख्या की नहीं होनी चाहिए।
3 मोनोसेक्स तिलापिया की आपूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
4 पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का सरकारी दर 1.50 /–रूप्या प्रति पीस है (परिवहन सहित)
5 चयनोपरांत पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का आपूर्ति नहीं किये जाने पर आपूर्तिकर्ता को काली सूची में नाम डाल दिया जाएगा।
6 आपूर्तिकर्ता का प्रस्ताव रद्ध करने का अधिकार बिना कारण बताये कय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 302463 Fish(23-24)D


# सामूहिक विवाह सफल बनाने के लिए मंत्री ने रथ किया रवाना

- गरीब के बेटियों की शादी करायेगा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी: मिथिलेश ठाकुर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के जिला कार्यालय जिला परिषद मार्केट में संस्था द्वारा संकल्पित बाल विवाह, दहेज प्रथा के बहिष्कार हेतु आगामी माह 6 दिसंबर 2023 को गढ़वा जिला में आयोजित 101 गरीब असहाय कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह को सफल करने के लिए जन जागृती अभियान के जागरूकता रथ को झारखंड सरकार के पेयजल और स्वछता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और संस्था सचिव विकाश कुमार माली जिलाध्यक्ष मो तनवीर आलम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर प्रेस से बातचीत के दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि यह संस्था बिहार सरकार से निबंधित संस्था और इनका कार्य काफी सराहनीय है। साथ ही कहा कि संस्था में अपनी कन्याओं का निबंधन कराए और इस कार्यक्रम को सफल करने में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य में शिरकत करना अपने आप में गौरवान्वित महसूस होता है। अगर मैं झारखंड राज्य के किसी भी जिले में रहूंगा तो कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहूंगा। उन्होंने कहा कि अगर कार्य क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होती है तो उसके लिए सहयोग के साथ साथ सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि संस्था कार्य क्षेत्र में प्रशासनिक पदाधिकारियों का भी भूमिका रहेगा। इस मौके पर संस्था सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था भारत सरकार के विधानांतर्गत बिहार सरकार द्वारा सोसाइटी एक्ट 21/1860 के तहत निबंधित संस्था है। जिसका शुभारंभ गया में 2010 शुभारंभ कर बिहार/झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में कार्य का विस्तार कर चुकी है। जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और सामूहिक विवाह का प्रोत्साहन करना है। और यह भी कहा कि संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकल्पित है। और अपने पदाधिकारियों सर्वेयरों, कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रतिदिन अग्रसरित है। ये सब उद्देश्यों और लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए संस्था के सर्वेक्षकों द्वारा गढ़वा, डालटनगंज, और लातेहार जिले के विभिन्न पंचायतों के गांव से 101 कन्याओं का चयन किया जायेगा। और यह भी संदेश दिया कि संस्था हर निर्धन परिवार के साथ है। जो बेटिओं को बोझ समझते हैं। वह अपने बेटियों को बोझ ना समझे संस्था में आकर मिलें उन्हें सहयोग करते हुए सम्मान के साथ विवाह करा कर विदाई करने का कार्य करेगी। साथ ही यह भी बताया कि संस्था को झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिससे कि संस्था अपने उद्देश्य और लक्ष्य की ओर अग्रसरीत है, और इनके अमूल्य सहयोग के लिए संस्था परिवार तहे दिल से सम्मान करती है। इस मौके पर जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, अल्पसंख्यक मोर्चा के विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, कल्याणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद चंद्रवंशी, सत्तन माली संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, सहायक सचिव राजेश कुमार सिन्हा, हासिबुल्लाह अंसारी, जिला प्रबंधक अयूब खान, टिंकू तिवारी, मुकेश मेहता, अमानत खान, रंजीत, प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।


### कार्यालय जिला परिषद्, खूँटी
कार्यालय आदेश सं०–18 /2023–24 दिनांक–18.07.2023
अति–अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, खूँटी अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में स्थित निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती खुली बोली के माध्यम से की जानी है। यह बन्दोवस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी। इच्छुक आवेदक/ संस्था/समिति मोहरबंद लिफाफें में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है।
विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | सैरात की विवरणी | प्रखण्ड | ग्राम | पो०/ पंचायत | वर्तमान में निर्धारित की गई सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि 10 % | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | तपकरा बाजार परिसर | तोरपा | तपकरा | बरदा+ कमड़ा | 222697.00 | 22269.70 | आवेदन शुल्क की राशि– 500 रू० (प्रति सैरात) |
| 2 | तोरपा बाजार परिसर | तोरपा | तोरपा | तोरपा | 33782.00 | 3378.20 | |
| 3 | टॉंगरकेला बाजार परिसर | रनियॉं | टॉंगरकेला | खड़गपुर+ जयपुर | 40787.00 | 4078.70 | |
| 4 | कर्रा–मरचा बाजार परिसर | तोरपा | कर्रा–मरचा | मरचा | 20258.00 | 2025.80 | |
| 5 | लोधमा बाजार परिसर | कर्रा | लोधमा | लोधमा | 76079.00 | 7607.90 | |
| 6 | गोबिन्दपुर बाजार परिसर | कर्रा | गोबिन्दपुर | गोविन्दपुर | 11218.00 | 1121.80 | |
| 7 | मुरहू बाजार परिसर | मुरहू | मुरहू | मुरहू | 266003.00 | 26600.30 | |

दिनांक–22.07.2023 को 12:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबन्द लिफाफें में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति दिनांक–22.07.2023 को पूर्वाह्न 1:30 बजे जिला परिषद्, खूँटी अंतर्गत गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदक को उक्त बैठक में बोली लगाने हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
विस्तृत जानकारी तथा नियम एवं शर्त कार्यालय अवधि में जिला परिषद, खूँटी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा खूँटी जिले के ऑफिशियल वेबसाईट www.khunti.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, खूँटी।

PR.NO.302414 District(23-24):D

## आज लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन करेंगे सांसद सुदर्शन भगत

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। इमरजेंसी केयर की अगुवाई में लोहरदगा नर्सिंग होम और क्यूरेस्टा हास्पिटल रांची द्वारा लोहरदगा नर्सिंग होम नवाड़ीपाड़ा परिसर में 16 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अनुभवी और विभिन्न रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया जायेगा। शिविर में डॉ दीपिका तिर्की, डॉ राजेश कुमार भगत, डॉ शिव शंकर मुंडा, डॉ प्रवीर सिंह मुंडा, डॉ रंजीत कुमार, डॉ अलीफा, डॉ कविता तिर्की, डॉ अजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहेंगे। शिविर में विभिन्न प्रकार के जांच भी किये जायेंगे। जिसमें बीस प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी और अल्ट्रासाउंड में 15 परसेंट की छूट दी जायेगी। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सजल कुमार ने दी।

## युवा सद्भावना मंच अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में आज शनिवार कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुडू प्रखंड में युवा सद्भावना मंच ओर की से गतका खेल का आयोजन किया गया। किस्को और पेशरार प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कराया गया। कैरो प्रखंड के गुड़ी, सदर प्रखंड के अरकोसा पंचायत और भंडरा प्रखंड के आकाशी पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। साथ ही बिटपी प्लस टू विद्यालय में बुक क्लब एक्टिविटी अंतर्गत प्रख्यात साहित्यकारों की कृति का स्वाध्ययन कराया गया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कुडू में पोषण के महत्व पर चर्चा की गयी।

## छिपादोहर में थाना दिवस पर 10 मामलों का निपटारा



बरवाडीह(आजाद सिपाही): जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर शनिवार को छिपादोहर थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में थाना दिवस मनाया गया। थाना दिवस में छिपादोहर थाना क्षेत्र के कई जगहों से जमीन विवाद, मारपीट, डाइन बिसाही समेत 15 मामले आये जिसमें से 10 मामले ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। कई मामले में चेतावनी देकर छोड़ दी गयी। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले को शार्टआॅउट करने के लिए थाना में मामला को सुलझाया जा रहा है। आम लोगों को कोर्ट का चक्कर नहीं लगे इसको लेकर छोटे-छोटे मामले को थाना में ही समाप्त किया जा रहा है। आपकी सारी समस्या का निपटारा थाना में कर दिया जायेगा।

## करमाही में वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

मनिका (लातेहार)(आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के करमाही गांव में दिन शनिवार को समय लगभग 9 बजे सुबह वज्रपात होने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें रंजीत यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही घायल पंकज यादव को समाजसेवी अख्तर अंसारी और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने खेत में काम कर रहे थे इसी दौरान अचानक उन पर बिजली गिर पड़ी जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया दोनों घायलों को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने रंजीत यादव को मृत घोषित कर दिया और पंकज यादव को आईसीयू में रखकर इलाज किया जा रहा था।

## `कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन



लातेहार(आजाद सिपाही)। माध्यमिक शिक्षक संघ का बैठक जिला खेल स्टेडियम लातेहार में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में सभी मौजूद शिक्षक के निर्णय से कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। कार्यकारिणी समिति और पर्यवेक्षक के देख रेख में लातेहार प्रखंड कमिटी कागठन किया गया, जिसमे प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, सचिव प्रेमशंकर कुमार कोषाध्यक्ष प्रेमचंद यादव और प्रखंड मिडिया प्रभारी श्री पिंटू कुमार का चयन किया गया। उक्त बैठक में प्रमोद कुमार, मनीष, आशीष सिन्हा, आशीष कुमार, सत्येंद्र मेहरा, समी आलम, संदीप पासवान, अजय, अभय पांडेय समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस जिले में मजबूती के साथ काम कर रही है : जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। शनिवार को लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी बैठक और युवा प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कमिटी का पुनर्गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह किया गया, नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर माला पहनाकर और पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी दी गयी मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों को एक बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है सभी पदाधिकारी बखूबी के साथ पार्टी कर्तव्यों का पालन करें और संगठन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, कांग्रेस की विचारधारा के साथ राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करें और बीते वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं से कई झूठे वादे किये और वर्तमान में उनका पर्दाफाश हो चुका है और युवाओं को एकजुट होकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी निर्माण में जमकर बरती जा रही अनियमितता




बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मंगरा पाट मे भवन निर्माण विभाग से लगभग 20 लाख रुपये से हो रही चारदीवारी निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने रोष जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। सीमेंट और लोहे की मात्रा एस्टीमेट के अनुसार नहीं ली जा रही तथा सीमेंट का उपयोग कम और बालू का उपयोग ज्यादा किया जा रहा है। नाम नही छापने की शर्त पर वहां कार्य कर रहे एक मजदूर ने बताया कि 16 तगाड़ी बालू और एक बोरा सीमेंट डाल कर मसाला बनाया जा रहा है। जिससे एकदम निम्न स्तर (घटिया किस्म) का मसाला तैयार होगा। वही दूसरी और इस बाबत पश्चिमी जीप सदस्य से बात कि तो उन्होंने बताया कि शिक्षा के मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य में इस तरह अनियमितता को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय को और जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। वही दूसरी और जब इस बाबत भवन विभाग के कनीय अभियंता केदार राम से दुरभाष पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नही किया। परंतु कार्य आधा से अधिक पूरी कर ली गयी पर बोर्ड या शिलापट्ट नही लगाया गया। जिससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

# हिंडाल्को की माइंस बंद होने से 1200 ट्रकों के पहिये थमे, लोग हलकान

### सांसद को ज्ञापन सौंप ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। स्थानीय पेट्रोप पंप संचालको और ट्रक व्यवसाय से जुड़े लोगों ने सांसद सुदर्शन भगत को ज्ञापन सौंपकर ट्रकों के परिचालन प्रारंभ करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। बताया गया कि लोहरदगा को बॉक्साइट की नगरी कहा जाता है, साथ ही लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिला में पिछले पांच छह दशकों से यह बॉक्साइट परिवहन करने वाली ट्रके यहां की लाइफ लाइन मानी जाती है। हिंडालको कंपनी द्वारा संचालित माइस गुरदरी विमरला, न्यू अमती पानी के बंद हो जाने के कारण ट्रको का पहिया धम गया है। करीब 2 महीनों से लोहरदगा गुमला और लातेहार क्षेत्र के बारह सौ से भी ज्यादा बॉक्साइट परिवहन करने वाले ट्रकों के पहिये थम जाने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से ज्यादा लोगों के प्रभावित हो रहे हैं। इस बंदी से व्यवसाय से जुड़े ट्रक चालक, सह चालक, बॉक्साइट लोडर, अनलोडर तुबपूकरेट, वेल्डर, मोटर पाट्‌र्स, कबाड़ी, मैकेनिक, हुड मेकर, ट्रक मालिक, पंचर, पेट्रोल पंप, पेंटर बैटरी आदि दुकाने/ प्रतिष्ठानों के परिजन तथा उक्त प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इन तीन जिलों के अर्थव्यवस्था में कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को दी जाने वाली एक बड़ी राशि बाजार की रीढ़ मानी जाती है। बंदी के कारण जहां शहरों और गांवों के बाजार में वीरानगी छा गई है वहीं दूसरी ओर केंद्र तथा राज्य सरकार को राजस्व की भी काफी क्षति हो रही है। मौके पर संजय वर्मन, ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, ओम गुप्ता, संजीव शर्मा, बालकृष्ण सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# शैक्षणिक योग्यता के साथ तकनीकी योग्यता भी विकसित करें युवा : अविनाश विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। होटल अमृत पैलेस लोहरदगा में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 100 युवक शामिल हुए। जिले में कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित मिटकॉर्न मेगा स्किल सेंटर, एसजीआरएस कंपनी, आईसेक्ट स्किल मिशन, एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर, निष्ठा, जिला नियोजनालय लोहरदगा जैसी कौशल विकास एजेंसियां भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम का उदघाटन मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अविनाश विद्यार्थी के द्वारा किया गया। अविनाश विद्यार्थी ने युवाओं को आगे आकर स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम से जुड़ने को कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी कौशल विकास एजेंसियों ने उनके द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किशोर किशोरियों के द्वारा किए गए प्रश्नों का उत्तर दिया। सभी संस्थानों ने प्रशिक्षण उपरांत जॉब प्लेसमेंट की सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम स्थल पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न संस्थानों ने विस्तृत जानकारी देने हेतु स्टाल भी लगाया था। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने उपस्थित युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया। आप अपनी रुचि अनुसार कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़े। उन्होंने यह भी बताया कि सी3 युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने हेतु प्रतिबद्ध है। मौके पर सी3 के रंजन कुमार, पवन कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह, मुबेद अख्तर, नंदलाल उरांव आदि मौजूद थे।

# 16 जुलाई से 20 अगस्त तक होगा स्वच्छता सर्वेक्षण, कार्यशाला में दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-1 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन न्यू टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया गया। जिसमें सभी मुखिया, सभी जल सहिया, आँगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस के दीदी मुख्य रूप से भाग लिया। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 के तहत दिनांक 16 जुलाई से 20 अगस्त तक स्वच्छता से संबंधित आयामों पर स्वच्छता सर्वेक्षण बाहर के टीमों के द्वारा सर्वेक्षण किया जायेगा जिसमें गांव में जाकर किसी ग्राम के 15 घरों का परिवारों से बातचीत, गांव स्तर पर स्वच्छता संबंधित व्यवस्था का आकलन तथा सभी सार्वजनिक और संस्थानों का स्वच्छता से संबंधित सुविधाओं का आकलन किया जायेगा। जिला समन्वयक द्वारा कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छता के पैमाने सर्वेक्षणकर्त्ता द्वारा मापा जाता है। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण पूर्व से अलग है इस बार गांव स्तर पर ठोस और तरल कचरा, प्लास्टिक कचरा, फिक्ल सलज तथा गांव स्तर पर ग्रामीणों द्वारा किस तरह से घर से निकलने वाले कचरे का निष्पादन किया जाता है उसका व्यवहारिक पक्ष तथा जागरूकता पर बल दिया जायेगा, साथ ही अब तक ओडीएफ प्लस के तहत किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता अनुप कुमार हांसदा ने बताया कि गांव में स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में प्रयास करें साथ सर्वेक्षणकर्ता को सर्वेक्षण के दौरान पूछे गए प्रश्नों का जवाब सहजता से दें। इस कार्यशाला में विभाग के ओर से सहायक अभियंता, कनीय अभियन्ता, सभी प्रखंड समंवयक /सोशल मोबलाईजर उपस्थित रहें।

# चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में लोहा चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही

मुकेश कुमार सिंह



लातेहार। चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत स्थित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में हर दिन हजारों टन लोहे की चोरी की जाती है। यह सिलसिला कई सालों से जारी है। इसको रोकने के लिए लातेहार पुलिस पूरी तरह असमर्थ दिखायी पड़ रही है। बताया जाता है कि प्लांट परिसर के अंदर शाम के 6 बजे से ही पूरे रात भर सैकड़ों की संख्या में चोर अंदर घुस जाते हैं और बड़े आसानी से गैस कटर से काटकर पिकअप वैन तथा मोटरसाइकिल से हजारों टन की ढुलाई लोहे की करते है। लोहा चोर इतना सक्रिय है कि लोहा कटिंग और ढुलाई जब होती है तो कुछ चोरों के द्वारा सुरक्षाकर्मियों के ऊपर पत्थर और गुलेल से वार किया जाता है। जिसके चलते प्लांट परिसर में लोहा चोरी करने वाले चोरों को सुरक्षाकर्मी नहीं पकड़ पाते हैं। वही बात करे तो प्लांट परिसर के अंदर लातेहार पुलिस के द्वारा एक पुलिस कैंप दिया गया है। जिसमें चंदवा थाना के चार पुलिसकर्मी और सैप जवान के 90 पुलिसकर्मी के साथ एसआईएस और लकक्ष सिक्योरिटी कंपनी के 115 जवान कंपनी के अंदर सुरक्षा में तैनात हैं। उसके बाद प्लांट के बाहर नवाटोली में एक कंपनी इंडियन रिजर्व बटालियन की रहती है। उसके बावजूद भी प्लांट के अंदर हर दिन हजारों टन चोरी हो रही है। साथ ही बालूमाथ की ओर मकईयाताड़ में एनएच 22 पर एक पुलिस कैंप है। इतनी बड़ी सुरक्षाकर्मी के रहने के बावजूद भी अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से हजारों टन लोहे कि चोरी हो रही है। और सभी लोहा चोर, चोरी कर बालूमाथ और चंदवा के कबाड़ी दुकानों में चोरों के द्वारा लोहा बेची जाती है। इससे साफ पता चलता है कि लातेहार जिला पुलिस चोरी रोकने में असमर्थ है। इधर बताते चलें कि शुक्रवार की रात्रि को चोरों के द्वारा अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से लोहा चोरी कर ले जा रही एक पिकअप वैन जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या JH03AH-6031 है। इस पिकअप वैन को शनिवार की सुबह नवाटोली स्थित इंडियन रिजर्व बटालियन के जवानों ने चार टन लोहा लदा पकड़ लिया साथ में चालक और उप चालक को भी पकड़ कर चंदवा थाना को सौंप दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि लोहा चोरी करने को एंट्री दी जाती है। तब यह गाड़ी कैसे पकड़ा गया। यह चर्चा पूरे बाजार में फैल गई है। जिससे बाजार गर्म है। ऐसे गाड़ी पकड़ने का सिलसिला पुलिस के द्वारा बहुत यदा-कदा होती है। इधर चंदवा पुलिस ने पकड़े हुए पिकअप वैन जो लोहा लदा है उसको और चालक शंभू सिंह, उप चालक छठराम सिंह बरियातू खालसा लातेहार पर कांड संख्या 148/23 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## बीडीओ ने गांवों का दौरा कर लाभुकों से लंबित आवास को पूर्ण करने का किया आग्रह



बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड के केड पंचायत समेत विभिन्न पंचायतो का भ्रमण कर पीएम ग्रामीण आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सुस्त गति से चल रहे पीएम आवास निर्माण पर प्रखंड प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया। बीडीओ ने आवास के लाभुकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवास निर्माण शीघ्र करायें अन्यथा राशि रिकवरी, प्राथमिकी सहित अन्य कड़ी कार्रवाई की जायगी। बीडीओ प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण कर पीएम आवास के अद्यतन स्थिति का आकलन करते दिखे। उन्होंने दर्जनभर निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया और तेज गति से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने लाभुकों के साथ जगह जगह बैठकें की और आवास निर्माण में हो रही परेशानियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर आवास निर्माण की कार्रवाई की जा रही है बावजूद कुछ लाभुक आवास निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं जिन्हें अंतिम चेतावनी दी जा रही है।

## दुकानदारों ने रविवार को दुकान बंद रखने का लिया निर्णय

महुआडांड(आजाद सिपाही)। महुआडांड़ बाजार के गांधी चौक में शुक्रवार शाम 6:00 बजे दुकानदार संघ की एक अहम बैठक बाजार टांड़ स्थित गांधी चौक में हुई जिसमें सर्वसम्मति से रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी का निर्णय लिया गया। बैठक में दुकानदार संघ के सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मोहन जायसवाल और खुर्शीद आलम कर रहे थे, साप्ताहिक बंदी के दिन दवा दुकान को छोड़कर सभी दुकान बंद करने का लिया गया निर्णय, संघ के द्वारा ये भी निर्णय लिया गया कि जो भी दुकानदार दुकान खोलते हैं उन पर 1100 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। मौके पर सैकड़ों दुकानदार मौजूद थे।

## आवारा पशुओं ने धान का बिचड़ा खाया, मुआवजे की मांग



लातेहार(आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दो अंतर्गत बैगा टोला में बीती रात्रि आवारा पशु ने खेत में लगे धान का बिचड़ा खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। लोगो ने बताया कि घर के आस-पास खेतों में धान का बिचड़ा लगाया गया था। जिसे आवारा भैंसों ने बीती रात्रि खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। उक्त आवारा भैंस राजकुमार यादव का कारू मियां और गुर्जर पासवान का बताया जा रहा है। किसानों ने बताया कि इस घटना से उनका 50 हजार का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र पाठक ने भुक्तभोगी किसानों से मुलाकात की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। नगर पंचायत की बैठक में कई बार कांजी हाउस बनाने के लिए प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन विभाग द्वारा इस पर पहल नहीं किया जाता।

## औरंगा नदी से बालू उठाव पर निगरानी रखने के लिए समिति का गठन



लातेहार(आजाद सिपाही): नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर सात में चटनाही ग्राम के औरंगा नदी बालु घाट (खाता नंबर 121, प्लाट 860) में बालू उठाव पर निगरानी रखने के लिए एक आमसभा का आयोजन कर समिति का गठन किया गया है। आमसभा नगर पंचायत कार्यालय के पत्रांक 1326 दिनांक 19.06.23 के आलोक में नगर पंचायत के नगर मिशन प्रबंधन डा आंनद कुमार दांगी व कनीय अभियंता संदीप कुमार की उपस्थिति में किया गया। बैठक में निर्वतमान वार्ड पार्षद बेबी देवी व विमला देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। निगरानी समिति का अध्यक्ष निवर्तमान वार्ड पार्षद बेबी देवी व उपाध्यक्ष राजू यादव को बनाया गया। जबकि सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार को बनाया गया. इसके अलावा धीरज कुमार, गौतम कुमार सिंह व राजेश प्रसाद को बतौर सदस्य समिति में शामिल किया गया। बताया गया कि औरंगा नदी पुल के 50 मीटर की परिधि में बालू का उठाव नहीं किया जायेगा। ऐसा करने पर बालु खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मनीष दास, नीरज कुमार पांडेय, आयुष शौंडिक, लक्की पांडेय सिद्धार्थ सिंह, पंकज, मनोज, विजय आदि उपस्थित थे।

## पतंजलि के राज्य प्रभारी आज आयेंगे लोहरदगा

लोहरदगा(आजाद सिपाही): पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय लोहरदगा जिले के दो दिवसीय प्रवास में रहेंगे। प्रवास के दौरान राज्य प्रभारी श्री पांडे के द्वारा योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की लोहरदगा जिला इकाई के साथ साथ अन्य प्रकल्पों के पदाधिकारियों व जिला कार्यसमिति के साथ बैठक करेंगे। जिसमें आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा परिचर्चा की जायेगी। जिसके तहत जड़ी-बूटी दिवस, सहयोग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर आदि पर प्रकाश डालेंगे। श्री पांडेय दिनांक 16 जुलाई को वनवासी कल्याण आश्रम आयोजित कार्यक्रम हवन में भी उपस्थित रहेंगे।

## युवा सद्भावना मंच के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही): युवा सद्भावना मंच के तहत जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रखंड प्रशासन द्वारा डांडू खेल मैदान में फुटबॉल मैच आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को आरंभ कराया। सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता फुटबॉल क्लब डाडू बनाम फुटबॉल क्लब एकागुरी के बीच संपन्न हुआ। जिसमें फुटबॉल क्लब डाडू ने 0-1 गोल से फुटबॉल क्लब डाडू को पराजित कर किया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सद्भावना फुटबॉल मैच में किसी की हार नही हुआ है। बीपीओ निलेंद्र कुमार ने कहा कि लगातार खेले और पढ़ाई करें अच्छे विचार को अपनायें। खेल के नियम निति को जानें और खेल और शिक्षा के प्रति सजग हो समाज को जगरुक करने की बात कही गयी। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, बीपीओ निलेंद्र कुमार, सुजीत भगत, अधीश खाखा सहित खेलाड़ी गण उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर जला, थाना और हलवाई टोली के उपभोक्ता परेशान

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा थाना और हलवाई टोली का ट्रांसफार्मर जल गया है। ट्रांसफार्मर जलने से भंडरा थाना के पुलिस कर्मी और हलवाई टोली के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस संबंध में स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर जलने से लगभग एक सौ उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। भंडरा थाना में कई आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर सीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किए हैं। कार्यपालक अभियंता के द्वारा लोगों को सीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया गया है।

## अमरनाथ के लिए 60 कांवरियों का जत्था रवाना, बीडीओ-सीओ ने दी शुभकामनाएं



डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही )। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम क्षेत्र डुमरी से 60 कांवरियों के जत्थे को बीडीओ एकता वर्मा और सीओ रेशमा रेखा मिंज ने फीता काटकर रवाना किया। साथ ही बीडीओ ने सभी श्रद्धालुओं के कुशल यात्रा की मंगल कामना की। कहा की सभी भक्त अपनी धार्मिक यात्रा पूरी कर सकुशल अपने घर लौटें साथ ही अपने और अपने क्षेत्र, जिले, राज्य और सम्पूर्ण राष्ट्र के प्रगति की ईश्वर से कामना करें। अमरनाथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे गुमला के अजय कुमार गुप्ता व डुमरी के अंकित कुमार ताम्रकार ने बताया की इस यात्रा में 25 महिला और 35 पुरुषों सहित 60 श्रद्धालु हैं, जिनमें डुमरी, चैनपुर, गुमला, घाघरा, बेड़ो और छत्तीसगढ़ के भी भक्तगण शामिल हैं। यह यात्रा डुमरी से डाल्टनगंज, काशी विश्वनाथ, अयोध्या, पानीपत, अमृतसर, आगरा, बाघाबोर्डर, श्रीनगर, डलझील, बाबा अमरनाथ, मां वैष्णोदेवी, प्रयाग राज, विंध्यांचल, सुल्तानगंज, देवघर, रजरप्पा सहित अन्य विभिन्न धार्मिक स्थलों में सुरक्षित वाहन से प्रस्थान कर रही है जो लगभग 20 दिनों की यात्रा के बाद वापस लौटेगी। सर्वप्रथम डुमरी दुर्गा मंदिर परिसर में सभी अमरनाथ यात्रियों का बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। जहां जय बाबा टांगीनाथ और जय अमरनाथ के नारे से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। साथ ही मंदिर परिसर में ही सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण कर अपनी यात्रा प्रारंभ की। जिसमें अजय कुमार गुप्ता, अंकित कुमार, जयप्रकाश भगत (अभिषेक बोरवेल गुमला), राकेश कुमार, शिवनाथ प्रसाद, अशोक केशरी, आनंद गुप्ता, राजकुमार ताम्रकार, विजय केशरी, सत्यनारायण गुप्ता, करुणा देवी, सीमा देवी, किरण देवी, बेबी देवी, उमा देवी, मीना देवी, विदया देवी, मीला देवी,। भगवानी देवी सहित अन्य भक्त शामिल हैं।

## बीडीओ ने किया बूथ केंद्रों का निरीक्षण



घाघरा (आजाद सिपाही )। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने प्रखंड क्षेत्र के कई बूथ केंद्रों का शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में बालाखटंगा का हापामुनी स्कूल व नवडीहा आंगनबाड़ी के बूथ केंद्र पहुचे। जहां उपस्थित बीएलओ शिक्षकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही डोर टू डोर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को भी देखा। उपस्थित ग्रामीणों से भी कहा कि जो भी नए मतदाता 18 वर्ष जिनका पूरा हो चुका है वह प्रपत्र 6 भर कर जमा करें ताकि उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सके। साथ ही नाम संधारण के लिए प्रपत्र 7 और मृत हो चुके व्यक्तियों का नाम हटाने के लिए प्रपत्र 8 भर कर जमा करें। किसी भी तरह की परेशानी है तो संबंधित बीएलओ से संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें। इसके साथ ही मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा पेयजल शौचालय बिजली की व्यवस्था भी देखा और संबंधित शिक्षकों को कोई आवश्यक दिशा निर्देश दीया। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी विनोदानन्द पाठक, संतोष कुमार सहित कई कर्मी बीएलओ शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## कौशल विकास केंद्र में चल रहे स्कील ट्रेनिंग का डीडीसी ने किया उद्घाटन

चैनपुर (आजाद सिपाही )। मुख्यालय के कौशल विकास केंद्रमें मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत चल रहे स्किल ट्रेनिंग सेंटर का डीडीसी हेमंत सती ने विधिवत उद्घाटन किया कार्यक्रम की शुरूआत सभी आगंतुक अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी जिसके बाद ट्रेनिंग ले रही छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया गया मौके पर उपस्थित डीडीसी हेमंत सती ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरोजगार को अपनाने और आजिविका को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की गयी है मुख्यमंत्री सारथी योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है आप इस योजना से जुड़कर सिलाई कढ़ाई, कम्प्यूटर और फैशन डिजाइनिंग की ट्रेनिंग लेकर अपने पारिवारिक स्थिति को मजबूत करते हुए गांव के विकास में भी योगदान दे सकते हैं इस योजना के तहत ट्रेनिंग के बाद आपको रोजगार से भी जोड़ा जाएगा वहीं रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के तहत 1000रू वहीं दिव्यांगो को 1500 रू दिया जाएगा इस लिए आप सभी लोग इसका लाभ अवश्य उठाए और मन लगाकर ट्रेनिंग को पूरा कर रोजगार से जुड़े इधर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य लोगों ने भी ट्रेनिंग ले रहे छात्राओं को संबोधित किया इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर बीडीओ डा शिशिर कुमार सिंह,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, उपप्रमुख प्रमोद खलखो,एस आई मुकेश कुमार जिमिट संस्था के डायरेक्टर शहनवाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

### 11000 वोल्ट के तार के संपर्क में आने से झुलस गयी दस वर्षीय बच्ची

## मौत के बाद लोगों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शहर के हुसैन नगर में दस वर्षीय नगमा निगार नामक 10 वर्षीय बच्ची शनिवार को ग्यारह हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर झुलस गयी। इस घटना में मासूम की जान चली गयी। मां और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आखिर कार विद्युत विभाग के अधिकारी-पदाधिकारी की लापरवाही ने आखिर कार फिर एक बड़े हादसे को जन्म दिया। और एक की जान ले ली। मौत के बाद मुहल्ले वासी के साथ पॉवर हाउस जाकर सैकड़ों लोगों ने कार्यालय का घेराव कर दिया। लेकिन वहां भी वही मिला किसकी उम्मीद थी। यानी आश्वाशन और कोरा आश्वासन। आखिर कार एक्सक्यूटिव ऑफिसर को 10 दिन का समय देते हुए हुसैन नगर का ग्यारह हजार वोल्ट का तार को हटाने की मांग की गयी। साथ ही मृतक बच्ची आएशा निगार के परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाने की भी मांग रखी गयी। लोगों ने यह भी कहा कि घटना का समाधान और घटना किस परिस्थिति में हुई इसके लिए जांच कमिटी का गठन कर घटना की जांच की जाय। अपने सर पर अचानक आयी आफत को दूर करते हुए एक्सक्यूटिव ऑफिसर ने आश्वासन दिया कि 10 दिन के अंदर सभी मांगों को पूरा कर दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद लोगों के द्वारा अल्टीमेटम दिया गया कि यदि समय सीमा में बिजली विभाग ने कारवाई नही की तो बिजली विभाग के विरुद्ध हाईकोर्ट में रिट दायर किया जायेगा। बता दें कि पूर्व में भी इस मोहल्ले में बिजली के करंट की चपेट में आने से कई हादसे हो चुके हैं । बिजली विभाग को बिजली के तार हटाने व उस पर पाइप लगाने के अलावा अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। बावजूद बिजली विभाग द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिसका परिणाम है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है। लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। वहीं बिजली विभाग के उदासीन रवैया से शहर के लोग काफी नाराज हैं। बिजली विभाग का घेराव करने में मुख्य रूप से पठान पंचायत के सदर मिन्हाजुद्दीन खान , अंजुमन के कार्यवाहक सदर इरसाद खान बबलू सदर , झामुमो के मो. लड्डन , जब्बार रजवी , छोटू मिस्त्री , आदि मौजूद थे। ।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को ढाई साल की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही )। अपर सहायक सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में शुक्रवार को आर्म्स एक्ट के आरोपी सिलाफारी निवासी संदीप साहू को ढ़ाई साल का सजा सुनाया गया है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी किया। 12 मार्च 2012 को गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संदीप समेत अन्य आरोपियों के पास से पिस्तौल व गोली बरामद किया गया था. जिससे पूछताछ करने पर कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर पाये था।**

## प्रसव ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** रेफरल अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद एक महिला 30 वर्षीय फूलकुमारी देवी पति खिलेश्वर गोप की मृत्यु के बाद मामला गर्म हो गया है । प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार 13 जुलाई शाम को फूलकुमारी देवी को प्रसव पीड़ा के बाद रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर शुक्रवार शाम 4 बजे उसका ऑपरेशन किया गया जिसमें जुड़वा बच्चो का जन्म हुआ। उस वक्त जच्चा बच्चा तीनो स्वस्थ थे लेकिन लगभग 6 घंटा बाद रात 11 बजे बसिया थानांतर्गत टांगरजरिया निवासी फूलकुमारी देवी की मौत हो गयी जिसके बाद मृतिका के पति खिलेश्वर गोप ने खून उपलब्ध कराने के वावजूद खून नही चढ़ाने का आरोप डॉक्टर पर लगाते हुए अस्पताल में हंगामा कर दिया। हंगामा की जानकारी मिलने पर बसिया पुलिस रेफरल अस्पताल जाकर मामले को शांत कराया।शनिवार को सुबह बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता भी अस्पताल जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त किये और मृतिका के परिवार वालो को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इस संबंध में डॉक्टर राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताये की शुक्रवार को तीन सिजेरियन ऑपरेशन डॉ रुचि भूषण के द्वारा किया गया था जिसमे दूसरे नम्बर पर फूलकुमारी देवी ऑपरेशन हुआ था ऑपरेशन के समय और उसके बाद भी माँ और बच्चे स्वस्थ थे लेकिन अचानक रात 11 बजे मां फूलकुमारी की मृत्यु हो गयी।हमलोग खुद समझ नहीं पा रहे है कि सबकुछ सही होने के वावजूद उसकी मृत्यु कैसे हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## महिला के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** प्रखंड की 55 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जारी निवासी 25 वर्षीय ईश्वर लोहरा ने शुक्रवार की सुबह अंबा भद्रा नामक जंगल में ले जाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने घर से अपनी बेटी के घर बितरी जा रही थी। उसी समय जारी निवासी ईश्वर लोहरा उसके पीछे-पीछे आ रहा था। जैसे ही वह अंबा भद्रा नामक जंगल के समीप पहुंची तो लोहरा भी तेजी से चलकर उसके पास पहुंच गया और खींचकर अंबा भद्रा नामक जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपनी बेटी के घर पहुंच घटना की जानकारी दी। तत्काल ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को इसकी जानकारी दी। जिप सदस्य ने घटना की जानकारी जारी थानेदार मनीष कुमार को दी। घटना की जानकारी होते ही थानेदार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुट गये। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जारी निवासी ईश्वर लोहरा को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता को मेडिकल के लिए गुमला भेज दिया गया। घटना की जानकारी होते ही प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, मुखिया फूलमईत देवी, घटनास्थल पर पहुंच घटना की निंदा करते हुए कहा यह घटना निंदनीय है। आरोपी को सजा मिलनी चाहिए।

## बाइक चोर गिरफ्तार

जारी (आजाद सिपाही )। जारी पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में रॉक बहारा जसपुर निवासी खुर्शीद खान उर्फ बाबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी जनवरी 2022 में अपने भाई के ससुराल बरवाडी गया था जहां भाभी के सौतेला भाई का बाइक मांगा और लेकर फरार हो गया वहीं शुक्रवार को माझा टोली के समीप जारी और रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किय। शनिवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### जिला स्थापना समिति सह जिला शिक्षा स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक

## घाघरा में अब नहीं होगी राजस्व उप निरीक्षक की कमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला स्थापना समिति सह जिला शिक्षा स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चौकीदारों के सेवा संपुष्टि के कुल प्राप्त 27 प्रस्तावों की प्रोन्नति हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। अंचल कार्यालय गुमला में राजस्व उप निरीक्षक की कमी को देखते हुए रायडीह अंचल से रूबिन नायक और विशुनपुर अंचल से सुनील जयंत पन्ना को स्थानांतरित करते हुए क्रमशः घाघरा अंचल में पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया। गत जिला स्थापना समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में नीलाम पत्र के लिए सभी अधिसूचित पदाधिकारियों के बीच कार्य आवंटन के प्रस्ताव पर विचार करते हुए अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया। सामान्य अनुकंपा के तहत प्राप्त 2 प्रस्तावों में से एक स्वीकृत और एक रद्द की गयी। उग्रवादी हिंसा के तहत कुल 4 प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव में संशोधित अनुशंसा विभाग को भेजने और एक प्रस्ताव को रद्द करने के लिए निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा स्वीकृत एक प्रस्ताव के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य कई मामलों पर उपायुक्त द्वारा चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन , डीसी एलआर, कोषागार पदाधिकारी , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला स्थापना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## स्टेडियम प्रबंधन समिति और पर्यटन विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही )। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में पर्यटन और खेल तथा स्टेडियम प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। स्टेडियम प्रबंधन समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप बने 5 कमरों वाले कार्यालय कक्ष को चेंजिंग रूम के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बॉयज और गर्ल्स के 2 अलग अलग चेंजिंग रूम बनाने का निर्देश दिया वहीं 1 कमरे को खेल बैंक और 1 कमरे को फिजियोथेरेपी कक्षा के रूप में परिवर्तित करने की बात कही। उन्होंने स्टेडियम की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। स्टेडियम प्रबंधन समिति अंतर्गत संचालित दुकानों को एक जैसे रंग से पेंटिंग करने की बात कही। इंडोर स्टेडियम अंतर्गत पानी और शौचालय आदि को दुरुस्त करने की बात कही। साथी इनडोर स्टेडियम अंतर्गत योगा सेंटर भी निर्माण करने के लिए प्रस्ताव की मांग की। जिम अधिष्ठापन का कार्य 15 अगस्त से पूर्व जिला परिषद को कराने का निर्देश दिया गया।जिम के संचालन हेतु एक बैठक का आयोजन कर टीम गठित करने की बात कही। प्रत्येक पंचायतों में डे बोर्डिंग स्कूल निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उन्होंने उप विकास आयुक्त को पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए प्रस्ताव लेने की बात कही। उपायुक्त ने महिला क्रिकेट की टीम को ड्रेस ,जूते आदि का वितरण करने को कहा। मौके पर उप विकास आयुक्त गुमला , जिला नाजारत उप समाहर्ता , जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।**

## युवाओं को रोजगार के लिए जरूरी है कौशल विकास प्रशिक्षण: सीएस

**गुमला (आजाद सिपाही )। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 150 युवक-युवतियां शामिल हुए। जिले में में कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित कल्याण गुरुकुल,श्रीधर ज्ञान संस्थान, विकास भारती, मेगा स्किल सेंटर, जैसी कौशल विकास एजेंसियां भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम का उदघाटन सिविल सर्जन डा. राजू कच्छप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (उ3) के वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी व्योमकेश कुमार लाल ने विश्व युवा कौशल दिवस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन का मुख्य मकसद 18 वर्ष की उम्र से अधिक के युवाओं को बेहतर रोजगार एवं उधमिता के अवसर हेतु आवशयक कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना है ताकि वे स्वयं को आवश्यक कौशल से लैस कर आज पूरे विश्व में तेजी से बदलते सामाजिक आर्थिक परिवेश से सामंजस्य बैठा सकें। उन्होने कहा कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रम, कल्याण गुरुकुल,मेगा स्किल सेंटर एवं यहां उपस्थित अन्य कौशल विकास एजेंसियाँ ग्रामीण युवाओं को बदलते कौशल की माँग, बेहतर उत्पादकता एवं बेहतर मजदूरी व वेतन दर के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं।**

## चंदाली में बनेगा केंद्रीय विद्यालय उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही )। चंदाली पुलिस लेन के समीप केंद्रीय विद्यालय का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त और संबंधित पदाधिकारियों- कर्मचारियों ने शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। इस केंद्रीय विद्यालय का निर्माण 4.69 एकड़ जमीन पर होगा। यह ज्ञात है कि चंदाली में पहले से ही समाहरणालय सभागार, खेल मैदान, हॉस्टल आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। भविष्य में इस स्थान पर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं होंगी। उपायुक्त ने इसे पॉश एरिया के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस वजह से ही चंदाली में ही केंद्रीय विद्यालय का निर्माण करने का फैसला लिया है। निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूरे स्थान की जांच करने और सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की पुष्टि कराने के लिए निर्देश दिये। भवन के निर्माण में बिजली की तारों के पथ में समस्या हो रही थी, जिसके लिए उपायुक्त ने बिजली के पोल को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने भवन के मूल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को उन्नत करने के लिए निर्देश दिया। विद्यालय के आसपास सर्विस लेन का निर्माण के लिए एक प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, उपायुक्त ने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने की मांग की है। इसके साथ ही, अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपयुक्त ने आवश्यक निर्देश भी दिये हैं। निरीक्षण के दौरान, उप विकास आयुक्त, एक्सिक्यूटिव मजिस्ट्रेट, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता और अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।**

# रायडीह में आठ गौ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** शुक्रवार रात्रि को रायडीह पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे एक ट्रक में लदे 35 अवैध गोवंशिय पशु को जप्त किया है साथ ही अवैध पशुओं से लदे ट्रक को स्कॉट कर रहे एक स्वीफ्ट कार और एक 800 मारुति सुजुकी कार सहित 8 तस्करों को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार तस्करो में 1. तसौवर अंसारी 29 वर्षीय पिता मुख्तार अंसारी ग्राम अरू, 2. इमरान अंसारी 25 वर्षीय पिता स्व जुलफान अंसारी ग्राम भड़गांव,3. साजिद अंसारी 35 वर्षीय पिता जमाल अंसारी ग्राम अरू, 4.तसलीम खान 30 वर्षीय पिता स्व मिस्टर कोका, 5. मंसुर खान 30 वर्षीय पिता इस्लाम खान, 6. सहबाज खान 25 वर्षीय पिता क्यूम खान तीनों ग्राम बरगीडाड़,7. मुर्शीद आलम उर्फ तालिब शाह 25 वर्षीय पिता आजम खान,8. मुर्शीद आलम 30 वर्षीय पिता स्व मुस्लिम आलम दोनों ग्राम साईटांगरटोली शामिल है इस संबंध में रायडीह थाना परिसर पर इंस्पेकटर बैजू उरांव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया की शुक्रवार रात्रि को गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी की छतिसगढ की और से एक ऐस्सर ट्रक नंबर सी जी 14 एम क्यू 5738 में अवैध गौवंशिय पशु को लादकर तस्करी के लिए ले जा रहे है साथ ही थाना क्षेत्र को ट्रक को पार कराने के लिए एक स्वीफ्ट कार नम्बर जे एच 01 डी क्यू 0132 और एक मारुति सुजुकी 800 नम्बर जे एच 01जी 7769 से कुछ लोग स्कॉट कर रहे है सुचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को सुचना दी गयी व पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार थाना क्षेत्र के सिलम घाटी पुल के समीप वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया तभी जांच के दौरान देखा गया की उक्त गाडी। छतिसगढ की ओर से आ रही है जिसे रोकने का इशारा किया गया पुलिस को देखते ही चालक ने गाड़ी खड़ी कर दी और सभी भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस जवानों के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया वाहन की जांच की गयी तो वाहन में अवैध गौवंशीय पशु थे सभी गाड़ियों व पशुओं को जप्त कर थाना लाया गया जब पशुओ को वाहन से उतारा गया तो वाहन से 35 पशु निकले जिसमे क्रुरता से लादने के वजह से 4 पशुओं की मौत हो गयी थी गिरफ्तार तस्करों से पुछे जाने पर उन्होने बताया की हमारे द्वारा सभी पशुओं को बूचड़खाना मे वध करने के लिए छतिसगढ़ से लोहरदगा ले जाया जा रहा था। वही रायडीह थाना मे प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी तस्करों को जेल भेजा जा रहा है वहीं मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करा कर दफनाया गया साथ ही जीवित पशुओं को जरुरत मंद ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर दिया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार, एस आई नितेश टोपनो, ए एस आई जसमुद्दीन अंसारी व सैट 11 के जवान शामिल थे।

### जल स्रोत संरक्षण को लेकर भव्य गंगा आरती का आयोजन

## मुरली बगीचा तालाब में जन सहभागिता से होगा दिव्य कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जल संरक्षण के संकल्प को लेकर गुमला शहर में गंगा आरती की तर्ज पर दिव्य आरती का सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । स्थानीय लोगों की जनसहभागिता से सोमवार 17 जुलाई को शहर के मुरली बगीचा तालाब में उक्त आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के पीछे मूल मकसद नदी, तालाब एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर आवश्यक जन जागरूकता फैलाना है, साथ ही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर शहर के लोगों के साथ मिलकर एक नवाचारी स्वच्छता-उत्सव का आयोजन करना है। उन्होंने बताया कि उक्त आरती का आयोजन बनारस में होने वाली गंगा आरती की तर्ज पर होगा। बताया कि जब से मुरली बगीचा तालाब के आसपास के इलाकों के निवासियों को प्रस्तावित गंगा आरती के आयोजन की जानकारी मिली है तब से उन लोगों में इस आयोजन में भागीदारी को लेकर काफी उत्साह है। उक्त आयोजन को लेकर नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपने सभी संबंधित कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों के साथ बैठक करते हुये आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर के लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे इस आयोजन में पहुंचकर जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक संकल्प लें। साथ ही अनुरोध किया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को लेकर सभी लोग उक्त आयोजन स्थल पर बनाए गए फीडबैक सेंटर में शहर की स्वच्छता को लेकर अपना फीडबैक जरूर दें। आयोजन की तैयारियों को लेकर नगर परिषद की ओर से तालाब के आसपास समुचित साफ-सफाई करा दी गई है, साथ ही शनिवार को प्रशासक संजय कुमार ने अपने संबंधित कर्मचारियों के साथ तालाब परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तोता के रूप में पीयूष पाठक मौजूद रहेंगे।

### 'बाहरी को धुनो और स्थानीय को चुनो' के नारे लगे मंत्री के काफिले में

# आगजनी से प्रभावित परिवार से मिले मंत्री सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू):** झारखंड सरकार के श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता शुक्रवार को नीलांबर पीतांबरपुर पहुंचे। जहां राजद कार्यालय के पास राजद कार्यकताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। इसके पहले वे हॉस्पिटल रोड में खोले गए पलामू अल्ट्रासाउंड का विधिवत दीप प्रज्वलन कर और फिता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सनातन धर्म सभा के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रखंड में एक भी अल्ट्रासाउंड केंद्र नहीं था। यहां अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलने से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगा। इसके उपरांत मंत्री गांधी चौक पर गांधीजी के प्रतिमा को मलयालम किया फिर लेस्लीगंज थाना के शिव मंदिर में माथा टेक। स्थानीय राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिलते हुए उन्होंने सभी का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ने का भी संकेत दिया।

मंत्री भोक्ता ने बताया कि चतरा लोकसभा जब से अस्तित्व में आया है एक बार भी स्थानीय सांसद नहीं चुने गये है। अभी तक चतरा लोकसभा में बाहरी सांसद का ही बोलबाला रहा है। नतीजा सब ने चतरा को चारागाह समझा है। उन्होंने एक नारा देकर बोला कि बाहरी को धुनों और स्थानीय को चुनो।

मौके पर अल्ट्रासाउंड संचालक अमित तिवारी, ओम सनातन धर्म सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष अजित तिवारी उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी माहासचिव राजीव रंजन सचिव राजूराय कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर,जिप सदस्य विजय राम,अरुण देव, विश्वनाथ राम, जुबेर आलम, सैयद अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कब्रिस्तानों तक सड़क, बिजली और अन्य सुविधाएं होंगी उपलब्ध: कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत नवाडीह कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास ऑनलाइन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से अलग, विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में 16 मदरसों, दो निकाह भवन समेत मस्जिदों तक सड़क का निर्माण कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा की समुचित व्यवस्था की। अन्य 51 सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 30 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की स्वीकृति के साथ और कब्रिस्तानों और शमशान की घेराबंदी की स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कब्रिस्तानों में शेड, बैठने की व्यवस्था, रोशनी व पेय जल की व्यवस्था इसी वर्ष कर दी जायेगी। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि एनसीपी परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। मौके पर हंसराज सिंह, विनय पासवान, उदय सिंह, निशार अहमद, रशीद आलम, दोस्त मोहम्मद के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कुंदरी तालाब को लेकर विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन 3 अगस्त को: बीएन सिंह

## रांची में 18 जुलाई को आयोजित बैठक में रखेंगे मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर(पलामू)।** तालाब भरने के मामले में विधायक डां शशिभूषण मेहता ने भू माफियामओं को रास्ता दिखाने का काम किया है। इसकी शुरूआत उन्होंने हरसइन मोड़ पर स्थित तालाब को भरकर मौर्या फार्म हाउस में मिला लिया यह सिलसिला वहां से शुरू होकर कुंदरी तक पहुंचा है। कुंदरी में 1916 का तालाब आधा भरा जा चुका है। इसका श्रेय स्वयं पांकी विधायक ने लिया है। उक्त बातें भाकपा माले के नेता पांकी के पूर्व प्रत्याशी डां बीएन सिंह ने शनिवार को अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि 3 अगस्त को इस मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस धरना प्रदर्शन को संयुक्त किसान मोर्चा भारतीय किसान महासभा का भी समर्थन प्राप्त होगा। श्री सिंह ने कहा कि तालाब भरने की जो शुरूआत पांकी विधानसभा से हुई है वैसे भू-माफिया पूरे झारखंड में फैल कर तालाबों को भर कर उन्हें बेचने का काम करेंगे। सरकार को इस पर तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है। सरकार जल संरक्षण को लेकर डोभा,तालाब आदि का निर्माण करा रही है वहीं दूसरी ओर चुने गये जनप्रतिनिधि माफियाओं से मिलकर तालाब भरवाने का काम कर रहे हैं। इसमें सरकार के द्वारा नियुक्त पदाधिकारी भी शामिल हैं। धारा 144 में 60 दिन के अंदर ही तालाब को भर दिए जाना वैसे पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध कार्रवाई को उजागर करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आने वाले भविष्य के लिए इस तरह के कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। मौके पर दिव्या भगत अभिषेक कुमार शामिल थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फ्रेशर्स डे और ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शनिवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के लिए फ्रेशर्स डे और ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सर्वप्रथम सातवीं, आठवीं और नवीं के छात्रों द्वारा ह्यवर दे वीणा वादिनी वर दे गीत पर संयुक्त रुप से नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वंदना पाठक कक्षा बारहवीं की छात्रा ने ह्यबरसो रे मेघा-मेघा गीत पर मोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। शिक्षकों द्वारा ग्यारहवीं के छात्रों को स्वागत शुभकामनायें दी गयी। तत्पश्चात सृष्टिराज, नन्दिनी व उनके सहयोगी छात्रों ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। श्रेया पाठक सहित अन्य प्रतिभागियों ने ह्यमुश्किल से ही आसां हुई मुश्किल गीत पर मनोहर नुत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय शिक्षक दिलीप मिश्रा द्वारा सफलता के सूत्र व कर्म की प्रधानता जैसे महत्वपूर्ण संदर्भों के माध्यम से छात्रों को जीवन के रहस्य बताये। बारहवीं के छात्रों के द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यता पर बल देते हुए कहा कि भविष्य निर्माण का कार्य सदैव समय और अनुशासन पर आधारित होता है। इनके संयोजन, अनुपालन, सक्रियता और संघर्ष से ही सफलता के द्वार खुलते हैं। सफलता का कोई सरल रास्ता नहीं है। वर्तमान समय में 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने का आपका ध्येय होना चाहिए। सफल कार्यक्रम के लिए बारहवीं कक्षा के छात्रों की प्रशंसा की। बारहवीं की छात्रा सृष्टिराज के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सृष्टिराज, नंदिनी सिंह, आकांक्षा गुप्ता तथा अर्पिता रानी ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने नवनियुक्त थाना प्रभारी का किया स्वागत



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद के पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर मंत्री अमन जयसवाल के नेतृत्व में नवनियुक्त चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश दुबे का स्वागत किया गया और बढ़ रही अपराधिक घटनाओं की वर्तमान स्थिति परिस्थिति से अवगत कराया। उक्त अवसर पर उपस्थित जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में पलामू में अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अपराधिक घटनाओं को कम किया जा सकता हैं। इस अवसर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, प्रांत खेल संयोजक अभय वर्मा, मेदिनीनगर नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, सह मंत्री नितीश दुबे, नीरज, अविनाश आदि उपस्थित थे।

## बीइइओ ने किया एकडरी मध्य विद्यालय का निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद बीईईओ नरेश राम ने एकडरी मध्य बिद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिद्यालय की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। एमडीएम, छात्र व शिक्षक उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। एमडीएम से संबंधित कई निर्देश दिया। इसके पूर्व बीईईओ के आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा बुके देकर भब्य स्वागत किया गया। उन्होंने बच्चों से स्वर्णिम भविष्य के लिए आपसी समन्वय से बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की बात कही। मौके पर प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, मोहम्मद असलम, पूनम देवी, लक्ष्मी देवी, उपेंद्र गुप्ता समेत सैकड़ो छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

## उटारी रोड़ कांग्रेस प्रखंड कार्यकारणी की हुई बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड़(पलामू)।** कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक विशिष्ट, प्रखंड प्रभारी सत्येंद्र सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि सतनारायण तिवारी, प्रखंड सह प्रभारी महेंद्र दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। सच यह है कि ललित मोदी, नीरव मोदी, मेहुल भाई, विजय माल्या, जतिन मेहता, संधिगत रूप से विदेश पहुंच गये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया पर झूठ झूठ के चाले चल, एक राजनीतिक साजिश के तहत राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित करा दिया। श्री पाठक ने कहा कि भाजपा के राज में पहले भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं और दूसरी तरफ मोदी की पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपित लोगों को भाजपा के स्वस्थ भारत अभियान के तहत वाशिंग मशीन में धो कर सत्ता हथियाने का खेल खेलती है। मौके पर सुरेंद्र तिवारी, राम लखन तिवारी, रविंद्र दीक्षित, उमेश दीक्षित, अखिलेश तिवारी, अंबिका, विनोद, सुधीर, सोनू प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज नप के अधिकारियों के सहयोग से मची है लूट : चंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में पदाधिकारियों के सहयोग से लूट मची है। जिस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने आपत्ति जतायी है। उन्होंने शनिवार को बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने हरिहरगंज नगर पंचायत के फंड से करीब 85 लाख रुपए की लागत से सुंदरीकरण किये जा रहे तालाब में घोर अनियमितता बरतने का शिकायत किया। जिसपर इसकी जांच की और शिकायत को सही पाया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि नगर पंचायत वासियों के खून पसीने के कमाई से 85 लाख रुपये के लागत से तालाब का सुंदरीकरण किया जा रहा है । लेकिन दुर्भाग्य वस पहले ही पानी में बह गया। बरसात में मिट्टी का बहना आम बात है, लेकिन ढलाई एवं ईट से बने सीढ़ी का बह जाना यह दिखलाता है कि नगर पंचायत कितना घटिया काम कर रहा है एवं लूट का साम्राज्य कायम है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय से की जायेगी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जायेगी ताकि आगे से पुणावृंती ना हो।

## राजद नेता ने एनएच 98 पर बने गड्ढे को भरने के लिए बीडीओ को दिया ज्ञापन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही) ।** हरिहरगंज शहर के एनएच 98 मुख्य मार्ग में जगह-जगह पर बनी गड्ढे को भरवाने की मांग राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने की है।इसे लेकर राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने शनिवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण को ज्ञापन दिया है। श्री यादव ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 21 करोड़ रुपये की लागत से तेंदुआ से बिहार सिमान तक चार किलोमीटर एनएच 98 मुख्य सड़क को निर्माण कराया गया था, वह आज जगह-जगह पर गड्ढे बने हुए है। उन्होंने कहा कि गड्ढे को भर दिये जाने पर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ और पश्चिम बंगाल के बड़े शहरों में जाने वालों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस दौरान मो इहतेशान उद्दी, अजुज आलम, कपिलदेव, बबन, संदीप आदि उपस्थित्त थे।

## मुरमुसी गांव में एक सप्ताह से बिजली गुल



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)(आजाद सिपाही) ।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते प्रखंड मुख्यालय से सटे मुरमुसी गांव एक सप्ताह से बिजली संकट से जूझ रहा है। हालात यह हैं कि यहां पर उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन तक नहीं चार्ज हो पा रहे हैं। एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल गया है इसे लेकर कई बार गांव वालों ने संबंधित पदाधिकारी और स्थानीय विधायक को गुहार लगा चुके हैं वाजूद सभी सिस्टम मौन हैं। समाजसेवी दुर्गा प्रसाद बताया कि इस ट्रांसफार्मर से 1500 आबादी प्रभावित हैं हम सभी स्थानीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता सहित विभागीय पदाधिकारियों को कई बार गुहार लगायें लेकिन कोई सूनने वाला नहीं है। विरोध दर्ज करने वाले में कंहाई शर्मा, अजय कुमार, हनीफ मियां, सुदामा, शिव प्रसाद, रितेश, गया साहब, अखिलेश, मिंटू, पंतुआ साल आदि के नाम शामिल हैं।

# स्पोर्ट्स



भारत ने वेस्टइंडीज को डोमिनिका में खेले गये टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पारी और 141 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने 2 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 421 रन बनाये थे। जबकि वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 रन और दूसरी पारी में 130 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी।

# रोहित शर्मा ने टीम इंडिया की जीत के बाद अश्विन और जडेजा की तारीफ की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज को डोमिनिका में खेले गये टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पारी और 141 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने 2 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 421 रन बनाये थे। जबकि वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 रन और दूसरी पारी में 130 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। भारत की जीत में रविचंद्रन अश्विन की अहम भूमिका रही। रवींद्र जडेजा ने भी अच्छी बॉलिंग की. कप्तान रोहित शर्मा ने इन दोनों की तारीफ की है।




रोहित न मैच के बाद जीत पर प्रतिक्रिया दी। क्रिकबज के मुताबिक रोहित ने कहा, "नतीजा उन दोनों का प्रदर्शन बयां कर रहा है। उनको ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें अपने हिसाब से परफॉर्म करने की आजादी मिलती है। इन दोनों का अनुभव हमेशा फायदेमंद होता है। अश्विन और जडेजा दोनों ही बहुत अच्छे हैं। अश्विन की गेंदबाजी में क्लास है। हम नतीजे को लेकर चिंतित नहीं थे। हम मैदान पर पहुंचे और बस परफॉर्म किया।

वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गयी। इस दौरान अश्विन ने 24.3 ओवरों में 60 रन देकर 5 विकेट लिए, जडेजा ने 14 ओवरों में 26 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की टीम 130 रनों के स्कोर पर ढेर हो गयी। इस पारी में अश्विन ने 7 विकेट झटके। उन्होंने 21.3 ओवरों में 71 रन दिये। जडेजा ने 21 ओवरों में 38 रन देकर 2 विकेट लिए, भारत की जीत में इन दोनों का प्रदर्शन काफी अहम रहा। अश्विन ने कुल 12 विकेट झटके, जबकि जडेजा ने कुल 5 विकेट लिए, अब सीरीज का अगला मैच 20 जुलाई से खेला जायेगा। इसके बाद 27 जुलाई से वनडे सीरीज का आगाज होगा।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल, चौथा दिन

## वेस्ट जोन को जीत के लिए 116 रन की जरूरत, स्टंप्स के बाद वेस्ट जोन का स्कोर 182/5

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी 2023 का फाइनल मुकाबला शनिवार को रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। चौथे दिन साउथ जोन 230 रन पर ऑलआउट हो गया और वेस्ट जोन को 298 रन का टारगेट दिया। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्ट जोन ने दूसरी पारी की शुरूआत की और 5 विकेट के नुकसान पर 182 रन बना लिए।अब आखिरी दिन वेस्ट जोन को जीत के लिए 116 रन की जरूरत है।

धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने साउथ जोन को समेटाः वेस्ट जोन के बॉलर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने चौथे दिन शानदार प्रदर्शन किया। चौथे दिन साउथ जोन ने 181/7 के स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। वाशिंगटन सुन्दर और विजयकुमार वैशाख ने पारी को आगे बढ़ाया। विजय कुमार 23 रन बना कर आउट हुए। बॉलिंग में वेस्ट जोन के धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने शानदार बॉलिंग की। जडेजा ने 5 विकेट लिए। वहीं, अर्जन नागवासवाला और अतीत शेठ को 2-2 विकेट मिले। चिंतन गाजा ने 1 विकेट हासिल किया।

वेस्ट जोन के कप्तान पांचाल शतक के करीबः वेस्टजोन ने 298 रन के टारगेट का पीछा करना शुरू किया। ओपनिंग करने उतरे पृथ्वी शॉ 7 रन बना कर आउट हुए। वहीं, प्रियांक पांचाल 92 रन बना कर शतक के करीब है। पांचाल के साथ अतीत शेठ नाबाद है। चौथे दिन साउथ जोन के वासुकि कौशिक को 3 विकेट मिले। वहीं, विजयकुमार वैशाख और साईं किशोर को 1-1 विकेट मिले। अब वेस्ट जोन को जीत के लिए 116 रन की जरूरत है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## खेल से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : प्राचार्य



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में पाठ्य सहगामी क्रिया अंतर्गत कनीय एवं वरीय वर्गों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन और वरीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी मैच का आयोजन हुआ। इसमें छठी कक्षा से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हुए। इंटर हाउस कविता वाचन में श्रद्धानंद व कबड्डी प्रतियोगिता में हंसराज सदन प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि खेल से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। काव्य की रचना में रस अलंकार छंद के महत्व को बताया उन्होंने बच्चों की कल्पना, उनकी रचनात्मक सोच की भी प्रशंसा की। कहा कि इस तरह के क्रियाकलापों से बच्चों में कल्पना और रचनात्मक सोच का विकास होता है। रेफरी के रूप में विद्यालय के खेल शिक्षक प्रशांत कुमार उपस्थित थे। इस दौरान हंसराज सदन के विजेता टीम में मोनू कुमार, रोहित, आशीष यादव, सिद्धार्थ कुमार, आदिल अंसारी, धीरज, मोहित, पवन व रवि ने भाग लिया।

## साक्षात्कार के पहले 20 सेकेंड महत्वपूर्ण : चंद्रशेखर



धनबाद/झरिया (आजाद सिपाही)। बीबीएमकेयू के जन संचार विभाग की ओर से शनिवार को साक्षात्कार (इंटरव्यू) का सामना कैसे करें इस विषय को लेकर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सरला बिरला विश्वविद्यालय के कार्पोरेटर ट्रेनर चंद्र शेखर महथा उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षात्कार का डर बहुत से लोगों के मन में होता है, लेकिन इस डर को मन से निकाल देना चाहिए। कहा कि साक्षात्कार के पहले 20 सेकेंड महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें भी बताई। दर्शक के साथ साक्षात्कार की तैयारी ककरने के तरीरों को भी साझा किया। वहीं, विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। विभाग के शिक्षक डॉ विकास चंद्र ने स्वागत भाषण दिया। वहीं शिक्षक पवन कुमार पांडेय ने विभाग का संक्षिप्त परिचय देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन विभाग की बीबीएमकेयू स्कॉलर केतकी ने किया। इस मौके पर विध्यविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ डीके गिरी, डॉ के बंधोपाध्याय, डॉ सुनंदा कुमारी, डॉ ताप्ती चक्रवर्ती, डॉ हिमांशु शेखर चौधरी, डॉ कौशिक दास गुप्ता, आलोक उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में दूसरे दिन भी कर्मियों ने जारी रखा चक्का जाम आंदोलन



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। एचपीसी सहित 11 सूत्री मांग को लेकर कनकनी कोलियरी अंतर्गत संचालित रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों का अनिश्चितकालिन चक्का जाम आंदोलन दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। कर्मी आउटसोर्सिंग स्थल के समीप ही पंडाल लगाकर बैठे हैं। उनका कहना है कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन अगर मजदूरों को एचपीसी वेतन देगी तभी कंपनी चल सकती है अन्यथा कंपनी अपना बोरिया बिस्तरा बांधकर यहां से चली जाए। उधर, कंपनी प्रबंधन और बीसीसीएल के अधिकारी धरने पर बैठे कर्मियों को समझाने का प्रयास कर रहे परंतु वे अपनी मांग पर अड़े रहे। वहीं, आंदोलन को देखते हुए जिला पुलिस बल उक्त स्थल पर तैनात है। बताया जा रहा कि एचपीसी वेतन, बैंक खाते के माध्यम से वेतन भुगतान, मजदूरों की पीएफ कटौती, सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने, मजदूरों का दुर्घटना बीमा कराने आदि मांगों को लेकर मजदूर अनिश्चितकालिन चक्का जाम आंदोलन पर बैठे है। धरमा मंच पर उमेश चौहान, जीतू बाउरी, तपन गोराई, नंदलाल महतो, जितेंद्र चौहान, शंकर राणा, उमेश राणा, विकास चौहान, जेपी चौहान, विनय चौहान, कर्म रजवाड़, जमाल अंसारी, पप्पू अंसारी, दीपेंद्र बेलदार, राकेश चौहान, राजकुमार चौहान और सुफल महतो आदि शामिल थे।

### केंद्रीय कोयला मंत्री से मिले भाजपा नेता अभिषेक सिंह, सौंपा ज्ञापन

# स्थानीय लोगों को उनका हक देना होगा : मंत्री प्रह्लाद जोशी

**विस्थापन, स्थानीय युवाओं को रोजगार और कोयला चोरी के मुद्दे पर सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विस्थापन, स्थानीय युवाओं को रोजगार और कोयला चोरी के मुद्दे को लेकर भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने धनबाद दौरे पर आए केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी से शनिवार को मुलाकात की। कोलियरी क्षेत्रों से हो रहे विस्थापित लोगों की समस्याओं की ओर से उनका ध्यान आकृष्ट करवाते हुए समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि कैसे वहां के लोग मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी-बिजली एवं चिकित्सा से भी वंचित है। बताया कि बीसीसीएल द्वारा निर्मित विस्थापित आवास में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। रोजगार



केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी से मिलकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते भाजपा नेता अभिषेक सिंह

का कोई साधन नहीं है इसी लिए अभी भी लोग भूमिगत आग के बीच में रह रहे हैं। कहा कि बीसीसीएल को सिर्फ खनन से मतलब है। उनका ध्यान स्थानीय समस्याओं पर बिल्कुल नहीं है। कोलियरी क्षेत्रों में पानी-बिजली की समस्या हमेशा रहती है। स्थानीय आउटसोर्सिंग और ट्रांसपोर्टिंग कार्यों में स्थानीय युवाओं को मौका नहीं मिल पा रहा है। उनकी जगह अपराधिक गतिविधियों में रहने वाले गुंडे-बदमाशों को रखकर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा नियमानुसार कंपनी को स्थानीय लोगों को उनका अधिकार देना होगा। भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने कोयलांचल में हो रहे अब तक के सबसे बड़े कोयला चोरी की लूट के बारे में भी बताया की कैसे प्रतिदिन बीसीसीएल के कोलियरी से बड़ी संख्या में कोयला चोरी हो रही है। इसके खिलाफ जो आवाज उठाते हैं उनके खिलाफ ही कार्रवाई हो रही है, जिसमें स्थानीय अधिकारियों की भी मिली भगत भी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के एक्शन के बाद कोयला चोरी में लगाम आया है। केंद्र सरकार लगातार इसपर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर रही है। उइस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्री को अपरेंटिस करने वाले छात्रों की समस्याओं से भी अवगत करवाया, जिसपर उन्होंने सकारात्मक कदम उठाने की बात कही। इसके अलावा केंद्रीय अस्पताल में भी मरीजों की सुविधाओं को बढ़ाने और बीसीसीएल के अधीन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को देने का आग्रह किया गया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक कदम उठाने की बात कही।

## वेंडिंग जोन के दुकानदारों की समस्याओं का समाधान करने में सरकार-नगर निगम को गंभीर होने की जरूरत : ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन सह धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को कोहिनूर मैदान स्थित वेल्डिंग जोन पहुंचा और वहां के दुकानदारों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुआ। वहां मौजूद दुकानदारों ने बताया कि सरकार की यह कल्याणकारी योजना असफल साबित हो रही है। कई ऐसा दुकानदार है, जिनकी प्रतिदिन कोई बोहनी तक नहीं होती है। वेंडिंग जोन में आवंटित सभी



दुकानदार बड़ी मुश्किल से अपनी जीवन-जीविका चला रहे हैं। सरकार और नगर निगम सकारात्मक पहल नहीं करती है तो लगभग सभी दुकानदार वेंडिंग जोन में अपनी दुकान छोड़कर अनयंत्र जाने को विवश होंगे। इस पर ब्रजेंद प्रसाद सिंह ने कहा कि वेंडिंग जोन में दुकानदारों पर व्याप्त समस्याओं के निराकरण करने में सरकार एवं नगर निगम को गंभीर होने के साथ ही इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। गौरतलब हो कि इसके पहले दुकानदारों के लिए बनियाहीर में भी इस तरह का जॉन बना था पर वहां सरकार की योजना विफल साबित हुई थी। उन्होंने कहा कि नगर निगम को इस पर पुनर्विचार करते हुए दुकानदारों के हित में उत्पन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर कारगर और सकारात्मक पहल करने की जरूरत है, ताकि दुकानदार पूरी उम्मीद और उत्साह के साथ वेंडिंग जोन में अपनी दुकानों का संचालन कर सके। इस मौके पर मनोज यादव, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, भास्कर झा, रमेश राय, इंद्रदेव मंडल, जितेंद्र पांडे, दीपक प्रसाद थे।

## रात में मनाया बेटे का जन्मदिन सुबह फांसी लगाकर दे दी जान

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** न्यू मार्केट निवासी 35 वर्षीय रितेश गुप्ता ने शुक्रवार को धूमधाम से अपने बेटे का जन्म दिन मनाया और अगले दिन यानी शनिवार को फआंसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह पेशे से वाहन चालक था। घटना के समय उसकी पत्नी घर में ही थी। उधर, मृतक रितेश के पिता उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि रात को रितेश के बड़े बेटे का जन्म दिन था। उसने आसपास के लोगों को बुलाकर मिठाइयां भी खिलाई। इसी बीच किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद रात को ही किसी निजी कार्य से अपने चचेरे भाई दीपक गुप्ता के साथ हजारीबाग चला गया। शनिवार की सुबह 5-6 बजे के बीच वह घर वापस लौटे, तो देखा कि रात का विवाद अभी खत्म नहीं हुआ था। इसके बाद रितेश अपने कमरे में चला गया और फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजन उसे फंदे से उतारकर तेनुघाट अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। एएसआई प्रशांत कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अस्पताल भेज दिया।

## समस्याओं को लेकर सहायक अध्यापक मोर्चा के सदस्य ने की झरिया विधायक से मुलाकात



धनबाद (आजाद सिपाही)। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल वेतनमान सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील पांडेय ने विधायक से मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलवाने की बात कही, ताकि वे लोग अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रख सकें। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलवाकर वेतनमान समेत अन्य समस्याओं का निराकरण करायेंगीं। प्रतिनिधिमंडल में धनबाद जिला अध्यक्ष निरंजन दे, प्रवक्ता नयन मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, निरसा प्रखंड अध्यक्ष छोटू महतो, बैजनाथ सिंह, विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

## धनबाद डीआरएम के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने की बैठक, आंदोलन तेज करने का निर्णय

धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह विप्र समाज के जिलाध्यक्ष गिरीजा शंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सह संपूर्ण विप्र समाज की बैठक ब्राह्मणडीहा ग्राम निवासी बलराम उपाध्याय के आवासीय परिसर में संपन्न हुई। जिसमें विगत दिनों धनबाद के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के खिलाफ हुए आंदोलन की चर्चा की गयी। जिले के प्रत्येक प्रखंड में डीआरएम के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। तोपचांची प्रखंड से आंदोलन शुरू किया गया। भारतीय अटल सेना गैर राजनीतिक पार्टी एवं ह्यूमन राईट्स मिशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय ने कहा कि कमल किशोर सिन्हा ने मानवाधिकार का हनन किया है। डीआरएम के खिलाफ तेज आंदोलन चलाना चाहिए।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-**
**जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**Email ID - dswopalamau@gmail.com**

(अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)

पलामू जिला अंतर्गत जेलहाता, मेदिनीनगर में संचालित सम्प्रेक्षण गृह, पलामू में आवासीत बच्चों के लिए राशन, दवा, कपड़ा इत्यादि की आपूर्त्ति हेतु निविदा आमंत्रण की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.07.2023 को अपराह्न 01:बजे तक है तथा निविदा खोलने की तिथि 24.07.2023 को 03:00 बजे है।

निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 302422 District(23-24).D



**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department Building Division, Garhwa.**
**VERY SHORT NOTICE INVITING E-QUOTATION**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged **Proposed Furnishing of Collectorate Building at Garhwa.** in which some items are non schedule item for this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-I Contractor/Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rate shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 15/07/2023 at 10:30 hrs. To 22/07/2023 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 24/07/2023 at 16:30 Hours. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate for framing estimate.

Terms and Condition:

1. For any query or clarification you may contact Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

Executive Engineer Building Construction Department Building Division, Garhwa.
Address for Communication:
Mobile No. 8210906921,9431189307
E-Mail Id: eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**Executive Engineer,**
Building Construction Department,
Building Division, Garhwa.

PR 302462 Building(23-24)D



**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू (खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 01 / 2023–24

विज्ञापन दाता का नाम – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू।
परिणाम विपत्र बिक्री की तिथि – दिनांक 22.07.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की तिथि – 24.07.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि – 25.07.2023 को अपराहन 12:00 पूर्वाहन
परिमान विपत्र ब्रिकी का स्थान – कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू।
निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान – कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू।

कार्य का विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय कोड़ाकेल में नव निर्मित किचन रोड के पास गार्डवाल एवं पहुंच पथ (पेबर ब्लॉक) निर्माण कार्य | 4,99,500.00 | 10,000.00 | 2500.00 | 31.10.2023 तक |
| 2 | बिचना पंचायत के आम्रेश्वर धाम परिसर में यात्री शेड का निर्माण | 7,53,025.00 | 15,000.00 | 3000.00 | 31.10.2023 तक |

नोट :– 1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू (BDO, MURHU) के नाम से देय होगा।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
मुरहू

PR 302471 District (23-24)_D



**कार्यालय**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।**

**अल्पकालीन "ईच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 12 रा0(वि0) दिनांक 06.07.2023 द्वारा प्राप्त चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत 2021–22 तक के पुराने केजों एवं विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RAS/Biofloc ponds/ Biofloc Tanks/में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीजों का संचयन हेतु निदेशित है। उक्त कार्य हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन **"ईच्छा की अभिव्यक्ति"** आमंत्रित की जाती है :–

1. पंगेशियस/ GIFT तिलापिया/ अन्य उपयुक्त बीजों का प्रकार एवं दर परिवहन सहित अंगुलिकाओं की संख्या तथा उपलब्धता स्पश्ट अंकित होना चाहिए।
2. पंगेशियस/ GIFT तिलापिया मत्स्य/ अन्य उपयुक्त बीजों का विभाग द्वारा निर्धारित दर रू0 1.50 (एक रूपया पचास पैसा) प्रति अदद (पीस) है।
3. आवेदन के साथ आपूर्ति किये जाने वाले मत्स्य बीजों का फोटोग्राफ, विडियोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. समान मूल्य पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. कार्यादेश में अंकित तिथि, स्थान एवं समय के अनुरूप ही आपूर्ति करना होगा, ऐसा नहीं करने पर अग्रतर निर्णय लेने हेतु अधोहस्ताक्षरी के पास अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादक को लोहरदगा जिलांतर्गत जलाशयों /योजना स्थल तक परिवहन कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर अवस्था में मत्स्य बीजों की गणना कर समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को संचयन करना होगा तत्पश्चात् आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा प्रमाणक प्रस्तुत करने पर ही भुगतान का दावा मान्य होगा।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता–सह–बीज उत्पादक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक **31.07.2023** तक **"ईच्छा की अभिव्यक्ति"** का आवेदन जमा कर सकते हैं।

ह/0
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 302412 (Lohardaga) 23-24 (D)


### मेडिकल में सफल विद्यार्थियों को गोल की ओर से किया गया सम्मानित

# धनबाद का बदल रहा शैक्षणिक माहौल : डॉ ज्योतिरंजन प्रसाद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में मेडिकल की तैयारी के लिए इकलौता भरोसेमंद एवं विश्वसनीय संस्थान गोल ने नीट में सफल लगभग 42 छात्रों को शहर के बड़े चिकित्सकों की ओर से स्टेथो एवं एप्रण देकर सम्मानित किया गया। इसमें टॉप पांच छात्रों को कैश अवार्ड के साथ ही ट्रॉफी भी प्रदान की गई। इसके पहले संस्थान के शिक्षकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ ज्योतिरंजन प्रसाद ने अपनी खुशी जाहीर करते हुए बताया कि इतनी छोटी सी जगह से इतनी संख्या में नीट में सफलता दिलाना इस बात का परिचायक है कि धनबाद का शैक्षणिक माहौल बदल रहा है। यहां के अभिभावकों और छात्रों एवं शिक्षकों की सक्रियता एवं जागरूकता काबिल-ए-तारीफ है। वहीं, विशिष्ट




गोल संस्था की ओर से सम्मानित विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग।

अतिथि के रूप में उपस्थित शहर के प्रसिद्ध फिजीशियन एवं सर्जन डॉक्टर संतोष कुमार ने मेडिकल क्षेत्र के विभिन्न चुनौतियों से सफल छात्रों को अवगत कराते हुए कहा कि दूसरे भगवान कहे जाने के पहले एक डॉक्टर को समाज की उम्मीदों पर खरा एवं मानवता की कसौटीयों पर कशा जाना होता है। राष्ट्र को हर वर्ष इतनी संख्या में गोल द्वारा चिकित्सक देना कोयलांचल के लिए गर्व का विषय है। वहीं, गोलसंस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि गोल विगत 25 वर्षों से प्रतियोगी छात्रों के लिए बड़े निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रहा है। मनोबल तब और दिन-ब-दिन बढ़ते गई, जब साधारण परिवार के बच्चे भी असाधारण सफलता हासिल करते गए। यहां के छात्रों में बड़ी प्रतिभा है। विपरीत हालात में भी ऐतिहासिक सफलता हासिल कर रहे छात्रों को उन्होंने शुभकामनाएं दी एवं तैयारी कर रहे छात्रों का उत्साह वर्धन किया। जबकि गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि हमारे संस्थान से अबतक 16000 से ज्यादा छात्र सफल होकर देश - विदेशों में अपनी मानवता की सेवा प्रदान कर रहे हैं और हमारी पूरी टीम की जवाबदेही और जिम्मेवारी तब और बढ़ जाती है जब मेडिकल की तैयारी का मतलब कि यहां के अभिभावकों एवं छात्रों के मन में केंद्रित गोल संस्थान होती है। गांव-कस्बों से निकलकर प्रतिभाओं को जब उचित मार्ग दर्शन एवं अध्ययन के लिए अनुशासित एवं प्रतियोगी माहौल मिलता है तो छात्र न केवल सफलता, बल्कि टॉप रैंकर्स भी हो रहे हैं। गोल के एल्युमिनाई, प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉ मिहिरझा एवं मृदु भाषी सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉ अभिषेक मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा किए एवं अपने संघर्ष के दिनों की बातें बताई। भरोसा दिलाया कि जब हम कर सकते हैं तो तुम भी कर सकते हो। गोल के मार्गदर्शन को आत्मसात करें। सभी का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। वहीं, संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सर एवं आनंद वत्स ने भी अपने विचार साझा किए। समारोह के सफलसं चालन में दीपक कुमार, भारती सिन्हा, पूजा कुमारी, अरुणजी, सुनीलजी, उमेश कुमार, दिलीप, रानी के साथ ही पूरी गोल टीम ने अहम भूमिका निभाई। जबकि सफल छात्रों में आस्था अग्रवाल, त्रिषा, वैष्णवी, विमल मरांडी, अमन श्रैष्ठा, शुभम कुमार, रविंद्र रवानी, नमिता नैतिक, अंजली दे, पूनम साहु, निशा, दिक्षा भारती, हंसपाल शर्मा, रितेश रंजन, आफिया नौसाद, अरहम अरिब, राजीव, सत्यम सिन्हा, सुहानी मिरानीया, नैनसी वर्मा, रॉबीन चंद्रा, सिद्धार्थ, रवि कुमार महतो, तनय तैजस, कानुप्रिया, लक्ष्मी प्रिया, नाद्रा, संध्या कुमारी, नुसरत जहां, आयुशी अग्रवाल, अनु कुमारी मांझी, अक्षरा कुमारी, अक्शानुर, जतिन, साकची, सिद्धांत, राहुल एवं बबलू आदि मौजूद थे।

# मॉल ऑफ रांची बना हुआ है टॉक ऑफ रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हृदयस्थली न्यू मार्केट चौक, रातू रोड के पास आकाशवाणी के सामने मॉल ऑफ रांची का शुभारंभ 29 जुलाई को होने जा रहा है। अपने शुभारंभ के दिन से यह मॉल रांची शहर की रौनक में चार चांद लगा देगा, क्योंकि इस मॉल में देश विदेश की नामी गिरामी ब्रांड्स के शोरूम सुसज्जित होंगे। मॉल ऑफ रांची के डायरेक्टर नीतीश अग्रवाल के अनुसार यह मॉल 2.5 (ढाई) लाख स्क्वायर फीट में अत्याधुनिक भवन निर्माण शैली के अनुसार निर्मित हुआ है। अपनी निर्माण शैली, भव्यता, साज-सज्जा और समुचित प्रबंधन में मॉल ऑफ रांची बेमिसाल होगा। रांची के प्राइम लोकेशन में अवस्थित इस मॉल में देश विदेश के सुप्रसिद्ध ब्रांड्स के शोरूम्स के अलावा मॉर्डन गेम जोन, फूडजोन, 4/4सिनेमा स्क्रींस, लाइफस्टाइल, फैशन शॉप्स इत्यादि आधुनिक जीवन शैली की सभी चीजें मौजूद रहेंगी।




मॉल ऑफ रांची में सुप्रसिद्ध ब्रांड्स जैसे एच एंड एम, एम एंड एस, होम सेंटर, एलिडो, बीएचपीसी, रेयर रैबिट, रेयररिजम, ओनली, वेरोमोडा, जैक और जॉन्स एंड सलेक्टड, हाइडसाइन, एएसआइसीएस एंड नाइक, अन्ता, मीना बाजार, सौंध **खाद्य और पेय :** लार्ड ऑफ ड्रिंक्स, टिकल्ट पिंक, लजीज अपेयर, केएफसी, पिज्जा हट, वो मोमो और वो चाइना, अमृतसरी एक्सप्रेस, वैन्गो एंड मसाला ट्विस्ट के शानदार शोरूम्स मौजूद होंगे।

मॉल ऑफ रांची के 6वां फ्लोर पर ईस्ट इंडिया का सबसे बड़ा और लैटेस्ट गेमिंग जोन, स्टारकेड सेंटर भी झारखंड वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वहीं प्रकाश झा के सिनेमा स्क्रींस पीजेपी सिनेमा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कुछ ऐसे भी ब्रांड्स आने वाले हैं, जो झारखंड में पहली बार मॉल ऑफ रांची में लोगों को लुभायेंगे।

नीतीश अग्रवाल ने आगे बताया कि मॉल ऑफ रांची 8 फ्लोर्स में निर्मित है और टोटली सेंट्रली एयरकंडीशंड है। इसमें लिफ्ट और एक्सक्लेटर का समुचित और सुरक्षित प्रबंध है मॉल ऑफ रांची में।

मॉल में आने वाले लोगों को पार्किंग की समस्या से ना जूझना पड़े, इसके लिए मॉल में 2 फ्लोर्स में पार्किंग का विशेष प्रबंध किया गया है। कुल मिला कर ऐशो आराम से लेकर मॉर्डन लाइफस्टाइल को सुकून देने वाला हरेक संसाधन यहां उपलब्ध होने वाला है। जहां बच्चों से लेकर बुजुर्ग, युवक युवतियों की सुविधाओं और मनोरंजन का काफी ध्यान रखा गया है। साथ ही साथ पब्लिक की सुरक्षा, कन्वेनियेंस, समुचित साफ सफाई, और मॉल के रख रखाव पर प्रबंधकों का विशेष फोकस रहेगा और इस तरह मॉल ऑफ रांची मॉल की दुनियां का माइलस्टोन बनने वाला है।

# श्रीमंदिर में भक्तों के लिए लगेगा महाप्रसाद रेट चार्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** श्रीमंदिर आनंद बाजार श्रृंखला की देखरेख के लिए श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार सुआर, महासुआर नियोग, प्रबंधन समिति के सदस्यों और श्रीमंदिर और पुलिस प्रशासन के 11 सदस्यों वाली एक कोर कमिटी का गठन किया गया है। आनंद बाजार में अणसुआर की पहचान कर के बहार निकलना, भक्तों के लिए महाप्रसाद का रेट चार्ट लगाना, भक्तों के लिए पर्याप्त पेयजल, सुआर महासुआर नियोग ने आनंद बाजार में हेल्प डेस्क स्थापित करने, आनंद बाजार में साफ-सफाई और स्वच्छता पर जोर देने, पलथीन शेड को हटा कर स्थाई शेड की व्यवस्था करने, सुआर महासुआर नियोग द्वारा उत्तरी द्वार पर भक्तों को सूखा और महाप्रसाद उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की है। सुआर महासुआर नियोग के अध्यक्ष और संपादक ने कहा कि सभी मांगें मिलने के बाद गठित कोर कमेटी अगले 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट देगी। इसी आधार पर श्रीमंदिर में आनंद बाजार में आदेश लाया जा सकता है।

# जिंदल स्टील एंड पावर को सीएसआर हेल्थ इंपैक्ट गोल्ड पुरस्कार मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अग्रणी इस्पात निर्माता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को मेगा प्रोजेक्ट श्रेणी में कोविड राहत पहल के लिए सीएसआर हेल्थ इम्पैक्ट गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता को 14 जुलाई 2023 को नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ किरण बेदी से प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ।



पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री होता ने कहा कि कोविड-19 महामारी पूरी मानवता के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय था। जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में, उन कुछ कॉर्पोरेट्स में से एक थी, जिन्होंने चुनौती को कम करने के लिए सरकार और समुदाय के साथ हाथ मिलाये।

लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने से लेकर अस्पतालों में तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति करने तक, हमने महामारी से प्रेरित मानव कठिन परिश्रम से निपटने के लिए सभी प्रयास किये।

# बिजली गिरने से रामेश्वर मंदिर का दधी नऊती टूटा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बिजली गिरने से रामेश्वर मंदिर का ऊपर भाग (दधी नऊती) टूट गया। बता दें कि शनिवार को सुबह से ही राजधानी भुवनेश्वर में भारी बारिश हो रही है। बिजली भी गिर रही है। ऐसे में मौसी मां मंदिर के पास स्थित रामेश्वर मंदिर के ऊपर बिजली गिरने से ऊपर भाग (दधी नऊती) टूट कर मंदिर परिसर में गिरा हुआ पाया गया। सेवादारों के मुताबिक शनिवार सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सेवादार मंदिर के अंदर काम कर रहे थे। अचानक एक जोर की आवाज हुई और रोशनी दिखायी दी। जब हम मंदिर से बाहर आये, तो देखा कि मंदिर की दधी नऊती टूट कर मंदिर परिसर में बिखरा पड़ा है।

## पूर्व मध्य रेल

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यक), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आंमत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | ई–नीलामी सूची | ई–नीलामी सूची सं. | ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण | कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम |
|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v |
| (1) | पार्किंग | पार्किंग–29 | 01.08.2023 13:30 बजे से | राँची रोड में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड |
| | | | | बंधुआ स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड |
| (2) | पब्लिसिटी | पीयूबी–5–23 | 01.08.2023 14.00 बजे से | वस्वाडीह, बरकाकाना, गढवा रोड एवं गढ़वा स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट। |

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या IV में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
पीआर/00743/डीएचएन/वा./एन/23–24/56 मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य)/पूमरे/धनबाद

# किम्स समर्पित बर्न सेंटर शुरू करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग आयुर्विज्ञान संस्थान (किम्स) जलने से संबंधित मामलों की बढ़ती संख्या को दूर करने और उच्च गुणवत्ता वाला उपचार प्रदान करने के लिए एक जलने वाले खंड की स्थापना करेगा। यह घोषणा विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस समारोह के दौरान की गयी थी। इसमें किम्स के प्रमुख प्रो अंबिका प्रसाद महांति, चिकित्सा अधीक्षक प्रो आरसी दास, किम्स सुपर स्पेशियलिटी और कैंसर सेंटर के निदेशक डॉ शक्तिमाया महापात्र, अतिरिक्त प्रो सुभ्रांशु पात्र, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ अश्विनी शर्मा और डॉ हरिबंधु महांति, और प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ सुनील कुमार राउत ने भाग लिया। अस्पताल समाज के सभी वर्गों से आने वाले रोगियों के लाभ के लिए मुफ्त फटे होंठ और फटे तालू की सर्जरी भी प्रदान करेगा। बर्न सेक्शन की स्थापना का उद्देश्य जलने की चोटों के लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार की मांग करने वाले रोगियों की पीड़ा को कम करना है। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो दास ने ओड़िशा और क्षेत्र में प्लास्टिक सर्जरी के मामलों के लिए किम्स की असाधारण सुविधाओं पर प्रकाश डाला।




प्रोफेसर महांति ने प्लास्टिक सर्जरी की ऐतिहासिक उत्पत्ति पर जोर दिया और इसके विकास का श्रेय आधुनिक सर्जरी के जनक कहे जाने वाले महान भारतीय ऋषि सुश्रुत को दिया।

डॉ राउत ने इस बात पर जोर दिया कि किम्स अस्पताल, इसकी सुपर स्पेशलिटी यूनिट और कैंसर सेंटर सभी प्रकार की प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी के मामलों को संभालने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, और एक ही छत के नीचे व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और किफायती सेवाएं प्रदान करने में किट किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की पहल की सराहना की।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com



PERFECT AQUA
Commercial WATER PLANT To purify water
CALL US
9431701163
Perfect service
H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND



# एम्स भुवनेश्वर ने 11वां स्थापना दिवस मनाया

## राष्ट्रीय संस्थान हुआ डिजिटल, इ-ऑफिस सुविधा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अपने पहले दशक की गौरवशाली यात्रा को सफलता पूर्वक पूरा करते हुए एम्स भुवनेश्वर ने शनिवार को अपना 11वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान ने इ-ऑफिस सुविधा शुरू की है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने कहा कि यह सुविधा प्रशासनिक प्रक्रिया को तेज बनायेगी और स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लायेगी।

डॉ बिश्वास ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन के आदेश को पूरा करने के प्रयास में एम्स भुवनेश्वर ने अधिक उत्पादकता के साथ-साथ चीजों की त्वरित डिलीवरी लाने के लिए ई-ऑफिस शुरू किया है। उन्होंने बताया कि एम्स धर्मशाला ने आज से काम करना शुरू कर दिया है। किसी भी मरीज या उसके परिचारक को आवास की आवश्यकता है, तो उसे धर्मशाला रिसेप्शन या चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। धर्मशाला को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह कार्यात्मक किया जायेगा। डॉ बिश्वास ने बताया कि सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक मरीजों के लिए संबंधित इलाज करने वाले डॉक्टरों को अनुरोध फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होगा। मुख्य अतिथि के रूप में स्थापना दिवस भाषण देते हुए एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो गोपाल कृष्ण पाल ने सांस लेने की कला के संबंध में गहरी वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राणायाम का अभ्यास करने पर जोर दिया। डॉ पाल ने एम्स भुवनेश्वर को एनआइआरएफ में 17वीं और इंडिया टुडे रैंकिंग में 18वीं रैंक हासिल करने के लिए बधाई दी।



एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक निदेशक प्रो अशोक कुमार महापात्रा ने मानव जीवन में आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। एम्स भुवनेश्वर के अध्यक्ष प्रो अक्षय कुमार बिसोई ने कहा कि चाहे वह रोगी की देखभाल हो, अनुसंधान हो या अन्य सामाजिक कल्याण गतिविधियां हों, संस्थान ने कई प्रशंसाएं अर्जित की हैं। ओड़िशा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोगों का दिल जीता है।

समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने दुर्भाग्यपूर्ण बहनागा ट्रेन त्रासदी के 162 शवों के प्रबंधन में एम्स भुवनेश्वर के प्रयास की सराहना की। अन्य लोगों में, डीइएएन डॉ पीआर महापात्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीडीए (प्रभारी) रस्मी रंजन सेठी ने भी राष्ट्रीय संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि एम्स भुवनेश्वर पहले ही किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक शुरू कर चुका है। संस्थान जल्द ही लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने जा रहा है। स्वास्थ्य विज्ञान में अधिक शोध के लिए एम्स भुवनेश्वर ने आइआइटी भुवनेश्वर, एसवीएनआइआरटीएआर, सीसीआरएच और सीसीआरएएस जैसे प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इससे पहले दिन में गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व प्रधानमंत्री और एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ श्वेता सिंह द्वारा संचालित इस समारोह में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 15 जुलाई 2003 को एम्स भुवनेश्वर की आधारशिला रखी थी और संस्थान ने 2012 में काम करना शुरू किया था। अस्पताल का उद्घाटन 2014 में हुआ था।

MSME
JAS-ANZ
IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**